तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 73,847.15 निफ्टी 22,399.15
सोना 91,025 चांदी 93,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 8 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 11 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## ट्रम्प ने दवाओं पर टैरिफ लगाने का किया ऐलान

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## मैक्सवेल पर लगा मैच फीस का 25% जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# फ्रांस से 26 राफेल लड़ाकू विमान खरीदेगा भारत

## 63 हजार करोड़ की डील को सरकार की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नौसेना को अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों से लैस करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने फ्रांस से 63 हजार करोड़ रुपये की लागत से 26 मरीन राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सरकार ने मंगलवार को इन विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

इन लड़ाकू विमानों के मिलने के बाद नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। अभी वायुसेना के बेड़े में 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। सरकार से सरकार के बीच होने वाली इस खरीद को नौसेना के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस सौदे को लेकर भारत और फ्रांस के बीच करीब दो वर्ष से बात चल रही थी। सूत्रों ने बताया कि इस अनुबंध पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की संभावना है और विमानों की आपूर्ति में चार से पांच वर्ष का समय लग सकता है। अनुबंध के पैकेज में

### नौसेना की मारक क्षमता में कई गुना होगा इजाफा

विमानों का रख रखाव, प्रशिक्षण और कलपुर्जों का देश में ही निर्माण भी शामिल है। कुल 26 विमानों में से 22 एक सीट वाले और चार दो सीट वाले होंगे। चार-पांच वर्ष बाद जब इन विमानों को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा, तो इनकी तैनाती स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर की जाएगी। अभी भारतीय नौसेना के पास मिग-29 के लड़ाकू विमानों का बेड़ा है।



## सिंचाई को नया तंत्र होगा विकसित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1600 करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप-योजना के तौर पर कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी है। बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य मौजूदा नहरों या अन्य स्रोतों से निश्चित क्षेत्रों में सिंचाई जल की आपूर्ति के लिए सिंचाई जल आपूर्ति तंत्र का आधुनिकीकरण करना है।

इससे खेतों तक सिंचाई का नई तंत्र विकसित होगा।

## तिरुपति काटपाड़ी रेलखंड के दोहरीकरण को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में काटपाड़ी से तिरुपति तक 104 किलोमीटर की रेल लाइन के दोहरीकरण किए जाने को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बुधवार को यहां हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बैठक में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला- काटपाड़ी एकल रेलवे लाइन खंड के दोहरीकरण करने की मंजूरी दी गई। श्री वैष्णव ने कहा कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में सुधार होगा, भारतीय रेलवे के लिए बढ़ी हुई दक्षता और सेवा विश्वसनीयता प्रदान होगी।

# ममता सख्त: बंगाल में लागू नहीं होगा वक्फ कानून

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी।

ममता कोलकाता में जैन समाज के कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कुछ लोग पूछते हैं कि मैं हर धर्म के स्थानों पर क्यों जाती हूं। मैं पूरी जिंदगी जाऊंगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा। जियो और जीने दो यही हमारा रास्ता है। इस बयान पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता फर्जी



- **बोलीं- गोली मार दो पर धर्म के नाम पर बंटवारा मंजूर नहीं**
- **बीजेपी ने कहा: फर्जी हिंदू**

हिंदू हैं, अपनी भाषा और आचरण से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की दुकानों पर तोड़फोड़ की गई, पुलिस पर हमला किया गया। फिर भी ममता चुप हैं।

## राम रहीम को मिला 21 दिन का फरलो जेल से रिहा

**चंडीगढ़।** साध्वी यौन शोषण एवं पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के मामले में 20 वर्ष की कैद की सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को बुधवार को 21 दिन के फरलो पर रोहतक की सुनारिया जेल से रिहा कर दिया गया। हरियाणा सरकार ने पिछले सात वर्षों में 14वीं बार डेरा प्रमुख का पैरोल/फरलो मंजूर किया है, जिसमें से अधिकांश किसी न किसी चुनाव के आसपास किए गए हैं। पिछली बार दिल्ली विधानसभा चुनाव से एक सप्ताह पहले राम रहीम को 30 दिन के पैरोल पर रिहा किया गया था। उससे पहले पिछले साल लोकसभा चुनाव, हरियाणा विधानसभा चुनाव के मौकों समेत राम रहीम को पैरोल/फरलो पर जेल से रिहा किया गया था।

## त्रिपुरा के लिए छह और एकलव्य विद्यालयों को मंजूरी

**अगरतला।** जनजातीय कल्याण मंत्रालय ने त्रिपुरा के लिए छह नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) को मंजूरी दी है। राज्य के जनजातीय मामलों के मंत्री विकाश देव वर्मा ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। मीडिया से बात करते हुए देव वर्मा ने कहा कि राज्य के ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए सोमवार को दिल्ली में जनजातीय कल्याण मंत्रालय के सचिव विभु नायर के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद नए ईएमआरएस की स्थापना को मंजूरी दी गई।

## बैसाखी व खालसा दिवस मनाने 253 श्रद्धालु पाक रवाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी से 253 श्रद्धालुओं के जत्थे को बैसाखी और खालसा दिवस मनाने के लिए पाकिस्तान रवाना किया। गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से अरदास करने के बाद जत्था रवाना किया गया। यह पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन करने के बाद वापस लौटेगा। इस अवसर पर दिल्ली समिति सलाहकार परमजीत सिंह चढ़ोक ने सभी श्रद्धालुओं का सम्मान किया। समिति के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलो भी मौजूद रहे।

## भारत अमेरिकी शुल्क के प्रभावों पर कर रहा अध्ययन

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी शुल्क को लेकर निर्यातकों और अन्य सभी पक्षकारों से इससे पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन कर रहा है और इसी के आधार पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते को निष्कर्ष पर पहुंचाना चाहता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी शुल्क को लेकर कुछ सवालों के जवाब में कहा कि अमेरिका की शुल्क लगाने संबंधी घोषणा के बाद एक विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है।

# तहव्वुर राणा अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित

## 26/11 हमले में मुख्य साजिशकर्ता है तहव्वुर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता पाकिस्तानी तहव्वुर राणा को न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही के लिए अमेरिका से प्रत्यर्पित कर बुधवार को भारत के लिए रवाना किया गया।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार राणा को एक विशेष विमान से भारत के लिए रवाना कर दिया गया है। राणा को लेकर आ रहे विमान के भारतीय समयानुसार बुधवार देर रात यहां पहुंचने की संभावना है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उसका विमान भारत में कहां उतारा जाएगा और राणा को किस स्थान पर रखा जाएगा। इससे पहले अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने खुद को भारतीय अधिकारियों को सौंपे जाने का विरोध किया था। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स की अदालत ने इस याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद उसे भारत की एनआईएको सौंपने का रास्ता साफ हो गया था। राणा ने प्रत्यर्पण की कार्रवाई के विरुद्ध 13 फरवरी को दायर याचिका में कहा था कि उसके खिलाफ अमेरिका में सभी



**अमेरिका से स्पेशल फ्लाइट रवाना, देर रात तक लैंड होगी, एनआईए अपनी कस्टडी में रखेगी**

अपीलों पर अदालती कार्यवाही पूरी होने तक उसे भारत को न सौंपा जाए। उसने तर्क दिया कि उसे भारत को प्रत्यर्पित किया जाना अमेरिकी कानून और संयुक्त राष्ट्र की यातना विरोधी संधि का उल्लंघन है। राणा का कहना था कि उसे भारत में यातनाएं दी जा सकती हैं। अमेरिकी शीर्ष अदालत द्वारा सोमवार को भारत को उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी याचिका को खारिज कर दिए जाने के बाद उसे भारत भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। प्रत्यर्पण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत से एक मल्टी-एजेंसी टीम अमेरिका गई थी और उसने अमेरिकी अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में मदद की। रिपोर्टों के अनुसार, 64 वर्षीय पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा, पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकी समूह, लश्कर-ए- तैयबा से जुड़ा था। राणा लॉस एंजिल्स में अमेरिकी मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में 14 साल तक कैद रहा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार 2023 में भारत को उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी, लेकिन उसने शीर्ष अदालत में बार-बार प्रत्यर्पण रोकने के लिए याचिकाएं दायर कीं थीं, पर उसे आखिरकार सफलता नहीं मिली।

# बैंकों से मिलने वाला कर्ज होगा सस्ता!

## RBI ने दूसरी बार रेपो रेट घटाकर 6% किया, लोन सस्ते होने से EMI होगी कम

मुंबई, वार्ता

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने महंगाई के जोखिम के कम होने और आर्थिक गतिविधियों को सुस्ती से उबारकर तीव्र गति देने के उद्देश्य से बुधवार को नीतिगत दरों में लगातार दूसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया, जिससे घर, कार और अन्य तरह के ऋण की किस्तों में कमी आने की उम्मीद लगाए लोगों को बड़ी राहत मिली है।

एमपीसी ने फरवरी 2025 की बैठक में भी नीतिगत दरों में एक चौथाई प्रतिशत की कटौती की थी। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक तीन दिवसीय बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई और सुस्त अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपनी मौद्रिक नीति के रुख को 'तटस्थ' से 'समायोज्य' में बदल दिया है। वर्तमान और विकसित हो रही व्यापक आर्थिक स्थिति का आकलन करने के बाद एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंक घटाकर 6 प्रतिशत करने के लिए मतदान किया। इससे चल निधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.75 प्रतिशत और सीमांत स्थाई सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर 6.25 प्रतिशत पर समायोजित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई के लिए मध्यम अवधि के लक्ष्य को चार प्रतिशत के भीतर रखने के उद्देश्य के अनुरूप है, जबकि विकास को समर्थन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि

**किस्तों में कमी आने की उम्मीद लगाए लोगों को मिली बड़ी राहत**



जनवरी-फरवरी 2025 के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति में कमी आई। खाद्य मुद्रास्फीति में तीव्र सुधार के बाद खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निर्णायक रूप से सकारात्मक हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### अब एनपीसीआई करेगा यूपीआई लेनदेन की सीमा में बदलाव

**मुंबई।** आरबीआई ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के लगातार बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए लेनदेन की सीमा को अधिक लचीला बनाने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाया और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) को यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की सीमा को बदलने का अधिकार दे दिया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि एनपीसीआई को अधिकार दिया गया है कि वह बैंकों और अन्य हितधारकों से परामर्श कर नई परिस्थितियों के अनुसार यूपीआई लेनदेन सीमाओं में संशोधन कर सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यूपीआई पर व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) लेनदेन की अधिकतम सीमा एक लाख रुपये है। हालांकि कुछ विशेष पी2एम मामलों में यह सीमा दो लाख रुपये और पांच लाख रुपये तक जाती है।

### सोने के जेवर पर ऋण देने के नियम सबके लिए होंगे समान



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने के आभूषणों और गहनों के बदले दिए जाने वाले ऋणों को लेकर मौजूदा नियमों की समीक्षा करते हुए नए मसौदा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि सोने के आभूषणों और गहनों के बदले दिए जाने वाले ऋणों को लेकर मौजूदा नियमों की समीक्षा की गई और नए मसौदा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन ऋणों का उपयोग आम तौर पर उपभोग और आय सृजन दोनों उद्देश्यों के लिए किया जाता है। श्री मल्होत्रा ने बताया कि इस क्षेत्र में अब तक विभिन्न प्रकार के विनियमित संस्थानों (आरई) जैसे बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और सहकारी संस्थानों के लिए अलग-अलग नियम लागू होते थे। इससे नियमों में असंगति देखी जा रही थी। अब इन सभी संस्थाओं के लिए नीति और व्यापक नियम लाने का निर्णय लिया गया है। गवर्नर ने बताया कि इसके तहत विभिन्न प्रकार की वित्तीय संस्थाओं के लिए एकसमान नियामकीय ढांचा तैयार किया जाएगा। प्रत्येक संस्था की जोखिम वहन करने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए नियम बनाए जाएंगे।

# बिहार में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में भीषण गर्मी के बीच बिहार में बिजली गिरने से 3 जिलों में 10 लोगों की मौत हो गई है। बुधवार को 4 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट और 27 जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

असम और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का क्षेत्र के कारण बिहार तक नमी युक्त हवाएं आ रही हैं, जिनसे उत्तर-पूर्व के इलाकों में मौसम बदला है। इधर, देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में अप्रैल के

- **दिल्ली में 15 साल बाद अप्रैल में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा**

पहले हफ्ते से ही लू का असर तेज होता जा रहा है। राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा और पंजाब के कई हिस्से हीटवेव की चपेट में हैं। मध्य प्रदेश के 30 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। दिल्ली में 15 साल बाद अप्रैल में तापमान 40 डिग्री के पार गया है। कई इलाकों में हीटवेव के हालात हैं।

# भारत की प्रगति से दूसरों की प्रगति के रास्ते खुलते हैं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत परस्पर सहयोग के दर्शन के साथ कार्य करता है और अपने विकास के साथ दूसरों के विकास के द्वार भी खोलता है। इसी कारण भारत के प्रति दुनिया का विश्वास आज और मजबूत हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत कि यह विशेषता है कि इस देश की प्रगति से दूसरों की भी प्रगति के रास्ते खुलते हैं। वह राजधानी में जैन धर्मावलम्बियों के 'नवकार महामंत्र दिवस' को संबोधित कर रहे थे। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जैन धर्म की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का संचालन करने में



- **कहा : भारत के प्रति दुनिया का विश्वास आज और मजबूत हुआ**

सुंदरता की व्याख्या करते हुए पानी की बचत, और स्वच्छता जैसे नौ संकल्प कराए। नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इसमें जैन धर्म में सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र- नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों की एकजुटता की प्रार्थना की जाती है। उन्होंने कहा कि आज भारत पर दुनिया का विश्वास और भी गहरा हो रहा है। हमारे प्रयास, हमारे परिणाम, अपने आप में अब प्रेरणा बन रहे हैं। वैश्विक संस्थाएं भारत की ओर देख रही हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि भारत आगे बढ़ा है। और जब हम आगे बढ़ते हैं, ये भारत की विशेषता है, जब भारत आगे बढ़ता है, तो दूसरों के लिए रास्ते खुलते हैं। यही तो जैन धर्म की भावना है। 'परस्परोपग्रह जीवानाम!' के दर्शन का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जीवन आपसी सहयोग से ही चलता है।

## चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान: एडीबी

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने उच्च घरेलू मांग, बढ़ती ग्रामीण आय, एक मजबूत सेवा क्षेत्र और नरम मुद्रास्फीति के बल पर उपभोक्ता विश्वास बढ़ाने से चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का बुधवार को अनुमान जताया। एडीबी द्वारा बुधवार को जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) अप्रैल 2025 के अनुसार, अनुकूल मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों से विकास की गति को बनाए रखने की उम्मीद है और अगले वित्त वर्ष में जीडीपी में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। भारत के लिए एडीबी के कंट्री डायरेक्टर मियो ओका ने कहा कि भारत वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद लचीला विकास दिखा रहा है, जो भारत सरकार के बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से प्रेरित है।


# विश्व को 'टैरिफ युद्ध' की तरफ धकेलता अमेरिका

अबूबकर शिब्ली

**भारत सहित कई देशों पर भारी भरकम टैरिफ थोपे जाने से वैश्विक व्यापार श्रृंखला के बाधित होने का खतरा मंडराया**

**सहारनपुर।** वैश्वीकरण के दौर में अमेरिका द्वारा भारत सहित कई देशों पर भारी भरकम टैरिफ थोपे जाने से वैश्विक व्यापार श्रृंखला के बाधित होने का खतरा मंडराने लगा है।

अर्थशास्त्री अमेरिका के इस कदम को संरक्षणवाद को बढ़ावा देने वाला करार दे रहे हैं। जो विश्व को एक नए व्यापार युद्ध में धकेल देने की क्षमता रखता है। जबकि अमेरिकी अधिकारियों ने इसे दीर्घकाल में विश्व अर्थव्यवस्था के लिए सुखद परिणाम देने वाला प्रयास बताया है। इन सबके बीच अमेरिका के इस कदम का विशेष तौर पर भारत पर क्या प्रभाव पड़ेगा, अर्थशास्त्री इसका विश्लेषण करने में जुटे हैं। बीती 3 अप्रैल को अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने चीन, यूरोपीय आयोग, ताइवान, जापान, भारत सहित अनेक मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देशों पर टैरिफ लागू करने की घोषणा की थी। इसमें भारत पर 26 फीसदी का टैरिफ लगाया गया है, जो भारत की निर्यात अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी बाधा उत्पन्न कर सकता है। क्योंकि आर्थिक जानकारों का मानना है कि ट्रंप



के 'टैरिफ अटैक' का पूरी दुनिया पर प्रभाव पड़ सकता है और भारत भी इसका अपवाद नहीं है। हालांकि सुखद पहलू यह है कि भारत पर इसका प्रभाव व्यापक नहीं बल्कि सीमित व अल्पकालिक होगा। क्योंकि भारत एक निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था न होकर आयात आधारित अर्थव्यवस्था है। भारत के पास स्वयं का बाजार उपलब्ध है। जो पर्याप्त मांग उत्पन्न करने के लिए सक्षम है। बस सरकार को मांग सृजित करने के लिए प्रोत्साहन उपाय करने होंगे। गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के टैरिफ का भारत की जीडीपी पर 0.1% से 0.6% तक असर पड़ सकता है। साथ की भारत की घरेलू गतिविधियों को बढ़ाने के लिए भी इसका असर सीमित होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप के टैरिफ से ग्लोबल मार्केट में उथल-पुथल के बीच भारत द्वारा निर्यातित सामान के मूल्यों में वृद्धि हो सकती है। जिससे घरेलू बाजार को महंगाई का झटका मिल सकता है। इससे आर्थिक विकास की गति तो धीमी होगी ही, साथ ही संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्र इससे प्रभावित हो सकते हैं। भारतीय शेयर बाजार फिलहाल काफी नीचे चल रहा है। लेकिन ट्रंप के टैरिफ की वजह से इसके और भी नीचे जाने की संभावना जताई जा रही है। टैरिफ की घोषणा के बाद से ही सेंसेक्स और निफ्टी दम तोड़ता दिख रहा -शेष पृष्ठ दो पर

# इजरायली हमले में फलस्तीनी पत्रकार की जलकर मौत

गाजा, वार्ता

**दक्षिणी गाजा** के खान यूनिस में इजरायल के हवाई हमले में एक फलस्तीनी पत्रकार अहमद मंसूर की जलने से मौत हो गई। इस हमले में कुल दो पत्रकार मारे गए, जबकि 8 घायल हुए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में फलस्तीन टुडे के रिपोर्टर मंसूर आग की लपटों के बीच चीखते और छटपटाते नजर आए।

लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वो नाकाम रहे। पत्रकार अहमद मंसूर को बचाने के लिए लोगों ने पानी

- **आग की लपटों से घिरे चीखते रहे मंसूर**
- **जंग में अब तक 170 मीडियाकर्मी मारे गए**

छिड़ककर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन यह नाकाफी साबित हुई। इजरायली सेना ने हमले की पुष्टि करते हुए दावा किया कि उसने पत्रकार हसन एल्स्लेएह को निशाना बनाया था। हसन पर आरोप है कि वह 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमलों में शामिल था। हमले में एल्स्लेएह घायल हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुसलमान डरता नहीं गोलियां कम पड़ जाएंगी: रहमानी

**मालेगांव।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना उमरैन महफूज रहमानी ने कहा है कि मुसलमान किसी से नहीं डरता। हम वक्फ कानून का विरोध करते रहेंगे, चाहे हमें गोलियां खानी पड़े, गोलियां कम पड़ जाएंगी, लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे। वह महाराष्ट्र के मालेगांव स्थित मस्जिद में बुधवार आयोजित बैठक में संबोधन दे रहे थे। यह बैठक ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड की तरफ से बुलाई गई थी, जिसमें मुस्लिम मौलानाओं ने हिस्सा लिया और इस कानून का जोरदार विरोध किया। बैठक में शिरकत करने वालों ने कहा कि हम इस तरह के किसी भी कानून को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं, जिससे वक्फ की संपत्ति को नुकसान पहुंचे।

### फतेहपुर की घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो: मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में किसान परिवार के तीन सदस्यों की हत्या को कानून व्यवस्था की कमजोरी बताते हुए बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा कि सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए। सुश्री मायावती ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया कि यूपी में आए दिन हर छोटी-छोटी बात पर लोगों का शोषण व उत्पीड़न आदि हो रहा है, जिसके तहत अभी हाल ही में जिला फतेहपुर के एक ही किसान परिवार के 3 क्षत्रिय/ठाकुरों की व एक दलित व्यक्ति की भी हत्या कर दी गई है, जिससे लोगों में वहां काफी दहशत व्याप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त क़ानूनी कार्रवाई करके वहां पीड़ित परिवार को समय से न्याय दे तथा कानून-व्यवस्था को भी सुधारने पर विशेष ध्यान दे।

### ट्रक की चपेट में आकर चार मरे

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के नैनी क्षेत्र में बुधवार भोर ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नए यमुना पुल के पास निर्माणाधीन रेलवे पावर हाउस पर गिट्टी से लदा ट्रक भोर में निर्माण स्थल पर पहुंचा था। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के कपारी गांव निवासी मजदूर छोटेलाल (45) और उसके तीन बच्चे सागर (14) संगम (10) और बेटी शबनम (13) निर्माणाधीन बिलल्डग में मजदूरी कर रहे थे और रात में वहीं पास में सो गए थे। ट्रक ने बैक करते समय तीनों को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर खड़ा कर लिया है। ट्रक मालिक को थाने पर बुलाया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### रालोद नेताओं ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे और विधायक अशरफ अली ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल व प्रदेश महासचिव ठाकुर बलराम सिंह भी उपस्थित रहे।

# रेपो दर में कटौती रियल एस्टेट को गति देने वाली

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लगातार दूसरी बार नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में बुधवार को गई 0.25 प्रतिशत की कटौती का रियल एस्टेट उद्योग ने स्वागत करते हुए कहा कि केन्द्रीय बैंक का यह कदम घर की चाहत रखने वालों को किफायती दरों पर ऋण उपलब्ध कराने में मददगार होगा और उद्योग को गति देने का काम करेगा।

नरेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू कहा कि आरबीआई द्वारा रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती एक उदार रुख है, जो रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देगा। कम ब्याज दरें होम लोन को किफायती बनाएंगी, जिससे सभी श्रेणियों में आवास की मांग बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप आवासीय बिक्री में वृद्धि, बाजार में बेहतर तरलता रहेगी और अनबिकी इन्वेंट्री में धीरे-धीरे कमी आएगी। यह डेवलपर्स को नए प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा, खासकर किफायती आवास में। उधार लेने की लागत में कमी के साथ, अधिक महत्वाकांक्षी घर खरीदार बाजार में प्रवेश कर सकते हैं, जो इस क्षेत्र में मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक रियल एस्टेट को भी लाभ होगा, क्योंकि आसान वित्तपोषण व्यवसायों को कार्यालय और खुदरा स्थानों में विस्तार और निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।

कुल मिलाकर, आरबीआई का निर्णय एक मजबूत विकास दृष्टिकोण को दर्शाता है और रियल एस्टेट भावना को बहुत जरूरी बढ़ावा देता है। मोरेस की मुख्य परिचालन अधिकारी श्वेता मित्तल ने कहा कि रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती भारतीय रिज़र्व बैंक का ऐसा कदम है जो आर्थिक गतिविधियों को गति देने और रियल एस्टेट सेक्टर को राहत पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। टियर-2 और टियर-3 शहरों में किफायती व मिड-सेगमेंट हाउसिंग की बढ़ती मांग को देखते हुए, यह निर्णय समयानुकूल है। इससे न केवल खरीदारों की सोच में सकारात्मकता आएगी, बल्कि होम लोन की सुलभता भी बढ़ेगी, जिससे खरीद निर्णय टाल रहे उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। मनासुम सीनियर लिविंग के सह संस्थापक अनंतराम वरयूर ने कहा कि केन्द्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती और समायोजनात्मक रुख अपनाना रियल एस्टेट उद्योग के लिए काफी सकारात्मक प्रयास है, खासकर वरिष्ठ नागरिकों की परियोजनाओं के लिए। कम ब्याज दरों के साथ, हम वरिष्ठ नागरिकों के रहने वाले अपार्टमेंट सहित आवास की मांग में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

### आलू को प्रोत्साहन देने की तैयारी में उप्र सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आलू को प्रोत्साहन देने की मुकम्मल तैयारी की है। आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू अनुसंधान केंद्र और सहारनपुर एवं कुशीनगर में खुलने वाले एक्सीलेंस सेंटर इसका जरिया बनेंगे। आलू के उत्पादन के मामले में उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन है। देश की कुल उपज का एक तिहाई से अधिक करीब (35 फीसद) यूपी में पैदा होता है। उपज भी देश की प्रति हेक्टेयर औसत से अधिक करीब 23 से 25 टन है। उपज और बढ़ने की पूरी संभावना है। इसमें दिक्कत बस आलू के क्षेत्र में प्रदेश के कृषि जलवायु क्षेत्र के अनुसार शोध और नवाचार की कमी और जो शोध हो रहे हैं। उनको किसानों तक पहुंच. ाने की रही है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आलू अनुसंधान केंद्र शिमला (हिमाचल) में है। इसके सिर्फ दो रीजनल केंद्र मेरठ एवं पटना में हैं। लिहाजा इनके जरिए इस क्षेत्र में होने वाले शोध और नवाचार को लैब से लैंड तक पहुंचने में दिक्कत होती है।

# उत्तर प्रदेश जैन तीर्थंकरों की पवित्र भूमि: सीएम योगी

लखनऊ, वार्ता



**अयोध्या में पांच तीर्थंकरों ने लिया था जन्म**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती जैन तीर्थंकरों की पावन भूमि रही है। अयोध्या में भगवान ऋषभदेव का जन्म हुआ, जो अयोध्या के राजा थे। अयोध्या में ही 5 तीर्थंकरों ने जन्म लिया। वहीं काशी की धरती पर भी तीर्थंकर का जन्म हुआ है। हमारे तीर्थंकरों ने यहीं से धर्म और साधना की परंपरा को आगे बढ़ाया।

संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर में 'विश्व नमोकार महामंत्र दिवस' के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिए गए प्रेरणादायक संद. ेश का भी उल्लेख किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यवहारिक जीवन में नमोकार महामंत्र को उतारने के लिए 9 संकल्प बताए हैं, जिन्हें हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं भी दीं और जैन धर्म की अहिंसा और परोपकार की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने नमोकार महामंत्र के महत्व को बताते हुए कहा कि यह महामंत्र भौतिक, दैवीय और आध्यात्मिक तीनों प्रकार के दुखों से मुक्ति दिलाने का साधन है। साधना, आत्मशुद्धि और लोक कल्याण की भावना से जुड़कर व्यक्ति न केवल स्वयं का कल्याण करता है, बल्कि समाज और दुनिया के लिए भी प्रेरणा बनता है। योगी ने कहा कि सभी 24 तीर्थंकरों का जीवन लोककल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने अपने उपदेशों और साधना के माध्यम से जीवन जीने की एक उच्च परंपरा स्थापित की। जैन धर्म की ए शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। हर भारतीय को उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

# निजीकरण के विरोध में सड़क पर उतरे बिजली कर्मचारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- हजारों की संख्या में हाईडिल फील्ड हॉस्टल में एकत्र हुए

**लखनऊ।** निजीकरण का विरोध कर रहे बिजली कर्मचारियों ने बुधवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक विशाल रैली के जरिए अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया।

हजारों की संख्या में बिजली कर्मचारी हाईडिल फील्ड हॉस्टल में एकत्र हुए और रैली की शक्ल में दोपहर साढ़े 12 बजे दैनिक जागरण चौराहा, सिकन्दरबाग चौराहा, अशोक मार्ग, इन्दिरा भवन, जवाहर भवन, शक्तिभवन होते हुए मीराबाई मार्ग के रास्ते वापस फील्ड हॉस्टल तक आए, जहां आयोजित विशाल सभा में कर्मचारी नेताओं ने सर्वसम्मति निजीकरण के विरोध में आन्दोलन का निर्णय लिया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में निर्णायक आन्दोलन का ऐलान किया। रैली के बाद आम सभा में प्रस्ताव पारित कर 29 मई से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार आन्दोलन का निर्णय लिया गया। इसके पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, एक मई को बाईक रैली निकाली जाएगी, दो से नौ मई तक क्रमिक अनशन होगा, 14 मई से 19 मई तक नियमानुसार कार्य आन्दोलन होगा, 20 मई को व्यापक विरोध प्रदर्शन होगा और 21 मई से 28 मई तक तीन घंटे का कार्य बहिष्कार होगा। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एण्ड इंजीनियर्स की कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने रैली को सम्बोधित किया। ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे, सेक्रेटरी जनरल पी. रत्नाकर राव, ऑल इण्डिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज के सेक्रेटरी जनरल मोहन शर्मा, ऑल इण्डिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ इण्डिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्त, उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा तथा ऑल इण्डिया पॉवर मेन्स फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आर के पराशर, राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, अटेवा के अध्यक्ष विजय बन्धु, राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजी. नियर्स संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार ने मुख्यतया रैली को सम्बोधित किया।

## आरएसएस क्रिश्चियंस पर आक्रमण करेगा: कांग्रेस

# वक्फ बिल संविधान पर हमला: राहुल गांधी

अहमदाबाद, वार्ता

गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन हो रहा है। यह दो दिन (8 और 9 अप्रैल) का है। राहुल गांधी बोले- कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोस में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है।

आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए। बांग्लादेश भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती। इससे पहले मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। आज दूसरे दिन साबरमती रिवरफ्रंट पर मुख्य अधिवेशन हो रहा है, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल मौजूद हैं, लेकिन प्रियंका गांधी नहीं पहुंची।



- कांग्रेस के अधिवेशन में दूसरे दिन 1700 से अधिक प्रतिनिधियों ने लिया भाग
- बांग्लादेश के बयान पर पीएम मोदी चुप क्यों?

### चुनाव बैलेट पेपर से हो, ईवीएम से नहीं

खड़गे ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे उन्हें फायदा हो और विपक्ष को नुकसान। उनका सुझाव है कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव भी धोखे से जीता। महाराष्ट्र में 150 सीटों पर लड़कर 138 पर जीत हासिल की गई, जो 90 प्रतिशत जीत है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा। खड़गे ने आगे कहा- सब कुछ पता लगा लिया जाएगा, क्योंकि चोर चोरी करता है और आज नहीं तो कल पकड़ा जाएगा। नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं अधिवेशन के दूसरे दिन की शुरुआत झंडावंदन के साथ हुई। इसके बाद पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### सामाजिक असमानता बढ़ा रही है मोदी सरकार: खड़गे



**अहमदाबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि देश में तानाशाही चल रही है तथा कुछ उद्योगपतियों को देश की संपत्ति सौंपी जा रही है, जिससे अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ रही है। श्री खड़गे ने यहां कांग्रेस अधिवेशन के आखिरी दिन बुधवार को देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में आम लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है, विपक्षियों को सताया जा रहा है, दलितों के प्रवेश से मंदिरों को गंगाजल छिड़क कर पवित्र किया जा रहा है और आम लोगों को जिस तरह से परेशान किया जा रहा है, उसे माफ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का कहना है कि समाज में सबसे बड़ी दिक्कत शिक्षा व्यवस्था की है। इसे बदलने की सख्त जरूरत है ताकि गरीब और दलित का बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे और उसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने का हक मिले। आदिवासियों को देश का मूल निवासी बताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग इन्हें वनवासी कह रहे हैं और नया शब्द देकर उन्हें किनारे करने का प्रयास कर रहे हैं।

### कांग्रेस अधिवेशन में सबको न्याय देने वाला 'न्यायपथ प्रस्ताव' ध्वनिमत से पारित

**अहमदाबाद।** कांग्रेस अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से लिए जनप्रतिनिधियों ने पार्टी के न्यायपथ प्रस्ताव को व्यापक चर्चा के बाद बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

न्यायपथ प्रस्ताव कांग्रेस के युवा नेता सचिन पायलट ने रखा तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने इसका अनुमोदन किया। पार्टी की युवा नेता तथा बनासकांठा की लोकसभा सदस्य गेनीबेन ठाकोर ने प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत की और कहा कि कांग्रेस समानता की पक्षधर रही है और समानता के लिए ही काम करती रहेगी। भाजपा की बांटने वाली नीति से देश मुक्त होना चाहता है और अब भारत जोड़ो की तरफ कांग्रेस ही अब देश को आगे बढ़ा सकती है। पार्टी के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि वह कांग्रेस के सिपाही हैं और कांग्रेस के साथ न्याय पथ पर चलने के लिए संकल्पित है और यही हमारा समर्पण और संघर्ष है। कांग्रेस देश को जोड़ने का काम करती है, लेकिन भाजपा नफरत की बुनियाद पर देश में तोड़ने का काम करती है, इसलिए उनकी नफरत को मिटाने के लिए और उनकी नफरत से देश को बचाने के लिए सबको एकजुट होने की जरूरत है और यह काम राहुल गांधी की दक्षिण से उत्तर और पूरब से पश्चिम की भारत जोड़ो यात्रा से मिलता है।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

# रेपो दर घटने के बावजूद बाजार में गिरावट

मुंबई, वार्ता



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में लगातार दूसरी बार कटौती करने और मौद्रिक नीति का रुख 'तटस्थ' से 'समर्थनात्मक' करने के बावजूद वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने से घबराए निवेशकों की आईटी, रियल्टी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत 18 समूहों में हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार गिर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 379.93 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 73,847.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 136.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत लुढ़ककर 22399.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हावी रही, जिससे मिडकैप 0.73 प्रतिशत टूटकर 39,546.54 अंक और स्मॉलकैप 1.08 प्रतिशत कमजा. ेर रहकर 44,446.07 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4030 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2356 में गिरावट जबकि 1532 में तेजी रही, वहीं 142 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखे गए कुल 2909 कंपनियों के शेयरों में से 1747 में बिकवाली जबकि 1083 में लिवाली हुई, वहीं 79 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लागू होने की संभावना ने वैश्विक वित्तीय बाजारों में भारी उथल-पुथल मचा दी है। हालात इतने खराब हैं कि विश्लेषक इसे 'सड़कों पर खून बहने' जैसी स्थिति बता रहे हैं। अनिश्चितता का माहौल सर्वोच्च है और यह कहना कठिन है कि वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था इस अराजकता से कैसे बाहर निकलेंगे। हालांकि इस गिरावट को अवसर में बदलने वाले निवेशकों के लिए यह समय अनुकूल हो सकता है बशर्ते वे लंबी अवधि की सोच रखते हों और उतार.चढ़ाव का सामना करने को तैयार हों। इस अस्थिरता के बीच दो बातें स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई हैं। भारत दुनिया की उन गिनी-चुनी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से है, जो इस 'ट्रंप टैरिफ झटके' से सबसे कम प्रभावित होंगी। घरेलू उपभोग आधारित भारत की अर्थव्यवस्था में वह लचीलापन है, जो वैश्विक झटकों को काफी हद तक झेल सकती है। आज आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई है।

### बैंकों के फंसे कर्जों के समाधान के लिए मसौदा दिशा निर्देश जारी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों के फंसे हुए कर्जों (स्ट्रेस्ड एसेट्स) के समाधान के लिए एक नए ढांचे 'सिक्योरिटाइजेशन ऑफ स्ट्रेस्ड एसेट्स फ्रेमवर्क' पर मसौदा दिशा-निर्देश जारी किया है। यह नया ढांचा फंसे हुए कर्जे के सिक्योरिटाइजेशन (प्रतिभूतिकरण) को बढ़ावा देगा। सिक्योरिटाइजेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें इन फंसे हुए कर्जों को मिलाकर प्रतिभूतियों में बदला जाता है और फिर निवेशकों को बेचा जाता है। इससे बैंकों को जोखिम कम करने और ऐसे कर्जों से निकलने का एक रास्ता मिलेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी की चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासक तीन दिवसीय बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय बैंक ने इस ढांचे पर जनवरी 2023 में एक चर्चा पत्र जारी कर बाजार के प्रतिभागियों से सुझाव मांगे थे। प्राप्त सुझावों को शामिल करने के बाद अब मसौदा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजार में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव के मुकाबले आवक बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 143 रिंगिट लुढ़ककर 4421 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.85 सेंट की गिरावट के साथ 44.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 200 रुपए, दाल चना 200 रुपए और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**विश्व को...** है। भविष्य में शेयर बाजार और भी अधिक प्रभावित हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के जानकर इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि ट्रंप के 'टैरिफ अटैक' का भारत के रोजगार बाजार पर बड़ा असर पड़ सकता है। भारत में अमेरिकी कम्पनियां कर्मचारियों की छंटनी कर सकती है। सबसे ज्यादा संकट के बादल आईटी क्षेत्र, ऑटोमोबाइल और कपड़ा उद्योग पर गिरने का अंदेशा जताया जा रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ट्रंप द्वारा टैरिफ थोपे जाने के बाद भारत के पास ऐसे कौन कौन से विकल्प हैं, जिनका उपयोग करके भारत सरकार अमेरिका के टैरिफ प्रभावों की प्रतिपूर्ति कर सकती है। सबसे पहले तो आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा सकता है। सरकार को घरेलू बाजार में मांग उत्पन्न करने के लिए सरकारी व्यय में वृद्धि करनी चाहिए। साथ ही अमेरिका के साथ नवीन व्यापारिक समझौतों की दिशा में बात. चीत आगे बढ़ाई जा सकती है। इन सबके साथ ही भारत क्रमबद्ध रूप से अमेरिका पर निर्भरता को कम करते हुए अफ्रीका, यूरोप व दक्षिण पूर्व एशिया में निर्यात बढ़ाने की योजना भी बना सकता है। भारत को रुपये की मजबूती के लिए प्रयास करने होंगे, ताकि डॉलर पर निर्भरता को कम किया जा सके। दरअसल, संरक्षणवाद एक ऐसी आर्थिक नीति है, जिसमें सरकारें अपने घरेलू उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए अनेक प्रकार की व्यापारिक बाधाएं लगाती हैं। जैसे: टैरिफ, कोटा, सब्सिडी आदि। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय व्यवसायों और नौकरियों को बढ़ावा देना, आर्थिक स्थिरता को बढ़ाना, और विदेशी कंपनियों के स्थानीय बाजार पर प्रभाव को कम करना माना जाता है।

### 29 घंटे बाद अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए भाकियू नेता के परिजन

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हथगाम क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष समेत तीन लोगों की हत्या के 29 घंटे बाद परिजन जिला प्रशासन के अनुरोध पर शवों के अंतिम संस्कार के लिए मान गए हैं। हत्या की वारदात के बाद अखरी गांव में तनावपूर्ण शांति है।

जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के अथक प्रयास के बाद परिजन तीनों शवों के अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए है। आक्रोशित किसान और परिजनों की मांग थी कि आरोपियों के एनकाउंटर और घर को बुलडोजर से ढहाया जाए। भाकियू के हजारों कार्यकर्ता घटना के 29 घंटे तक मौके पर डटे रहे। आखिरकार किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता अनुज सिंह की मध्यस्था से परिजनों ने जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कानूनी कार्रवाई के आश्वासन पर अंतिम संस्कार के लिए रवाना होने का निश्चय किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अखरी गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इससे पहले डीएमरवीन्द्र सिंह और एसपी धवल जायसवाल प्रदर्शनकारी किसान और परिजनों को मनाने की कोशिश की मगर दो दौर की बातचीत का नतीजा सिफर रहा। पुलिस ने छह आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है।

# छह चरणों में लागू होगी नोएडा की 'सेफसिटी' परियोजना

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी नोएडा की सेफ सिटी परियोजना को छह चरणों में लागू किया जाएगा। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।


परियोजना को शहर में लागू करने के लिए 208.47 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस परियोजना के अंतर्गत नोएडा के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई ट्रिपल सी) को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की तैयारी है। उन्होने बताया कि परियोजना पूरी होने पर शहर के सभी पुलिस थाने, सीसीटीवी सिस्टम व ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली को आई ट्रिपल सी के साथ इंटीग्रेट किया जाएगा। इसके साथ ही, इसे अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम से युक्त किया जाएगा, जो आपातकालीन स्थितियों में संदेश जारी करने का माध्यम बनेगी। प्रक्रिया पूरी होने पर नोएडा शहर की महिलाओं समेत समस्त नागरिकों की सुरक्षा प्रणाली को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार, सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मुख्यत: 6 प्रमुख घटकों को प्रभावी तौर पर लागू किया जाएगा। यह सभी घटक क्रमबद्ध चरण के अनुसार लागू किए जाएंगे। इसमें अत्याधुनिक सिटी कम्यूनिकेशन नेटवर्क, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, डाटा सेंटर, सीसीटीवी आधारित सिटी सर्विलांस सिस्टम, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रमुख हैं। इनमें से सभी घटकों में आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने की तैयारी तो है ही, साथ ही इन सबको एकीकृत कर एक विस्तृत फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा। प्रक्रिया पूरी होने पर आई ट्रिपल सी से सीधी मॉनिटरिंग के माध्यम से पूरे शहर की किसी भी अप्रिय या आपातकालीन घटना के नियंत्रण व प्रबंधन के लिए प्रभावी तरीके से कार्य करने में मदद मिलेगी। सूत्रों के अनुसार प्रक्रिया के अंतर्गत, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में अत्याधुनिक डाटा सेंटर का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसके साथ ही, अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फेस रिकग्निशन व डिजिटल फॉरेंसिक जैसी सुविधाओं को भी सेफ सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त, क्रिप्टो करेंसी इन्वेस्टिगेशन सॉल्यूशन, पैनिक बॉक्स सिस्टम, विजुअल डिस्प्ले यूनिट्स, बुलेट-पीटीजेड व एएनपीआर कैमरों के इंस्टॉलेशन जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा। कुल मिलाकर, नोएडा शहर के 225 वर्ग किमी क्षेत्र को सेफ सिटी प्रक्रिया के अंतर्गत प्रभावी रूप से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 12वीं पास फर्जी डॉक्टर क्लीनिक खोलकर कर रही थी इलाज, पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फर्जी ऑपरेशन के बाद 9 साल से फरार संगम विहार की रहने वाली महिला फर्जी डॉक्टर को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने फर्जी बीएएमएस डिग्री हासिल करके और मेडिकल दस्तावेजों में जालसाजी करके क्लिनिक खोल रखा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रनहौला थाने में रमेश कुमार नामक व्यक्ति के बयान पर आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। २२ सितम्बर २००९ शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपनी गर्भवती पत्नी को पेट दर्द की समस्या के साथ विकास नगर, रणहौला स्थित डॉ. एक्स के क्लिनिक में भर्ती कराया था। उसने उसे दवा दी और छुट्टी दे दी लेकिन दर्द जारी रहने के कारण वह २३ सितम्बर को फिर से क्लिनिक में भर्ती हुई। उपचार के दौरान कथित डॉक्टर ने सुझाव दिया कि मरीज को सर्जरी करानी होगी और उसकी सिफारिश पर सर्जरी की गई और उसे फिर से छुट्टी दे दी गई। २५ सितम्बर को उसे फिर से पेट में तेज दर्द हुआ, इसलिए उसे डीडीयू अस्पताल ले जाया गया,जहां सात अक्तूबर को डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पता चला कि महिला के पास कोई वैध डिग्री नहीं थी। उसने जाली बीएएमएस की डिग्री हासिल की थी। मामले में उसे गिरफ्तार किया गया था। जमानत मिलने के बाद, वह मुकदमे के लिए नहीं आई और २०१६ में अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर कमल कुमार और सतेन्द्र मोहन के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी महिला को ग्रेटर कैलाश स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसने पकड़े जाने के वक्त भागने की पूरी कोशिश की थी। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वर्ष २००५-०६ में, वह उत्तम नगर में एक डॉक्टर के पास सहायक के रूप में काम कर रही थी। उसने उस क्लिनिक में बुनियादी इलाज सीखा। इस बीच, उसे अपना खुद का क्लिनिक खोलने की इच्छा हुई, इसलिए, उसने बिहार से जाली बीएएमएस की डिग्री हासिल की और २००८ में उसने अपना खुद का क्लिनिक शुरू किया, जिसमें वह स्त्री रोग संबंधी रोगियों का इलाज करती थी। उसी क्लिनिक में उक्त घटना घटी। वह केवल १२वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। उसने जाली मेडिकल दस्तावेजों का इस्तेमाल करके विकास नगर, रणहौला में अपना क्लिनिक खोला था।

## पिता ने डांटा तो किशोरी ने घर छोड़ा,परिजनों से मिलवाया

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत बुधवार विहार से लापता १३ साल की किशोरी को सकुशल बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार को बुध विहर रोहिणी इलाके से किशोरी अचानक घर से लापता हुई थी।

एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के माता-पिता से जानकारी ली। तकनीकी निगरानी के आधार पर पीड़िता को इलाके से ही तलाश लिया। पता चला कि पीड़िता ८वीं कक्षा की छात्रा है। उसके पिता एक निजी कंपनी में काम करते हैं और मां गृहिणी हैं। उसके भाई ने उसे एक लडके से बात करते हुए देखा और अपने माता-पिता को बताया। इस पर पीड़िता के पिता ने उसे डांटा। इस पर, वह रात में बिना किसी को बताए अपने घर से निकल गई और अपना मोबाइल बंद कर लिया। सुबह उसने अपनी स्कूल की दोस्त से संपर्क किया और अपनी दोस्त के घर पहुंच गई।

# निगम ने किया डोर टू डोर कूड़ा उठाने के एवज में यूजर चार्ज लेना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी ने संपत्तिकर के साथ डोर टू डोर कूड़ा उठाने के एवज में यूजर चार्ज लेने शुरू कर दिया है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या है कि इसके लिए एमसीडी की कोई तैयारी ही नहीं हैं क्योंकि कूड़ा अब भी प्राइवेट कर्मचारी ही उठाएंगे।

पिछले साल हैदराबाद के भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज से एमसीडी ने अपने कूड़ा उठाने ऑडिट कराया था उसमें भी यही बात सामने आई थी। जिसमें पता चला था कि एमसीडी के १२ में छह जोन में जो कंपनियां कूड़ा उठाती है उनके टेंडर में ही प्रविधान नहीं है कि वह घर-घर से कूड़ा उठाए। सिर्फ रोहिणी, सिविल लाइंस, करोल बाग, सिटी एसपी और नरेला जोन में ही कूड़ा उठाने वाली कंपनियों के साथ ही यह करार है। इसमें भी तीन जोन रोहिणी, सिविल लाइंस और केशवपुरम में जो एजेंसी है उनसे यह करार है कि वह सुबह सात बजे से तीन बजे तक ही यह कार्य करेगी। हालांकि निगम के जनसंपर्क विभाग का कहना है कि उसने अपने अधीन आने वाली सभी गलियों से कूड़ा उठाने का उठाने का करार कर रखा है।

निगम का यह भी कहना है कि यूजर चार्ज लगाने का निर्णय दिल्ली सरकार द्वारा ठोस कचरा निस्तारण उपनियम २०१७ के तहत लिया है। उपनियमों के अनुसार कूड़ा एकत्रित और उसको ले जाकर निस्तारित करने पर यह शुल्क लिया जाता है। इसे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा निगरानी किए जा रहे एमसी मेहता बनाम केंद्र सरकार के मामले के चलते लागू किया गया है। इसी ऑडिट रिपोर्ट में निगम की डोर टू डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था को सुधारने के सुझाव दिए गए थे। साथ ही यह भी बताया था कि मात्र १० प्रतिशत कूड़ा निस्तारित करके दिल्ली के रैगपिकर प्रतिदिन १.३२ करोड़ का कूड़ा बेचकर कमा लेते हैं।

हालांकि प्रति रैगपिकर तो मासिक यह १४-१५ हजार पड़ता है। प्रत्येक कॉलोनी में तीन से चार रैगपिकर हैं। ऐसे में इनकी संख्या भी दिल्ली में बड़ी है। ऐसे में जब १० प्रतिशत कूड़े से इतनी राशि रैगपिकर कमा सकते हैं तो फिर एमसीडी शत प्रतिशित गीले-सूखे को अलग-अलग करने का लक्ष्य प्राप्त कर ले तो १० करोड़ से ज्यादा की राशि तो हर माह इससे ही आ सकती है।

## एक नजर

### छठी वार्षिक इंटीग्रेटेड रिपोर्ट जारी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल इंक ने अपनी छठी वार्षिक इंटीग्रेटेड रिपोर्ट जारी की है, जो कंपनी के बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन और सस्टेनेबिलिटी (स्थिरता) पर काम के १० साल पूरे होने का लेखाजोखा प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट बताती है कि कैसे कंपनी ने शेयरहोल्डर्स और अन्य हितधारकों के लिए लॉन्च टर्म वैल्यू का निर्माण किया है और साथ ही ये भी कि वह कैसे अपने मिशन की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसका मकसद है कि इसके स्मोक-फ्री विकल्प सिगरेट की जगह ले सकें और सिगरेट को पूरी तरह से बंद किया जा सके। पीएमआई के सीईओ, यासिक ओल्जाक ने कहा, हमारी २०२४ की इंटीग्रेटेड रिपोर्ट हमारे लिए बेहद खास है। इस साल (आईक्यूओएस), (वीईईवी) और (जेडवाईएन) जैसे स्मोक-फ्री प्रोडक्ट्स के १० साल भी पूरे हुए। हमने इन प्रोडक्ट्स के जरिए दुनिया भर में लोगों तक पहुंच बनाई है और स्मोक-फ्री दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। २०२४ के आखिर तक हमारे इन प्रयासों की बदौलत दुनिया भर में लगभग ३८.६ मिलियन (३.८६ करोड़) वयस्क यूजर्स इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रहे थे, और ये ९५ मार्केट्स में उपलब्ध थे। ये उपलब्धियां हमें आगे बढ़ते रहने का हौसला देती हैं।

### क्राउड फंडिंग से बची नवजात प्ले-स्कूल जाने को तैयार



**नई दिल्ली।** उदारता, सामूहिक प्रयास एवं डिजिटल क्राउडफंडिंग से किसी की जान कैसे बच सकती है, इसकी एक सुंदर मिसाल पेश केट्टो संगठन ने, जिसने विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में डिजिटल क्राउडफंडिंग की कहानी लोगों से साझा की। यह कहानी है प्रांवी नामक एक समय से पहले जन्मी बच्ची की, जिसे गर्भावस्था के छह महीने के भीतर ही डिलीवर करना पड़ा। जहां सरिता की डिलीवरी के बाद बच्ची को वेंटिलेर पर रखा गया था और डॉक्टरों ने अगले दो महीने बहुत अहम बताए थे। इलाज का खर्च १३ लाख रुपए से अधिक आंका गया, जो कि सरिता के लिए असंभव था। ऐसे में परिवार ने क्राउडफंडिंग प्लेटफार्म केट्टो की मदद ली। केट्टो की क्राउडफंडिंग की मदद से आज प्रांवी ३.५ साल की स्वस्थ और चुलबुली बच्ची है, जो प्ले-स्कूल जाने को तैयार है। केट्टो के सह-संस्थापक और सीईओ वरुण शेठ ने कहा, हमारा मकसद हमेशा से स्वास्थ्य सेवाओं को सबके लिए सुलभ और सस्ता बनाना रहा है। प्रांवी की कहानी दया और सामूहिक समर्थन से जीवन बदलने वाले चमत्कार की मिसाल है।

### बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से भेंट की



**नई दिल्ली।** जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितिन उपाध्याय ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से भेंटवार्ता की। भेंटवार्ता में जय बजरंग सेना की राष्ट्रीय प्रभारी अर्चना उपाध्याय भी शामिल रही। नितिन उपाध्याय ने भेंटवार्ता के बाद कहा कि हिन्दू महासभा द्वारा हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान समिति का तीन वर्ष पहले नई दिल्ली के जंतर मंतर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा उन्हें राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत किया गया था। उस समय उन्होंने सबसे पहले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से भेंट कर उनसे हिन्दू राष्ट्र निर्माण की आवाज को बुलंद करने की अपील की थी। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने अपनी कथाओं में अपने अनुयायियों से हिन्दू राष्ट्र का आह्वान करते हुए इस अभियान को देश के कोने कोने में पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय प्रभारी अर्चना उपाध्याय ने भेंट वार्ता में धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को जय बजरंग सेना द्वारा श्री राम चरित मानस की राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करवाने के अभियान की विस्तार से जानकारी दी। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने जय बजरंग सेना के हिंदूवादी कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

### फ्री फायर गेम से हुई दोस्ती,घर छोडकर निकली, परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत एक १७ साल की किशोरी तलाशकर उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है। किशोरी की लडके से फ्री फायर गेम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते चार फरवरी को मैदान गढ़ी इलाके से किशोरी के लापता होने की गुमशुदगी स्थानीय थाने में दर्ज की गई थी। इंस्पेक्टर वीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के परिजनों,दोस्तों और रिश्तेदारों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। जिसके बाद किशोरी को उत्तर प्रदेश से सकुशल तलाश लिया। पूछताछ से पता चला कि पीडिघ्ता चार महीने पहले फ्री फायर गेम के माध्यम से संदिग्ध के संपर्क में आई थी। वह संदिग्ध के निर्देश पर चार फरवरी को अपने घर से निकली थी,जबकि पीडिघ्ता एक घर में काम कर रही थी। परिवार के सदस्य अपने नियमित काम में व्यस्त थे। संदिग्ध व्यक्ति पीड़िता को ले जाने के लिए प्रयागराज, उत्तर प्रदेश से दिल्ली आया था। जिसको गिरफ्तार कर लिया गया।

### हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार में मंत्रियों की संख्या बढ़ाने संबंधी याचिका पर मांगे तथ्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दिल्ली सरकार में मंत्रियों की संख्या बढ़ाने संबंधी अनुच्छेद में संशोधन की मांग के बाद मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले पर संक्षिप्त सुनवाई कर दिल्ली सरकार को कुछ तथ्य पेश करने का निर्देश देते हुए कहा कि अदालत इस पर विचार करेगी। हालांकि, अदालत ने याचिककर्ता से पूछा कि दिल्ली से किसी अन्य राज्य की तुलना कैसे की जा सकती है। याचिका में संविधान (६९वां संशोधन) अधिनियम, १९९१ की धारा २(४) और अनुच्छेद २३९एए की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जो दिल्ली में मंत्री परिषद को विधानसभा के कुल सदस्यों के सिर्फ १० प्रतिशत तक सीमित करता है।





नगर निगम कर्मी पुलिस बल के साथमीठापुर, सेंट्रल जोन में जींस रंगाई इकाइयों को सील करने जाते हुए।

## निगम ने सेंट्रल जोन के मीठापुर में दो जींस रंगाई इकाइयों को सील किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मीठापुर, सेंट्रल जोन में दो जींस रंगाई इकाइयों को सील किया है। यह कार्रवाई एमसीडी के सेंट्रल जोन, दिल्ली जल बोर्ड, राजस्व विभाग, बीएसईएस और डीपीसीसी की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

सीलिंग की प्रक्रिया के दौरान बिजली और पानी के कनेक्शन भी काट दिए गए। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) बेहतर जन स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने अधिकार क्षेत्र में जींस रंगाई और अन्य अवैध रूप से चल रही इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना जारी रखेगा।

## सार्वजनिक हत्या का मामला सुलझा, चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने सार्वजनिक हत्या का मामला सुलझाकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से ऑटो रिक्शा और मृतक का मोबाइल बरामद किया है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि ७ मार्च को एम.एस. पार्क थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें बताया गया कि मंडोली रोड स्थित मकान के सामने कुछ लड़के एक व्यक्ति पर हमला कर रहे हैं, जो बेहोश हो गया है।पीड़ित को तुरंत पीसीआर वैन द्वारा जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसे ष्मृतष घोषित कर दिया। इसके बाद एम.एस.पार्क थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन गुरुदेव सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर मुनीश कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने अपराध स्थल के सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर विश्लेषण किया।टीम ने मृतक की पहचान रेजाउल हक के रूप में की। इसके बाद टीम ने मुख्य आरोपी नितिन को उसके सह-आरोपियों- शांतनु, अर्जुन और सोनू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ के बाद पता चला कि जब वे पीली कोठी, खारी बावली में थे, तो दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें लूटने का प्रयास किया था। जवाब में, नितिन ने अपने चचेरे भाई शांतनु और दोस्तों अर्जुन और सोनू के साथ मिलकर एक व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे हरदेव पुरी में एक वाटर सप्लायर की दुकान पर ले गए, जहां अर्जुन और सोनू काम करते हैं। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट की।

## जनरल स्टोर में डाका डालने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में जनरल स्टोर में दुकानदार को गोली मारने की धमकी देकर डाका डालने की वारदात में शामिल फरार हिमाशुं को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी नरेन्द्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी हिमाशुं को मंगोलपुरी इलाके के एक ब्लॉक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि बीते तीन अप्रैल की रात को, सुल्तानपुरी स्थित एक प्रोविजनल स्टोर में नाबा. लिग समेत आठ लडकों ने डाका डाला था। प्रोविजनल स्टोर के मालिक और कर्मचारी को घातक हथियारों से धमकाया। समूह ने कैश काउंटर से नकदी लूट ली और भाग गए थे। हिमांशु के दिवंगत पिता मजदूरी करते थे। उसकी माँ घरेलू सहायिका के रूप में काम करती है और २०१० में उसकी मृत्यु हो गई। उसका बड़ा भाई ई-रिक्शा चलाता है। उसने कक्षा ९वीं तक पढ़ाई की है और उद्योग नगर में जूता फैक्ट्री में काम करता है।

## वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 प्रदर्शनी के लिए कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो - वाइब्रेंट बिल्डकॉन २०२५ - का उद्घाटन १३ अप्रैल २०२५ को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया जाएगा।

यह आयोजन वैश्विक निर्माण और बुनियादी ढांचा उद्योग का एक ऐतिहासिक समागम होगा, जिसमें २७,००० वर्ग मीटर के विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र में २५० से अधिक प्रदर्शक, ५०,००० से अधिक घरेलू आगंतुक और ७०० से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रदर्शनी के लिए नई दिल्ली में एक पर्दा उठाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख हितधारकों और उद्योग के नेताओं ने भाग लिया।

## अलगाववादी नेता नईम खान को जमानत देने से इनकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अलगाववादी नेता नईम अहमद खान को आतंकी फंडिंग से जुड़े यूएपीए मामले में जमानत देने से दिल्ली हाई कोर्ट ने इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति नवीन चावला व न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) द्वारा दर्ज मामले में खान की जमानत याचिका खारिज कर दी। नईम अहमद खान ने दिसंबर २०२२ में जमानत देने से इनकार करने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। नईम खान १४ अगस्त २०१७ से न्यायिक हिरासत में है। एनआइए को कश्मीर में अशांति पैदा करने करने के आरोप में २४ जुलाई २०१७ को गिरफ्तार किया गया था।

# आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को ई-कार्ड सौंपेंगे स्वास्थ्य मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना लागू होने के बाद अब लाभार्थियों को ई-कार्ड वितरण भी शुरू होगा। बृहस्पतिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पहला ई कार्ड सौपेंगे।

इस दौरान केंद्र के साथ दिल्ली सरकार की ओर से एक और एमओयू साइन होगा, जिसमें मोहल्ला क्लीनिक और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की मंजूरी होगी। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार को केंद्र की ओर से लंबित दो हजार करोड़ रुपये भी आवंटित होंगे। जानकारी के अनुसार, १० अप्रैल को विज्ञान भवन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित है। इसमें सबसे पहले आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को ई कार्ड सौंपा जाएगा। इस बीच प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) को लेकर दिल्ली सरकार एमओयू साइन करेगी। पांच अप्रैल को दिल्ली ने केंद्र के साथ एमओयू साइन कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लॉन्च किया है। इसके तहत दिल्ली में ६.५४ लाख परिवारों के करीब ३० लाख सदस्यों को सालाना पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा साथ ही, पांच लाख रुपये का अतिरिक्त उपचार यानी कुल १० लाख रुपये का लाभ मिलेगा।

## ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस के पालम गांव थाने के स्टाफ ने एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कुल ११३० ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ गांजा बरामद किया है। दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि दिल्ली को नशा मुक्त बनाने के लिए दक्षिण-पश्चिम जिले में ड्रग पैदलर और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ एक विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके तहत एसीपी दिल्ली कैंट अनिल शर्मा की देखरेख में , एसएचओ पालम गांव सुधीर कुमार गुलिया के नेतृत्व में टीम ने गुप्त मुखबिरों को सक्रिय किया।

# 5462 मेगावॉट पहुंची दिल्ली में बिजली की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आज दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड ५४६२ मेगावॉट पहुंच गई। यह इस सीजन की सर्वाधिक मांग है। कल दिल्ली में बिजली की मांग ५०२९ मेगावॉट थी।

लगातार बढ़ रही बिजली की मांग को पूरा करने के लिए बीएसईएस पूरी तरह तैयार है। बढ़ती डिमांड को देखते हुए बिजली की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है, ताकि आने वाली गर्मियों में दक्षिण, पश्चिम, मध्य और पूर्वी दिल्ली के लगभग २ करोड़ निवासियों को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इन गर्मियों में बीएसईएस क्षेत्र में बिजली की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने में हरित ऊर्जा की बड़ी भूमिका होगी। गर्मियों के लिए बीएसईएस ने २१०० मेगावॉट हरित ऊर्जा की व्यवस्था की है। सौर ऊर्जा के प्लांटों से बीएसईएस को ८८८ मेगावॉट सौर ऊर्जा मिलेगी। हाइड्रो प्लांटों से ५४६ मेगावॉट बिजली मिलेगी। ५०० मेगावॉट विंड पावर मिलेगा। इसके अतिरिक्त, कचरे से बनने वाली ४० मेगावॉट बिजली भी बीएसईएस को उपलब्ध होगी। बीएसईएस क्षेत्र में उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर लगे रूफटॉप सोलर पैनलों से भी १९७ मेगावॉट बिजली बीएसईएस को मिलेगी। उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए बीएसईएस ने लंबी अवधि के समझौतों के तहत बिजली की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है।

# प्रतिभाशाली महिलाओं को श्री शक्ति अवॉर्ड से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक भव्य कार्यक्रम में देश की प्रतिष्ठित महिलाओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह आयोजन दिल्ली की अग्रणी सामाजिक संस्था चौधरी फाउंडेशन द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त करना और उनके उत्कृष्ट कार्यों को सार्वजनिक मंच पर पहचान दिलाना है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कैरम खिलाड़ी और विश्व चैंपियन रश्मि कुमारी रहीं, जिन्होंने अपने हाथों से इन प्रतिभाशाली महिलाओं और बालिकाओं को सम्मानित किया। श्री शक्ति अवार्ड पाने वालों में विभिन्न क्षेत्रों से आई प्रतिभाएं शामिल थीं। इनमें परिशीता गुप्ता, जो शतरंज की गोल्ड मेडलिस्ट हैं, आद्या गुप्ता और देवजानी तमोली, जो टीम चौंपियनशिप और गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं, तथा मलेशिया में आयोजित आठवीं कैरम वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है और पायलट पूर्वा निर्मल शामिल हैं। इन सभी महिलाओं ने न केवल अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है, बल्कि समाज की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी हैं। चौधरी फाउंडेशन की अध्यक्ष सपना चौधरी ने



अपने वक्तव्य में बताया कि यह अवॉर्ड उन महिलाओं के लिए एक सलाम है, जिन्होंने न सिर्फ अपनी प्रतिभा से समाज में बदलाव लाने का कार्य किया है, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए मार्गदर्शक भी बनी हैं। इस अवसर पर डॉक्टर परविंदर सिंह, विजयेंद्र कुमार सिंह, अतुल मिश्रा, मृत्युंजय सिंह, सुषमा राठी, अजय कुमार समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इस आयोजन ने न केवल प्रतिभाओं को सम्मानित किया, बल्कि महिला सशक्तिकरण के नए आयाम भी स्थापित किए।

# जेएनयू में दिखने लगा चुनाव का माहौल, जल्द होंगे चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्र संगठनों ने अपनी ताकत लगाना शुरू कर दी है। चुनाव समिति गठन के लिए जेएनयू में चल रहीं स्कूल जीबीएम में माहौल दिखाई देने लगा है। चुनाव में मुकाबला वाम छात्र संगठनों के गठबंधन और एबीवीपी में है। सभी छात्र संगठन कक्षा से लेकर मेस तक छात्रों के बीच जा रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि २५ अप्रैल तक चुनाव की घाोषणा हो जाएगी । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पिछले साल उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार रहे अर्जुन आनंद को प्रचार समिति का समन्वय बनाया है। उन्होंने रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। फिलहाल एबीवीपी मेस, छात्रावास, कक्षाओं के बाहर जाकर छात्रों से संपर्क कर रही है। उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों के बारे में जानकारी दे रही है। स्कूल जीबीएम में भी अपने काउंसलर और समर्थकों के साथ अपनी विचारधारा को छात्रों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।वाम संगठनों में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) प्रभावी प्रचार की कमान संभाल रही है। बराक छात्रावास के शुरू होने का श्रेय आइसा ले रहा है। जेएनयूएसयू अध्यक्ष धनंजय आइसा के सदस्य हैं और उनके नेतृत्व में संगठन ने डीओएस कार्यालय में हड़ताल की थी। इसके बाद गठबंधन के सदस्य स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन (डीएसएफ) और आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआइएसएफ) के सदस्यों ने हड़ताल शुरू की।

# 56वां शंकर-शाद मुशायरा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नई दिल्ली।** उर्दू शायरी की रौशनी से सजी एक यादगार महफिल ने दिल्लीवासियों का दिल जीत लिया। 56वें शंकर-शाद मुशायरे का आयोजन शंकरलाल मुरलीधर मेमोरियल सोसाइटी एवं डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस प्रतिष्ठित वार्षिक मुशायरे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है।

शंकरलाल मुरलीधर सोसाइटी के चेयरमैन एवं डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक माधव बंसीधर श्रीराम ने कहा, यह मुशायरा आवाजों का उत्सव है- पुरानी और नई दोनों। यह लोगों को शायरी के जरिए जोड़ता है, कुछ ऐसा जिसे दिल्ली ने हमेशा से सराहा है। कार्यक्रम का संचालन किया मशहूर शायर इकबाल अशहर ने, जिनकी शब्दों पर पकड़ और आत्मीय अंदाज ने श्रोताओं को बांधे रखा। मंच पर जब जावेद अख्तर ने माइक संभाला, तो उन्होंने कहा, शायरी बड़े शब्दों या जटिल ख्यालों की नहीं होती। यह दिल से दिल तक पहुंचने वाली सादगी है। आज की रात, मैं बस अपने सामने बैठे हर इंसान से जुड़ना चाहता था। प्रो. वसीम बरेलवी ने कहा, जब भी इस मंच पर आता हूं, ऐसा लगता है जैसे पुराने दोस्तों के बीच हूं। दिल्ली की यह मुहब्बत ही है जिसने मुझे शायरी शुरू करने की वजह दी, वो एहसास जिन्हें हम सब चुपचाप जीते हैं।

इसके अलावा महफिल में अजहर इकघ्बाल, नोमान शौक, डॉ. गौहर रजा, डॉ. पॉपुलर मेरठी, शबीना अदीब, खुशबीर सिंह शाद, अलीना इत्रत, शीन काफ निजाम और नुसरत मेहदी जैसे नामचीन शायरों ने अपनी-अपनी शैली में इश्क, इंकलाब, जुदाई और जिंदगी के लम्हों को बयां किया। उनकी गजलों और नज्मों ने हर उम्र के श्रोता को भीतर तक छू लिया। इस बार के मुशायरे की एक खास बात रही- शंकर-शाद शायरी प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा। इस प्रतियोगिता के जरिए युवा शायरों को अपनी मूल रचनाएं प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आसान होगा गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा तक का सफर

## नई योजना के तहत अब मिलेगी जाम से मुक्ति!



**गाजियाबाद।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक यात्रा करने वाले लोगों के लिए एक अहम खबर आई है। राष्ट्रीय राजमार्ग-9 से शाहबेरी तक लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए नगर निगम ने एक नई योजना तैयार की है। इस योजना के तहत, लगभग दो किलोमीटर लंबा नाला बनाया जाएगा, जिसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिससे लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

क्रॉसिंग रिपब्लिक में लगभग 29 सोसाइटियां हैं, जहां एक लाख से अधिक लोग निवास करते हैं। एनएच-9 से क्रॉसिंग रिपब्लिक होते हुए ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाला शाहबेरी मार्ग संकीर्ण होने के कारण इस मार्ग पर हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है, विशेषकर सुबह और शाम के समय। नगर निगम ने इस समस्या को सुलझाने के लिए ठोस योजना तैयार की है, जिसके तहत नाले के ऊपर नई सड़क बनाई जाएगी। इस परियोजना के जरिए शाहबेरी तक सड़क की चौड़ाई 45 मीटर होने की संभावना है, जिससे यातायात में सहूलियत मिलेगी।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, इस मार्ग के बराबर में एक नाला बहता है, लेकिन फिर भी क्षेत्र में जलनिकासी की समस्या बनी रहती है। इसे दूर करने के लिए नाले का निर्माण किया जाएगा। नाले के ऊपर सड़क निर्माण से न केवल वाहन चलाने में आसानी होगी, बल्कि जाम की समस्या भी कम होगी। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट को तैयार कर शासन को भेजा गया है और दो बैठकें भी हो चुकी हैं। आगामी बैठक में इस परियोजना को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इस योजना पर लगभग 132 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

इसके अलावा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एकमूर्ति चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग-9 तक एक एलिवेटेड रोड बनाने की भी योजना है। यह रोड चार किलोमीटर लंबी और चार लेन की होगी, जो शाहबेरी होते हुए बनाई जाएगी।

इस परियोजना पर लगभग 400 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है, लेकिन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से अभी तक कोई संपर्क नहीं किया गया है।

# हज पर जाने वाले जायरीनों को दी गई ट्रेनिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रत्येक वर्ष हज पर जाने वाले हाजियों को अल्पसंख्यक मंत्रालय के निर्देश पर प्रत्येक जिलों में हज ट्रेनिंग का आयोजन किया जाता है जनपद बागपत में हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा हाजी सरफराज अहमद को हज ट्रेनर नियुक्त किया हुआ है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कैलाश चन्द तिवारी के नेतृत्व में जनपद बागपत से हज 2025 को हज यात्रा पर जाने वाले 111 हाजियों को मदरसा मस्जिद तकिया वाली में ट्रेनिंग दी गई जिसमें हज के 5 दिन कहा कहा गुजारने है कोई क्या करना है तथा एयरपोर्ट से प्रस्थान से लेकर सभी जानकारी दी गई। इस बार बागपत जनपद से 52 लेडीज और 58 जेंट्स हज पर जाएंगे। बागपत जनपद से हाजियों की रवानगी 30 अप्रैल से होगी जो इंद्रा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मदीना जाएंगे । मौलाना अनीस अहमद आजाद बिलग्रामी ने हाजियों को खिताब करते हुए मदीना, मक्का, मीना,अराफात, मुजदल्फा में कैसे रहना है, धूप से बचने के उपाय भी बताए तथा एहराम बांधना भी सिखाया। हज ट्रेनिंग जिला हज ट्रेनर हाजी सरफराज अहमद की देखरेख में की गई।

# पंजाबी संगठन में किए गए नए पदाधिकारी मनोनीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पंजाबी संगठन की जनरलबॉडी मीटिंग में पांचवी बार निर्विरोध चुने गये अध्यक्ष अजय ग्रा.वर ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। ब्रजमोहन कूपर द्वारा प्रस्ताव रक्खा गया। संजय नैय्यर जी को जनरल सेक्रेटरी एवं संजीव गुलाटी जी और राहुल बाहरी को चीफ सेक्रेटरी, डा0 गौरव भाटिया जी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सनातन धर्म मंदिर, गोविंदपुरी परिसर में पंजाबी संगठन मोदीनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक संगठन के आगामी कार्यक्रमों की योजना, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने और समाज सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित की गई थी। राजकुमार ढींगरा जी को संरक्षक में राजा खुराना जी को सिनियर वाईस प्रेसीडेंट एवं राजा छाबड़ा को वाईस प्रेसीडेंट में शामिल किया गया। निकट भविष्य में बाकी कोर कमेटी की घोषणा कर कुछ महत्वपूर्ण पदों पर कर्मट कार्यकर्ताओं की घोषणा की जायेगी। इस बैठक में महिला पंजाबी संगठन की उपस्थिति और सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।

# लिफ्ट लेने वाले युवक की सड़क हादसे में मौत

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**गाजियाबाद ।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें जावली गांव के 25 वर्षीय युवक विकास उर्फ विक्की की जान चली गई। विकास ने एक अनजान बाइक सवार से लिफ्ट ली थी, लेकिन दुर्भाग्यवश उनका सफर मौत का कारण बन गया।

सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि बाइक पर सवार विकास और उसका साथी एक यू-टर्न ले रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक की पिछली सीट पर बैठे विकास की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक और बाइक चालक दोनों ही मौके से फरार हो गए।

हादसे के बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक चालक और बाइक सवार को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही है।

इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस फरार ट्रक चालक और बाइक सवार की तलाश कर रही है, ताकि उन्हें गिरफ्तार कर न्याय प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

# दिव्यांग बच्चों के लिए खुला पहला स्पेशल स्कूल, ऐसी होगी व्यवस्था



**गाजियाबाद।** मसूरी में दिव्यांग बच्चों के लिए जिले का पहला स्पेशल स्कूल अब तैयार हो चुका है। इस स्कूल का निर्माण 24 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है और यह शैक्षिक वर्ष 2024 से छात्रों को शिक्षा प्रदान करेगा। स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई की व्यवस्था की गई है, जिसमें कुल 200 छात्रों को शिक्षा देने की क्षमता है। इसमें 100 बालक और 100 बालिकाओं के लिए सीटें उपलब्ध होंगी। छात्रों की सुविधा के लिए बालक और बालिका छात्रावास की व्यवस्था भी की गई है।

सीडीओ अभिनव गोपाल ने बताया कि इस स्कूल में कुल 16 कक्षाएं बनाई गई हैं। इसके अलावा, छात्रों को बेहतर शैक्षिक अनुभव देने के लिए लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब और अन्य प्रयोगशालाओं की भी व्यवस्था की गई है। खास बात यह है कि दिव्यांग छात्रों को कम फीस में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलेगी।

यह स्कूल 2018 में शासन को भेजे गए प्रस्ताव के बाद, 2024 में बनकर तैयार हुआ है। इससे पहले, दिव्यांग छात्रों को शिक्षा के लिए मेरठ या दिल्ली जैसे अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। अब, वे अपने ही जिले में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। एडमिशन की प्रक्रिया एप्लीकेशन के आधार पर की जाएगी। हालांकि, अभी ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है, लेकिन इसी शैक्षिक सत्र से स्कूल में पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

# अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर स्वाभिमान-स्वमान समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपा के पूर्व विधायक प्रत्याशी विशाल वर्मा के नेतृत्व में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन व महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर स्वाभिमान-स्वमान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में अभिषेक गर्ग, सौदान सिंह गुर्जर, कृष्ण यादव, मनोज पंडित, विक्की ठाकुर, राजन कश्यप, अनुष्का सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सैकड़ों लोगों ने की रालोद की सदस्यता ग्रहण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ग्राम नाहल में रालोद के वरिष्ठ नेता व प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्टी के प्रयास से सपा व बसपा, कांग्रेस व ए.आई.ए.एम पार्टियों के सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने इदरीश प्रधान व राला.द के जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह, प्रदेश सचिव रणबीर दहिया, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया की उपस्थिति में सभी ने रालोद का दामन थामा जिसमें मुख्यत: हाजी फतेह, हाजी अकबर, हाजी बल्ली, हाजी शब्बीर, हाजी कामिल हाजी जाहिद, हाजी नूर इलाही, हाजी शाहिद, हाजी इरफान बीडीसी, बीडीसी नूरेन, बीडीसी मोहसिन आलम, यासीन अली, यामीन, नसीम, मोहम्मद हनीफ शाह नजर इरफान, मोहम्मद रिजवान, रियासत खान, ताहिर अली, वाहिद अली, इस्लाम खान, फिरोज खान, रफत अली, आसिफ अली, फरियाद, इरफान बीडीसी, लियाकत अली, आस मोहम्मद, जिशांत, तौसीफ अली, रिजवान, अनीश, कसर कसार सिराज अली शफीक अली, मेरा.जुद्दीन, मोहम्मद अफजल, खलील, सोनू, जुबेद खान, फिरोज खान, मोहम्मद हसन, मुबारक अली, खुर्शीद, जमशेद अली, यूनुस अली, फिदा हुसैन, शौकीन, अनवर मोहम्मद, नौशाद अली, आबिद अली, फरमान व इरफान आदि ने राष्ट्रीय लो.कदल की सदस्यता ग्रहण की।

## एक नजर

### यूथ यूनिटी फाउंडेशन ने किया

# भारत और उसका वैज्ञानिक गौरव कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** यूथ यूनिटी फाउंडेशन आईआईटी कानपुर और ब्रहत रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से, ष्भारत और उसका वैज्ञानिक गौरवष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की समृद्ध वैज्ञानिक विरासत की पुन: खोज में युवा मस्तिष्कों को शामिल करना है। प्रतियोगिता का प्रारूप: कार्यक्रम में 16 से 25 वर्ष की आयु के प्रतिभागियों के 2-3 सदस्यों की टीमों को आमंत्रित किया जा रहा है, जो गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, वास्तुकला और राजनीति विज्ञान सहित विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में भारत के योगदान पर गहन शोध करेंगे। इसका उद्देश्य भारत की ऐतिहासिक वैज्ञानिक उपलब्धियों को सामने लाना है, जो विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कई खोजों से पहले की हैं।

प्रतिभागियों को 27 मार्च, 2025 तक दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से अपनी शोध प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत करनी होंगी। आईआईटी कानपुर और आईआईटी दिल्ली का एक प्रतिष्ठित पैनल सभी प्रविष्टियों का मूल्यांकन करेगा, और 12 अप्रैल, 2025 को निर्धारित अंतिम दौर के लिए शीर्ष 30 प्रस्तुतियों का चयन करेगा। चयनित टीमें प्रतिष्ठित जूरी के समक्ष अपना शोच लाइव प्रस्तुत करेंगी, जिसमें आईआईटी कानपुर और आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसरों के साथ-साथ प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी शामिल होंगे। प्रत्येक टीम को अपनी प्रस्तुति के लिए पाँच मिनट का समय दिया जाएगा, उसके बाद दो मिनट का प्रश्नोत्तर सत्र होगा। फाइनलिस्ट प्रोफेसरों और वैज्ञानिकों की एक विशिष्ट जूरी के समक्ष अपना शोध प्रस्तुत करेंगे और शीर्ष तीन विजेता टीमों को निम्नानुसार नकद पुरस्कार दिया जाएगा: प्रथम पुरस्कार: 1,00,000 द्वितीय पुरस्कार: 51,000 तृतीय पुरस्कार: 31,000 चौथे से दसवें स्थान पर आने वाली प्रतिभागी टीम को घ10,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा और 11वें से 20वें स्थान पर आने वाले प्रतिभागी टीम को 5,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ सभी प्रतिभागियों को भागीदारी का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी विनीत वत्स त्यागी द्वारा किया जा रहा है। विनीत वत्स त्यागी एक कुशल इंजीनियर और प्रौद्योगिकी प्रेमी हैं। वह युवाओं के बीच वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और उन्हें नवीन समाधान खोजने के लिए प्रेरित करने के लिए समर्पित हैं। विशिष्ट आमंत्रित विशेषज्ञ: डॉ. अनुराग त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी कानपुर डॉ. अर्नब भट्टाचार्य, प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी कानपुर सुशांत भारती, संरक्षण वास्तुकार और शोधकर्ता, इंडिका कोर्स में संकाय सदस्य प्रसिद्ध वैज्ञानिक और शिक्षक यह पहल युवा शोधकर्ताओं को भारत की वैज्ञानिक प्रगति के बारे में अपनी समझ दिखाने और ज्ञान के प्रसार में योगदान देने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगी। हम सभी पात्र प्रतिभागियों को पंजीकरण कर, समय सीमा से पहले अपनी प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत करने और इस परिवर्तनकारी यात्रा में भाग लेने और भारत की वैज्ञानिक विरासत को उजागर करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# ट्यूबवेल पर ले जाकर मकान मालिक ने नाबालिग छात्रा के साथ किया दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** मोदीनगर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां एक मकान मालिक पर नाबा.लिग छात्रा से दुष्कर्म का गंभीर आरा.प लगा है। पीड़िता कक्षा 8 की छात्रा है, जो अपने परिवार के साथ निवाड़ी मार्ग स्थित एक कॉलोनी में किराए के मकान पर रहती है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी मकान मालिक पहले से ही छात्रा को चिप्स और चॉकलेट का लालच देकर अपने पास बुलाया करता था। जिसके बाद मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाकर छेड़छाड़ करता था।

इस बीच फरवरी में मौका पाकर आरोपी छात्रा को कॉलेज से लौटते वक्त अपने साथ हापुड़ रोड पर स्थित गदाना गांव के अपने ट्यूबवेल पर ले गया। जहां उसने छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

आरोपी कई बार इस घटना को अंजाम देता रहा और कहता रहा अगर किसी को बताए तो वह उसके छोटे भाई की हत्या कर देगा। डर के कारण छात्रा चुप और गुमसुम रहने लगी। जब मां ने उससे पूछताछ की तो उसने सारी आपबीती बता दी।

जिसके बाद पीड़िता की मां ने जब आरोपी और उसके परिवार से शिकायत की, तो उन्होंने महिला को गलत ठहराते हुए मकान खाली करने को मजबूर कर दिया। अब आरोपी और उसके परिजन महिला को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। जिसके बाद से ही परिवार डरा हुआ है। उधर, इस मामले में एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि मामला उनके संज्ञान आया है। गंभीरता से जांच की जा रही है।

# पुलिस ने युवती को किया परिवार के सुपुर्द

**डासना।** अध्यात्मिक नगर स्थित पिंक बूथ पुलिस चौकी पुलिस को डासना स्थित मखदूम शाह बाबा की पुलिया के नजदीक एक युवती बरामद हुई। जो बोल नहीं सकती थी। एक बच्चे के सहयोग से पुलिस ने बरामद युवति के स्वजनों की जानकारी प्राप्त की।

युवती को अध्यात्मिक नगर पिंक बूथ पुलिस चौकी पर लाया गया। जानकारी के अनुसार बरामद युवती डासना स्थित उस्मान कॉलोनी निवासी इकराम की पुत्री गुलफशा (21) थी। पिंक चौकी उपनिरीक्षक वंदना भारद्वाज में बताया कि युवती को उसके परिवार में पहुंचा दिया गया है।

# मिलते जुलते नाम से रहे सावधान: प्राची



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जूपी लूडो के द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें अमृता मार्शल व प्राची कबथियाल पब्लिक रिलेशन मैनेजर ने वार्ता को संबोधित किया उन्होंने बताया कि जुपी लूडो केवल मनोरंजन का माध्यम है जो भी लोग यहां पर खेल कर अपना समय व्यतीत करते हैं। उनके लिए जुपी की तरफ से कई सिक्योरिटी स्लैब बनाए गए हैं ताकि वह किसी गेमिंग का शिकार ना हो सके साथ ही उन्होंने कहा कि जुपी से मिलते जुलते कई नाम से गेम ऐप बनाई गई है जिन पर खेलने से किसी भी व्यक्ति को आर्थिक नुकसान हो सकता है। इसलिए मनोरंजन के लिए सोच समझकर जुपी का ही चुनाव करें ताकि आपके साथ कोई धोखाधड़ी न हो सके कई लूडो के प्लेटफार्म मौजूद है जिन पर कंप्यूटर भी एक खिलाड़ी के रूप में होता है इसलिए वहां पर जीतना असंभव है इसलिए आर्थिक नुकसान से बचने के लिए ऐसे प्लेटफार्म का प्रयोग मत करें। बताया कि जुपी लूडो केवल खेलने के लिए प्लेटफॉर्म देता है बाकी यहा सभी रियल खिलाड़ी होते हैं इसके बारे में उन्होंने और भी कई बातें बताई जो कि खिलाड़ियों को सुरक्षित व आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए जरूरी है। उपरोक्त अधिकारियों ने मिलते जुलते नामो से सावधान रहने की अपील की।

# जिले के क्रिकेट प्रेमियों के लिए मैच का हुआ शानदार आगाज

## ब्लास्ट टीम ने बाजी मारकर किया नाम रोशन

**गाजियाबाद।** सूर्य नगर के पार्षद शशि खेमका की पहल पर गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने आप में पहला क्रिकेट मैच यमुना स्पोर्ट्स कंपलेक्स सूरजमल विहार दिल्ली में करवाया गया। इस मैच का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो इंडिया खिलो इंडिया' के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए सूर्यनगर, रामपुरी रामप्रस्थ, चंद्र नगर ब्रिज विहार के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की प्रतिभा को एक प्लेटफार्म दिए जाने का प्रयास है। सूर्य नगर प्रीमियर लीग काउंसिल की आधारशिला क्षेत्रीय पार्षद कृष्ण खेमका (शशि) पार्षद वार्ड 94, नितिन गुप्ता एवं शरद वार्ष्णेय ने आपस में बैठकर रखी। जिसमें संरक्षक और 'सूर्यनगर स्ट्राइकर्स' टीम के ओनर स्थानीय पार्षद कृष्ण खेमका (शशि) बने और नितिन गुप्ता लीग के सभापति एवं 'सूर्यनगर ब्लास्टर्स' टीम के ओनर बने। इसके अलावा एसएनपीएलसी की ऑर्गेनाइजेशन कमेटी के सदस्य शरद वार्ष्णेय, नितिन गुप्ता, जादूगर राजकुमार, पीयूष गोयल, चंद्र दीक्षित, रवि प्रकाश अग्रवाल घोषित किए गए। मैच में दो कोच पीयूष गोयल और चंद्र दीक्षित सिलेक्शन प्रोसेस के लिए निर्धारित किए गए। जिनके नेतृत्व में राजनगर के विभिन्न मैदानों में ट्रायल और प्रैक्टिस मैच खेले गए। सर्वप्रथम लगभग 100 लोगों ने ट्रायल में पार्टिसिपेट किया, लेकिन उसमें 70 लोगों को शॉर्ट लिस्ट किया गया। उसके बाद देविका टावर में बॉक्स क्रिकेट मैच भी खेलकर फाइनल सिलेक्शन 50 खिलाड़ियों का किया गया और अंत में इस लीग का सबसे बड़ा आयोजन दिल्ली के प्रतिष्ठित यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित किया गया।

# छात्रों के विरोध के बाद फिर खुलेंगे फिटजी के बंद सेंटर

## 15 अप्रैल से ऑनलाइन क्लासेज शुरु



**गाजियाबाद।** दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न शहरों में फिटजी के कई सेंटर बंद होने की खबरों के बीच अब फिटजी ने इन सेंटरों को फिर से खोलने का निर्णय लिया है। संस्थान ने 15 अप्रैल से ऑनलाइन क्लासेज और 15 मई से क्लास रूम प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया है। फिटजी ने यह जानकारी अपने रजिस्टर्ड छात्रों को ईमेल के माध्यम से दी है।

कुछ महीने पहले, गाजियाबाद और अन्य शहरों में फिटजी सेंटर अचानक बंद हो गए थे, जिससे छात्रों में असमंजस और चिंता का माहौल बन गया था। इस दौरान कई छात्रों ने इसके खिलाफ केस भी दर्ज कराए थे। अब फिटजी ने अपने रजिस्टर्ड छात्रों को ईमेल भेजकर स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि देश के अधिकांश सेंटरों पर क्लासेज पहले की तरह चल रही हैं और जो सेंटर बंद थे, वे अब फिर से शुरू किए जा रहे हैं। फिटजी ने अपने ईमेल में यह भी स्पष्ट किया कि कुछ आंतरिक और बाहरी प्रतिद्वंदियों ने संस्थान की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाने के लिए षड़यंत्र रचा था। हालांकि, वे अपनी कोशिशों में सफल नहीं हो पाए और अब सभी समस्याओं का समाधान कर लिया गया है।

फिटजी ने कहा कि जिन सेंटरों को आपराधिक साजिश के तहत बंद किया गया था, उन्हें अब फिर से शुरू किया जा रहा है। इसके साथ ही, प्प्ज में एडमिशन के लिए कोचिंग भी शुरू कर दी गई है। फिटजी प्रबंधन ने स्वीकार किया कि यह संकट छोटा नहीं था, क्योंकि दिल्ली-एनसीआर सहित कई शहरों में एक साथ सेंटर बंद हुए थे। इस दौरान शिक्षक संस्थान छोड़कर चले गए, पुलिस केस भी दर्ज हुए और कई बैंक खाते सीज किए गए। बावजूद इसके, फिटजी ने सभी समस्याओं का समाधान किया और अब सेंटर फिर से शुरू करने जा रहा है, जिससे छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी।

फिटजी प्रबंधन ने छात्रों और उनके माता-पिता को आश्वस्त किया कि संस्थान अपने उद्देश्य और शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखेगा। इस निर्णय से दिल्ली-एनसीआर में फिटजी छात्रों के लिए एक नया अध्याय शुरू होगा, जो उन्हें उच्च गुणवत्ता की कोचिंग सुविधाएं प्रदान करेगा।

# मानसून सत्र से पहले विधानसभा होगी पूरी तरह सौर ऊर्जा संचालित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अब पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलेगी, जिससे यह भारत की पहली ऐसी विधानसभा बनेगी जो १००% सौर ऊर्जा पर काम करेगी। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस योजना को लेकर आज अपने कार्यालय में एक बैठक की। इस बैठक में पीडब्ल्यूडी और विधानसभा के अधिकारी शामिल हुए और योजना को अंतिम रूप दिया गया। विधानसभा की छतों का ड्रोन से निरीक्षण भी किया गया, ताकि सोलर पैनल लगाने के लिए सही जगहों का पता लगाया जा सके। इस योजना के तहत ५०० किलोवॉट की सौर ऊर्जा प्रणाली लगाई जाएगी, जो अगले ६० दिनों में पूरी हो जाएगी। इससे विधानसभा को १०% अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इस पहल से हर महीने करीब घ्१५ लाख की बिजली की बचत होगी और सरकार का बिजली खर्च भी कम होगा।

विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि "सौर ऊर्जा से हम आत्मनिर्भर विधानसभा की ओर बढ़ रहे हैं। यह दिल्ली विधानसभा को देशभर में एक नई पहचान दिलाएगा। हम स्वच्छ और हरित ऊर्जा के उपयोग से देश की बाकी विधानसभाओं के लिए भी मिसाल पेश करेंगे।" पुराने २०० किलोवाट सौर रूफटॉप सिस्टम को हटाकर एलओए की तारीख से ६० दिनों के भीतर ५०० किलोवाट का नया सौर रूफटॉप सिस्टम स्थापित करना और हर महीने की १५ लाख रुपए की बिजली बिल की बचत,लोगों में हरित ऊर्जा लक्ष्यों और शून्य बिजली बिल के प्रति जागरूकता फैलाना,शासन में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देनाकार्बन उत्सर्जन और सार्वजनिक ऊर्जा की खपत को कम करना इस परियोजना का उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहा है।

दिल्ली विधानसभा भी सौर ऊर्जा के उपयोग से ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।" गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस परियोजना पर तुरंत काम शुरू किया जाए और इसका टेंडर अगले हफ्ते तक जारी कर दिया जाए। इस साल का मानसून सत्र पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलेगा, जिससे देश में ऊर्जा बचत और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

# आतिशी-सिसोदिया ने भाजपा पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आप नेता आतिशी और मनीष सिसोदिया ने एक बार फिर दिल्ली की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। आप के ऑफिशियल व सिसोदिया के एक्स अकाउंट से एक-एक पोस्ट डाली गई है। दोनों पोस्ट में निजी स्कूलों द्वारा की गई फीस वृद्धि को लेकर दिल्ली की भाजपा सरकार और शिक्षा मंत्री आशीष सूद पर निशाना साधा गया। आप के एक्स अकाउंट पर डाली गई पोस्ट में लिखा कि शिक्षा माफिया और बीजेपी की साठगांठ फिर एक्सपोज हुई।

रविवार छह अप्रैल को दिल्ली के निजी स्कूलों के मालिकों और मंत्री आशीष सूद की मीटिंग हुई है। इसमें स्कूल मालिकों को भरोसा दिया गया है कि स्कूलों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा। आप की ओर से कहा गया कि कुछ समय बाद दिल्ली सरकार एक आदेश जारी करेगी, जिसमें उन्हें हर साल १० प्रतिशत फीस बढ़ाने की खुली छूट दी जाएगी। वहीं, मनीष सिसोदिया के एक्स अकाउंट से डाली गई पोस्ट में लिखा कि यह देखिए... शिक्षा माफिया की हिम्मत अब दिल्ली में इतनी हो गई है कि छोटे-छोटे मासूम बच्चों को क्लासरूम से बाहर बिठाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। आप सरकार में ऐसी किसी की हिम्मत नहीं हुई । अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते १० साल तक किसी की ऐसी हिमाकत करने की हिम्मत नहीं हुई। अगर आज केजरीवाल सरकार होती तो मासूम बच्चों को इस तरह प्रताड़ित करने वाले ऐसे स्कूल प्रबंधकों को २४ घंटे में जेल में भिजवा देती।

# कूड़े पर सियासत, भाजपा व आप आमने-सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अब घर का कूड़ा सियासत का सामान बन गया है। नगर निगम की ओर से घरों से कूड़ा उठाने के बदले यूजर चार्ज वसूलने के मामले में राजधानी में सियासत गरमा गई है। आप और भाजपा आमने-सामने हैं। आप ने इस मामले पर सड़कों पर उतरने की बात की है।

आप का आरोप है कि भाजपा सरकार बिजली-पानी और स्कूलों के नाम पर पहले ही जनता को परेशान कर रही है, अब एमसीडी के जरिये नया टैक्स थोप रही है। भाजपा पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में यूजर चार्ज वापस नहीं लिया गया तो वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। आप ने नगर निगम आयुक्त से कूड़ा उठाने पर यूजर चार्ज लेने के लिए जारी अधिसूचना को तत्काल वापस लेने की मांग की है। अगर यूजर चार्ज लेने का आदेश वापस नहीं होगा तो आप आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि जब आप सरकार थी तो कूड़े पर शुल्क लगाना रोक रखा था, लेकिन रविवार को आननफानन में एमसीडी सदन में बिना कोई प्रस्ताव लाए और मेयर को बिना जानकारी दिए यूजर चार्ज लेने की अधिसूचना जारी कर दी गई।

एमसीडी ने घर-घर से कूड़ा उठाने की सेवा पर यूजर चार्ज लागू कर दिया है, लेकिन हकीकत यह है कि बहुत से इलाकों में लोगों को यह सेवा या तो समय पर नहीं मिल रही या फिर कई-कई दिन तक ऑटो टिप्पर नहीं आता। इनका रूट और समय भी तय नहीं है। ऐसे में लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि जब नियमित सेवा ही नहीं है तो फिर शुल्क वसूलने का क्या औचित्य है। दरअसल, एमसीडी निजी कंपनियों के माध्यम से कूड़ा उठवाती है। कंपनियों ने घरों से कूड़ा उठाने के लिए २५०० ऑटो टिप्पर लगा रखे हैं, जबकि दिल्ली में लगभग ४० लाख मकान हैं जिनसे रोजाना कचरा निकलता है। ऐसे में अगर गणना की जाए, तो हर टिप्पर को प्रतिदिन १६०० घरों से कूड़ा उठाना चाहिए, जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।

# छात्रों के साथ मिलकर विकसित दिल्ली के लिए रास्ता बनाएंगे: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्व. विद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय की शताब्दी वर्षगांठ समारोह में भाग लिया। कीं। इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छात्राओं, शिक्षकों और प्रबंधन को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इंद्रप्रस्थ कॉलेज की छात्राओं ने शिक्षा से लेकर राष्ट्र निर्माण तक हर क्षेत्र में नेतृत्व किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के छात्रों के साथ मिलकर हमें विकसित दिल्ली की दिशा में आगे बढ़ना है, क्योंकि देश की प्रगति का मार्ग युवाओं के हाथों से होकर गुजरता है। इसी उद्देश्य को साकार करने हेतु, सरकार ने षविक. सित दिल्ली बजट २०२५ष में शिक्षा क्षेत्र के लिए घ्१९,२९१ करोड़ का विशेष प्रावधान किया है।

इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय नारी शिक्षा, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता का एक आदर्श केंद्र रहा है। । मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दो. हराते हुए बताया कि षविकसित दिल्ली बजट २०२५ष के तहत शिक्षा क्षेत्र के लिए घ्१९,२९१ करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जो कुल बजट का १९.२९% है। साथ ही तकनीकी शिक्षा, स्किल यूनिवर्सिटी और महिला तकनीकी विवि के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। साथ ही हरित दिल्ली के बारे में भी सरकार के संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में इस वर्ष ७० लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है । इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्कूलों के छात्र, शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन और स्थानीय समितियाँ इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभांएगे। इसके साथ ही 'पर्यावरण रक्षक' नामक एक नई पहल की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा और उनमें जागरूकता भी उत्पन्न की जाएगी।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्तादिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय की शताब्दी वर्षगांठ समारोह में भाग वक्तव्य देते हुए।**

# डीडीए की जमीन पर हुआ अतिक्रमण तो अब नपेंगे अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीडीए की जमीन पर अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहे अतिक्रमण पर लगाम लगाने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ा फैसला लिया है। अब ऐसे मामलों में अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज होगी।

उन्होंने मयूर विहार फेज-१ से एनएच-२४ तक पुस्ता रोड के पास डीडीए की जमीन पर दोबारा हुए अतिक्रमण मामले में फील्ड स्टाफ को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। निलंबित किए गए कर्मचारियों में मयूर नेचर पार्क प्रोजेक्ट के लिए जिम्मेदार सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता भी शामिल हैं। उपराज्यपाल ने निर्देश दिया कि भविष्य में यदि डीडीए की जमीन पर नए या दोबारा अतिक्रमण की कोई घटना होती है तो संबंधित अधिकारियों, इंजीनियरों का सामान्य निलंबन या जांच के अलावा आपराधिक आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज होगी।

वहीं, मयूर विहार फेज-१ मामले में आरोपी की जवाबदेही सुनिश्चित करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई को सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई है। इसके अलावा मामले में डीडीए कर्मियों और बाहरी लोगों की मिलीभगत व संभावित आपराधिक साजिश का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी।

# किन्नर बनकर रह रहे पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने एक ही इलाके से ५ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। सभी किन्नर बनकर ट्रैफिक लाइटों पर भीख मांगते थे।

गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद शकीदुल, मोहम्मद दुलाल अख्तर उर्फ हाजेरा बीबी, मोहम्मद अमीरुल इस्लाम उर्फ मोनिका, मोहम्मद माहिर उर्फ माही और सद्दाम हुसैन उर्फ रुबीना है। आरोपियों के पास से पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जांच में पता चला है कि आरोपी एक प्रतिबंधित एप के जरिये बांग्लादेश में अपने स्वजनों से बात करते थे। डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि आरोपियों ने अपनी शारी. रिक बनावट बदलने और ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों का रूप धारण करने के लिए छोटी सर्जरी करवाई और हार्मोनल इंजेक्शन लिए। इसके बाद वे ट्रैफिक सिग्नल पर भीख मांगते और अन्य गतिविधियों में लिप्त पाए गए।

जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास एक हफ्ते की निगरानी के बाद पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि ये सभी पांच लोग दरियागंज में रह रहे थे और एजेंटों की मदद से अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे अवैध रूप से भारत में घुसे, ट्रेन से दिल्ली आए और किन्नर के रूप में पहचान बनाने के लिए सर्जरी और हार्मोन का उपचार किया।

# जू में ऑस्ट्रेलियाई ईमू के अंडो से दो चूजे हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सात साल बाद दिल्ली चिड़ियाघर में ऑस्ट्रेलियाई ईमू के अंडो से दो चूजे हुए हैं। लंबे समय बाद ईमू के बच्चों के जन्म होने से चिड़ियाघर प्रशासन भी काफी खुश है। बच्चों की दिनरात देखरेख की जा रही है। इससे पहले २०१८ के मार्च महीने में चूजे हुए थे। चूजों की निगरानी जारी है। चिड़ियाघर में पहले से ११ ईमू है। ईमू दुनिया का दूसरा सबसे पड़ा पक्षी है। दूसरे पक्षियों में अंडे देने की अवधि २८ दिन की होती है, जबकि ईमू ५६ दिन की अवधि में अंडा देता है। इसकी गर्दन लंबी और मजबूत होती है। चिड़ियाघर में नीलगाय के आपस में भिड़ने से एक नीलगाय की बीते दिन मौत हो गई। चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने बताया कि नीलगाय में अक्सर लड़ाई हो जाती है। यह घटना सोमवार की है।

# कुख्यात ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के शाहदरा थाने के स्टाफ ने कुख्यात ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से छह चोरी की गाड़ियों, मास्टर चाबी बरामद की है।आरोपी एम.एस. पार्क थाने का बीसी है और हत्या, शस्त्र अधिनियम, एम.वी. चोरी सहित १९ से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। वह हाल ही में मंडोली जेल से रिहा हुआ था। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि ०८ अप्रैल को रात्रि गश्त ड्यूटी के दौरान, शाहदरा थाने के स्टाफ ने एक ऑटोलिफ्टर शाहिद उर्फ सह जाद ( ३५ ) को उस पकड़ लिया जब वह कबूल नगर,क्षेत्र से एक बाइक की चोरी करने की कोशिश कर रहा था। जब आरोपी ने चोरी करने की कोशिश की, तो उक्त बाइक के मालिक भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी शाहिद उर्फ सहजाद को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी एम. एस. पार्क थाने का बीसी है और हाल ही में मंडोली जेल से रिहा हुआ है। उसने तीसरी कक्षा तक पढ़ाई की है और हत्या, शस्त्र अधिनियम, एम.वी. चोरी सहित १९ से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। आरोपी ने बताया कि उसने सीलमपुर, वेलकम, कृष्णा नगर, आनंद विहार और एम. एस. पार्क इलाकों से कई अन्य दोपहिया वाहन चुराए हैं।

# एनडीएमसी ने बनाई शिवाजी स्टेडियम टर्मिनल के पुनर्विकास की योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी ने कनॉट प्लेस स्थित शिवाजी स्टेडियम टर्मिनल के पुनर्विकास की योजना बनाई है। इसके तहत टर्मिनल को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इससे सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और अधिक सुगम बनेगी। यहां लगभग २०० वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा मिलेगी। योजना पूरी होने के बाद बस व अन्य वाहन खड़े करने में दिक्कत नहीं होगी।

एनडीएमसी ने पहले शिवाजी स्टेडियम टर्मिनल पर बस टर्मिनस, साइकिल शेयरिंग स्टेशन, ऑटो रिक्शा स्टैंड और अन्य सार्वजनिक परिवहन के विकल्पों को विकसित करने की योजना बनाई थी। इसमें ११३ वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था प्रस्तावित थी, लेकिन भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से परियोजना को और विस्तृत करने का निर्णय लिया गया है।

इसके तहत अब टर्मिनल में अधिक बसों और वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा को बढ़ाया जाएगा, ताकि यहां अधिक संख्या में यात्री लाभान्वित हो सकें। शिवाजी स्टेडियम टर्मिनल दिल्ली के महत्वपूर्ण परिवहन केंद्रों में से एक है। यहां रोजाना हजारों यात्री आते-जाते हैं। ऐसे में पार्किंग सुविधा की कमी और सार्वजनिक परिवहन के समुचित प्रबंधन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। एनडीएमसी के नए निर्णय के तहत यहां न केवल पार्किंग सुविधा को बढ़ाया जाएगा, बल्कि यात्रियों की सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। नई योजना के तहत इस टर्मिनल को आधुनिक तकनीक और यात्री सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। यहां स्वच्छ प्रतीक्षा कक्ष, बैठने की उचित व्यवस्था, साफ-सुथरे शौचालय, पीने के पानी की सुविधा और सुरक्षा के विशेष उपाय किए जाएंगे। इसके अलावा सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए बसों की आवाजाही को भी अधिक सुव्यवस्थित किया जाएगा।



**दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद आशीष सूद दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा संचालित नाईट शेल्टर का निरीक्षण करते हुए।**

# मंत्री आशीष सूद ने नाईट शेल्टर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा द्वारका सेक्टर ३, फेज- ३ में संचालित ४ नाईट शेल्टर का निरीक्षण किया

निरीक्षण में उनके साथ दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के बाद शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने बताया कि आज का औचक निरीक्षण इन शेल्टर होम की वास्तविक स्थिति जानने के लिए रखा गया था। मंत्री ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के सीईओ, इंजीनियर तथा रखरखाव करने वाली संस्था को निर्देश दिए की इन सभी नाइट शेल्टर में रहने वाले बेघरों को मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने के लिए स्वच्छ पानी, टॉयलेट, मौसम अनुसार बिस्तर, लाइट तथा इनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए पंखे और कलर की भी उचित व्यवस्था होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार दिल्ली में सभी बेसहारा लोगों को आश्रय देने के साथ साथ जीवन यापन के लिये जरूरी मूलभूत सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है । हम समय-समय पर इन नाईट शेल्टर का दौरा करेंगे और यहां दी जा रही सुविधाओं की जांच भी की जाएगी। उन्होंने नाईट शेल्टरों को संचा. लित करने वाली एजेंसी को निर्देश दिए कि वह गुणवत्ता के सभी मानकों को पूरा करें अन्यथा उन पर कार्यवाही हो होगी।

# पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में वसूली राशि से होगा हवा-पानी साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति पर्यावरण क्षतिपूर्ति (ईसी) के रूप में वसूली गई करोड़ों रुपये की राशि का उपयोग पानी और हवा को साफ करने पर करेगी। इसके लिए डीपीसीसी ने कार्ययोजना तैयार की है। इसमें पर्यावरण में सुधार के लिए आठ गतिविधियों में पर्यावरण क्षतिपूर्ति का उपयोग किया जाएगा। यही नहीं, प्रत्येक गतिविधि के लिए प्रस्तावित मद के साथ ही समय-सीमा भी निर्धारित की गई है।

वहीं, डीपीसीसी सभी आठ गति. विधियों पर करीब ७० करोड़ रुपये खर्च करेगी। साथ ही, इसे पूरा करने की निर्धारित तारीख दिसंबर २०२५ से अप्रैल २०२६ के बीच तय की गई है। दरअसल, राष्ट्रीय हरित अधिकरण को डीपीसीसी ने अपनी हालिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है।

डीपीसीसी के सदस्य सचिव डॉ. केएस जयचंद्रन ने यह रिपोर्ट आवेदनकर्ता त्रिभुवन कुमार के एक आवेदन पर दाखिल की है। इसमें पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क के रूप में डीपीसीसी की तरफ से उल्लंघनकर्ताओं से वसूले गए करोड़ों रुपये के उपयोग की एक कार्ययोजना पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। ऐसे में एनजीटी ने इस मामले में डीपीसीसी को रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। डीपीसीसी ने अपनी रिपोर्ट में अदालत को बताया कि पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि का उपयोग करने के संबंध में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने ११ गतिविधियां निर्धारित की हैं। इसमें वायु व जल गुणवत्ता की निगरानी से लेकर जल निकायों की बहाली व लैब की स्थापना शामिल है।

ऐसे में डीपीसीसी ने आठ गति. विधियों की एक कार्ययोजना तैयार की है। वहीं, रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि डीपीसीसी के पास उपलब्ध ईसी फंड की मात्रा ६५. १४९४ करोड़ रुपये है। पिछले १२ महीनों के दौरान प्राप्त ईसी के आंकड़ों के आधार पर डीपीसीसी में ईसी का औसत मासिक प्रवाह लगभग ९३ लाख रुपये है।

# नई दिल्ली स्टेशन आने वाली 5 ट्रेनों के स्टॉपेज में बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन आने वाली पांच प्रमुख ट्रेनों के स्टॉपेज में बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेनें तिलक ब्रिज, सब्जी मंडी और निजामुद्दीन में भी रुकेंगी। खासकर दोपहर ३ बजे से रात ९ बजे के बीच नई दिल्ली स्टेशन पहुंचने वाली ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाए गए हैं।

बीते दिनों नई दिल्ली स्टेशन पर भीड़ की वजह से भगदड़ में १८ लोगों की जान चली गई थी। इस घटना से सबक लेते हुए रेलवे भीड़ कंट्रोल करने के लिए इस तरह के कदम उठा रहा है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, दोपहर ३ बजे से रात ९ बजे के बीच बड़ी संख्या में नई दिल्ली स्टेशन से ट्रेनें चलती हैं।

इनमें कई राजधानी भी शामिल हैं। इस दौरान बाहर से भी कई ट्रेनें नई दिल्ली पहुंचती हैं, जिससे प्लेटफॉर्म पर भीड़ बढ़ने की आशंका रहती है। इस भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने ५ प्रमुख ट्रेनों के स्टॉपेज दिल्ली में बढ़ाए हैं। रेलवे के अनुसार यह स्टॉपेज केवल आने वाली ट्रेनों पर लागू है, जाने के लिए नहीं। ऐसे में जो लोग इन ट्रेनों से जाने वाले हैं, उन्हें नई दिल्ली स्टेशन ही आना पड़ेगा।

# 2020 के एक्स पोस्ट पर कपिल मिश्रा ने कोर्ट में दी सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने अदालत में कहा कि मेरे एक्स हैंडल से पोस्ट में विरोधी पार्टियों को निशाना बनाया गया, किसी समुदाय को नहीं। राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया के समक्ष पेश हुए कपिल मिश्रा के अधिवक्ता ने अपने मुवक्किल की पुनरीक्षण याचिका पर बहस के दौरान यह दलील दी। अधिवक्ता ने दलील दी कि उनके मुवक्किल पोस्ट में केवल दो पार्टियों (कांग्रेस और आप) को निशाना बनाया है। इस दौरान कपिल मिश्रा वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अधिवक्ता ने दलील दी कि पुलिस मामले में एक्स से रिपोर्ट प्राप्त करने का प्रयास कर रही है।

# दो दिन झुलसाने वाली गर्मी, अलर्ट पर अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अप्रैल के महीने में ही इस बार जून जैसे हालात हो गए हैं । अभी कम से कम दो दिन इससे राहत भी नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने ११ अप्रैल को हल्की बारिश की संभावना जताई है, उसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट के साथ सूरज की तपिश से मामूली राहत मिलने की उम्मीद है।

मौसम के करवट लेने के साथ ही राजधानी में लू चलने लगी है। ऐसे में लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, अभी अस्पतालों में लू से पीड़ित लोग नहीं पहुंच रहे, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को हाईअलर्ट पर रहने का आदेश दिया है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं के स्टॉक के साथ बर्फ का टब सहित अन्य जरूरी सामान की व्यवस्था की जा रही है। आंकड़े बताते हैं कि बीते १५ साल में यह दूसरा मौका है, जब अप्रैल में ही दिल्ली के लोग लू का सामना कर रहे हैं। राजधानी में वर्ष २०११ के बाद २०२२ में आठ से ११ अप्रैल तक यानी चार दिन लू की स्थिति रही थी। हालांकि, २०२२ में ११ दिन, २०१७ में चार ओर २०१६ में एक दिन लू चली थी। गर्मी बढ़ने के साथ दिल्ली में बिजली की खपत भी बढ़ रही है। बिजली की अधिकतम मांग ५०२९ मेगावाट तक पहुंच गई है। जो इस सीजन में अब तक की सबसे अधिक मांग है। मंगलवार को दोपहर ३:३० बजे अधिकतम लोड दर्ज किया गया। इस सीजन में दिल्ली में अधिकतम लोड ९००० मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। डीआईएससीओएम अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। सामान्य से अधिक तापमान और गर्म हवाओं के पूर्वानुमान के बीच, दिल्ली में जून के अंत या जुलाई की शुरुआत में अधिकतम लोड ९,००० मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है।

**15 साल में दूसरी बार दिल्ली अप्रैल में ही कर रही लू का सामना**

दिल्ली में इस बार लोगों को असामान्य गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही निकलने वाली धूप के चलते पारा तेजी से बढ़ रहा है। बुधवार को दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में तेज धूप निकली। ९ बजे के बाद से ही लोगों को तपिश महसूस होने लगी। दोपहर के समय खासतौर पर खुले में काम करने वाले और दोपहिया वाहन चालकों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल**

पत्रांक: 2517 / X6 **नोटिस** दिनांक: 01.04.2025

1. गीताञ्जली आनन्द पुत्री स्व0 श्री के0 के0 आनन्द निवासी ओकवुड भवन अयारपाटा निकट केनफील्ड तल्लीताल नैनीताल।
2. श्री गीतेश्वर आनन्द पुत्र स्व0 श्री के0 के0 आनन्द निवासी पी0 2ए 024 प्रिन्सटन स्टेट निकट जैनपैक्ट बिल्डिंग डी0एल0एफ0 सीटी फेस-5 सिकन्दरपुर घोसी (66) गुड़गांव हरियाणा।122002
3. श्री गीताम्बर आनन्द पुत्र स्व0 श्री के0 के0 आनन्द निवासी सी 226 सेक्टर 44 नोएडा गौतमबुद्धनगर उ0 प्र0। 201301

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1),(2)व (3) के अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं0 9 भवन संख्या 62 में लगी भूमी 50X50-2500 वर्गफुट आनन्द हाउस केन फील्ड तल्लीताल नैनीताल सम्पत्ति है जो कि पालिका अभिलेखानुसार श्री के0 के0 आनन्द पुत्र स्व0 श्री एल0 बी0 आनन्द के नाम से दर्ज चली आ रही है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संशोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्टी मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन एवं वार्षिक भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत विक्रय लेखपत्र दिनांक 18.11.1976 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति को Futura Dresses Private Limited Company के नाम से पंजीकृत किया है। उक्त सम्पत्ति के स्वामी श्री के0 के0 आनन्द की मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तराजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र के आधार पर उपरोक्त सम्पत्ति को Futura Dresses Private Limited Company Nainital का नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वंय या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनॉक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधी समाप्त होने वाले दिनॉक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद,नैनीताल।

# पालिका बोर्ड बैठक में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों पर लगी मुहर

## बंधन योजना के तहत लंगडे वाली बगीची में कराया जाएगा मंदिर का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को नगर पालिका बोर्ड की बैठक आयोजित की हुई जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष एड. राजुद्दीन ने की। बैठक में विकाश कार्यो पर चर्चा की गई और करोड़ों रूपये के विकाश कार्य स्वीकृत हुए। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में भेजा गया बजट शासन स्तर पर स्वीकृत हो गया है और विकाश कार्य कराने के लिए 15वें वित्त की धनराशि 4 करोड़ 58 लाख रूपए पालिका को मिल चुके है।

पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में बजट पास कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया था। शासन स्तर से ये बजट स्वीकृत हो गया है। उन्होने बताया कि नगर में सफाई कार्य का ठेका आगामी 31 मार्च को समाप्त हो गया था। अब इस ठेके को आगे बढाने के लिए कार्रवाही की जायेगी ताकि नगर में सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे। इसके अलावा आउटर्सोसिंग का ठेका भी नए सीरे से छोडा जाना है। पुरानी कम्पनी के कार्य ठीक न करने पर सभाषदों ने पुरानी कम्पनी का ठेका समाप्त करने का निर्णए लिया है। उन्होने बताया कि पालिका को 15वें वित्त की दो साल से रूकी हुई राशि 4 करोड़ 58 लाख रूपए पालिका को मिल चुके है। यह राशि नगर के विकाश पर खर्च की जाएगी। उन्होने बताया कि इस राशि से नाले साफ करने के लिए छोटी जेसीबी खरीदी जाएगी तथा स्काई लिफ्ट भी खरीदी जाएगी ताकि खंबों पर खराब लाईट ठीक करने में कोई समस्या सामने न आए। उन्होने बताया कि इसके अलावा कुडा कलेक्सन के लिए 6 कचरा वाहन भी खरीदे जाएगे। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि बंधन योजना के तहत मिली धनराशि से नगर में लगड़े वाली बगीची में मंदिर का निर्माण कराया जायेगा। इसके साथ ही दीनदयाल उपाध्याय योजना में मिली धनराशि से एक्सचेंज तिराहे से रोड का निर्माण कराया जायेगा। उन्होने बताया कि सौन्दर्यकरण के लिए तिरंगा पोल खरीदे जायेगें और हाई मास्क लाईट खरीदने की योजना है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि प्रदूषन विभाग से भी पालिका बोर्ड को साढ़े चार करोड़ की ग्रांट मिली है। स्वीकृति मिलने के बाद इसको भी विकाश कार्यो में खर्च किया जायेगा।



# मेरी पत्नी से मुझे बचाओ, पति ने थाने पहुंच लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर के एक युवक ने अपनी पत्नी पर मारपीट करने और पैसा मागनें का आरोप लगाते हुए पत्नी के खिलाफ थानें मे तहरीर दी है।

खट्टा प्रहलादपुर के नरेन्द्र पुत्र मानसिंह ने थाना चांदीनगर पहुंच पत्नी से जान का खतरा बताते हुए उससे बचानें की गुहार लगाते हुए तहरीर दी है। उसने बताया की उसकी शादी खेकड़ा की गरीमा से हुई है उसके दो बच्चें भी है। उसने बताया की उसकी पत्नी उससे हर माह 6 हजार रूपये मांगती है और न देने पर मारपीट करती है। उसने बताया की बुधवार सुबह भी उसने नरेन्द्र की बहन के साथ मारपीट की वही वह लगातार जान से मारने की भी धमकी देती है। उस बारे मे जब उसने पत्नी के घर वालो से शिकायत की तो उन्होंने भी उसे कुछ नही कहा जिससे परेशान होकर वह चांदीनगर थानें पहुंचा और पत्नी के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाही की मांग की है।



# क्षेत्र में झुलसाने लगी गर्मी, ग्रामीण इलाकों में पारा 45 डिग्री के पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के ज्यादातर इलाकों में झुलसाने वाली गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। दिल्ली से सटे बड़ौत एनसीआर का पुरा क्षेत्र इस समय लूं की चपेट में हैं। अगले दो दिनों तक फिलहाल तेज धूप और गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली। रात के पारे में भी बढ़ोतरी आएगी। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को दिल्ली से सटे और आसपास के इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक आठ अप्रैल से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके असर से पुरवा हवाएं चलेंगी। इस समय किसान अपने खेतों में गेहूं की फसल को काट रहा है। तेज गति से धूप की गर्मी भी किसानों को सताने लगी है। अब किसान दिन रात अपने खेतों में डेरा डाले हुए है।



# मकान गिराने पहुंची तहसील प्रशासन टीम वापस लौटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर में ग्राम समाज की जमीन पर बने अवैध मकान को गिरानें तहसील प्रशासन टीम मौकें पर पहुंची जहां तीन मंजिल मकान को देख संसाधनों की कमी के चलते मकान को नही गिराया गया एसडीएम बागपत ने बताया की जल्द संसाधनों के साथ टीम भेज कार्यवाही की जायेगी।

खट्टा प्रहलादपुर गांव में खसरा सख्या 2399 पर सरकारी भूमि दर्ज है जिसमे ग्राम प्रधान क्षमा देवी सहित दर्जनो लोगो का कब्जा है जिसमे 9 सितम्बर 2024 में तहसील प्रशासन टीम ने पहुंच 6 लोगो के मकान कब्जे से हटवा दिये थे इसके बाद भी क्षमा देवी सहित अन्य लोगो का कब्जा बरकरार था। गांव के लोगो की शिकायत के बाद 11 नवम्बर 2024 को फिर तहसील टीम मकान गिराने पहुंची लेकिन मामला कोर्ट में जाने के कारण तहसील प्रशासन टीम को वापस लौटना पड़ा गांव के लोगो ने बताया का की ग्राम प्रधान का पुत्र राजू खट्टा एक कुख्यात अपराधी है जिसके चलते मकान नही गिराया गया। बुधवार को प्रशासन के आदेश पर तहसील प्रशासन टीम कानूनो अशोक कुमार, नायब तहसीलदार मोनिका यादव, लेखपाल मोहित सहित फिर खट्टा गांव पहुंची और मौकें का निरीक्षण किया। तीन मजिंल मकान को गिराने के लिए संसाधनों की कमी नजर आयी जिसके चलते टीम को वापस लौटना पड़ा। एसडीएम बागपत अविनाश त्रिपाठी ने बताया की टीम को मौकें का निरीक्षण करने भेजा था जहां तीन मंजिल मकान को संसाधनों की कमी के चलते नही गिराया गया जल्द संसाधनों सहित टीम भेजकर अवैध कब्जे को हटवाया जायेगा।



## एक नजर

### बाईक सवार बदमाशों ने युवक से लूटा हजारों का बकरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली के समीप अमरूद के बांग के समीप बकरा चरा रहे एक युवक से दो बाईक सवार बदमाश बकरा लूट ले गये पीड़ित ने पुलिस को सूचना दे दी है।

चमरावल निवासी नवाब पुत्र अजीज ने ढिकोली के नरेन्द्र उर्फ बिटटू का अमरूदो का बाग ले रखा है, बाग के समीप ही नवाब का पुत्र जोया अहमद अपना बकरा चरा रहा था तभी बाईक सवार दो बदमाश वहा पहुंचे और युवक से बकरा लूट लिया। युवक ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गयी। उनके जाने के बाद उसने तुरंत अपने पिता नवाब को सूचना दी नवाब ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी और थानें पहुंच बदमाशों के खिलाफ तहरीर भी दी है।

### आज सभी स्कूल, कॉलेज व सरकारी कार्यालय में रहेगी छुट्टी, बैंक भी रहेंगे बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** उत्तर प्रदेश के सभी बैंकों में आगामी 10 अप्रैल को अवकाश घोषित किया गया है। गुरुवार के दिन महावीर जयंती मनाई जा रही है। इसके साथ ही 14 अप्रैल सोमवार को भी बैंकों में छुट्टी रहेगी। इस प्रकार बैंक लगातार तीन दिनों तक बंद रहेंगे। 12 अप्रैल महीने का दूसरा शनिवार है। सभी बैंक महीने के दूसरे शनिवार को बंद रहते हैं। 13 अप्रैल को रविवार का अवकाश है। जबकि 18 अप्रैल शुक्रवार को गुड फ्राइडे के लिए अवकाश घोषित किया गया है। वही बेसिक शिक्षा परिषद सेजरी अवकाश तालिका के अनुसार 10 अप्रैल को महावीर जयंती की छुट्टी है। जबकि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती और 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे की छुट्टी है। जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ से भी महावीर जयंती, अंबेडकर जयंती और गुड फ्राइडे को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन सभी स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

### उधार दिए गए पैसे मांगने पहुंचे युवक के साथ की अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**छपरौली।** उधार दिए गए पैसे मांगने पहुंचे युवक के साथ की अभद्रता। पीड़ित ने न्यायालय में युवक के खिलाफ कार्रवाई करने व मुकदमा दर्ज करने की लगाई गुहार।

पीडित ने बताया कि 15 दिसंबर 2024 को सुमित पुत्र चन्द्रहास निवासी बदरखा ने अपने पिता के इलाज के लिए उससे पैसे उधार लिए थे। विश्वास दिलाया था कि वह जल्द पैसे वापस लोटा देगा। बताया कि एक माह बित जाने के बाद भी सुमित ने उसको पैसे नही लौटाएं। उसके दबाव बनाने सुमित ने पीड़ित प्रमोद को चेक दे दिया। चेक बैंक मे लगाया तो उस मे पैसे नही प्राप्त हुए। पीड़ित ने कानूनी कार्रवाई की जब सुमित को इस का पता चला तो उसने रूपए जल्द लौटाने का वादा किया। जब उसने फिर पैसे मांगे तो सुमित धमकाने लगा। सुमित का व्यवहार देखकर पीड़ित छपरौली थाने पहुंचा लेकिन वहा से उसको कोई आशवासन नही मिला। उसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली जहा से पीड़ित के शिकायत पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज के आदेश दिए गये।

### आंगनबाडी कार्यकत्री को घर में खींचकर किया दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के गांव काठा में तीन लोगों ने घर में कपडे बदलने जा जार ही एक आंगनवाडी कार्यकत्री को अपने मकान में खींच लिया ओर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने इस संबंध में आरोपियों के विरूध एक तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। जांच के बादी आरोपियों के विरूध कार्रवाई की जाएगी।



काठा निवासी एक महिला के अनुसार वह एक आंगनवाडी कार्यकत्री है। उसके अनुसार बुधवार को सुबह बच्चों को आंगनवाडी केंद्र पर छोडकर वह अपने घर कपडे बदलने के लिए अपने घर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही दो युवकों व उनके पिता ने उसे रोक लिया ओर उसे खींच कर अपने मकान में ले गए। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और उसके कपडे फांड डाले। आरा. ेप है कि आरोपियों ने अपनी ही जाति केअन्य युवकों को बुला लिया। उन लोगों ने भी उसके साथ अभद्रता की और उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पेट में लात मारी जिससे उसके पेट में दर्द बना हुआ हैं। पीड़िता ने इस संबंध मे आरोपियों के विरूध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं। इस संबंध मे कोतवाली प्रभारी का कहना है कि इस मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद रपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री जोया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

दिलशाद पुत्र मुनत्याज निवासी ग्राम बसौद थाना व जनपद बागपत।

# रक्तदान शिविर में 50 से अधिक रक्त वीर बने महादानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** दाहा गाँव में रक्तदान हेतु विशाल कैंप आयोजित हुआ। रक्तदान के लिए लोगें का उत्साहवर्धन किया और उन्हे उपहार दिए गए। इस दौरान युवाओं ने बढ चढ कर रक्तदान किया। रक्त वीरों की संख्या ने अर्धशतक पार किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन किसान उत्पादक संघ बिनौली के सभापति मास्टर देवेंद्र राणा एवं डा. आदित्य पांडे द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

गांव दाहा में बरनावा मोड़ स्थित जनता क्लीनिक पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 52 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर एफपीयू बिनोली के सभापति मास्टर देवेंद्र राणा ने सभी रक्तदाताओं को चैरिटेबल ब्लड बैंक बड़ौत की सदस्यता भी ग्रहण कराई तथा प्रत्येक दान कर्ता को उपहार स्वरूप एक वाटर जग एवं सदस्यता प्रमाण पत्र भी दिया गया। चौरिटेबल ब्लड सेंटर मेडिसिटी हॉस्पिटल बड़ौत द्वारा डा.आदित्य पांडेय चिकित्सा अधिकारी एवं मिस्टर गौरव जोशी निदेशक मिस्टर रविंद्र सुपरवाइजर मिर्ची छाया धाम कोऑर्डिनेटर मिस्टर अजय टेक्नीशियन मिस्टर दीपक टेक्नीशियन मिस्टर सृष्टि डा.अयूब आशु समीर यजपाल राणा परवेज आदि की टीम द्वारा विशेष सहयोग किया गया।



# परीक्षा फल घोषित होने पर मेधावी बच्चों को सिल्ड़ देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का परीक्षाफल घोषित किया गया जिसमें पांच मेधावी बच्चों को सिल्ड़ देकर सम्मानित किया गया। इस मौकें पर प्रधान अध्यापक युद्धवीर सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए लक्ष्य निर्धारित करने को कहा।

ढिकोली गांव प्राथमिक विद्यालय 2 में बच्चों का परीक्षाफल घोषित किया गया और एक कार्यकम्र का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के पांच मेधावी बच्चों को सिल्ड़ देकर सम्मानित किया गया। इस मौकें पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाध्यापक युद्धवीर सिंह ने कहा की मेधावी बच्चों से अन्य बच्चो को भी सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा की आज प्राथमिक विद्यालय में पढाने वाले अध्यापक वेल क्वालाफाईड होते है और बच्चों की पढाई मे रात दिन मेहनत करते है सभी को अपने बच्चों को प्राथमिक विद्यालय मे पढाना चाहिए। उन्होंने कहा की बच्चों को भी केरियर बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए जिससे एक दिन सफलता जरूर मिलती है। इस मौकें पर अध्यापक, प्रवीण कुमार, अर्चना, भोजराज आदि मौजूद रहे।



# प्रधान के विरूद्ध कार्रवाई न होने पर सचिवों ने का बहिष्कार कर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम पंचायत सचिव निबाली का आरोप है कि ग्राम प्रधान उन पर फर्जी तरीके से बैंक खाते से धन निकलवाने के लिए दबाव बना रहा था। सचिव ने फर्जी तरीके से खाते से रुपये निकालने से मना कर दिया था। आरोप है कि इससे क्षुब्ध होकर ग्राम प्रधान ने सचिव संदीप कुमार के साथ अभद्रता की थी ओर गाली गलोच करते हुए उसे जातिसूचक शब्दों से संबोधित किया था। सचिवों ने इस संबंध में प्रधान के विरूध कोतवाली में तहरीर दी थी और कार्रवाई की मांग की थी। इस प्रकरण को लेकर मंगलवार को ब्लाक अध्यक्ष कृष्ण कुमार तोमर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी। बैठक मे ग्राम प्रधान के व्यवहार की निंदा की गई थी और प्रधान के विरूध कार्रवाई न होने पर सचिवों ने कार्य बहिष्कार कर ब्लाक परिसर में धरना शुरू करने की घोषणा की थी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को ग्राम पंचायत सचिव ने कार्य बहिष्कार कर ब्लॉक परिसर में धरना शुरू कर दिया। धरने की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि जब तक ग्राम प्रधान के विरूध कार्रवाई नहीं की जाएगी उनका धरना जारी रहेगा।




# प्रतिभाशाली छात्रा प्रिया उपाध्याय को स्मृति चिन्ह व धनराशि देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के गाँव ककौर कलां में आयोजित राष्ट्रीय उपाध्याय योगी चेतना मंच सेवा समिति संगठन द्वारा प्रिया उपाध्याय को संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कुमार उपाध्याय ने 51 सौ रूपये की धनरा. शि व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित।

तिलवाड़ा निवासी प्रमुख समाजस. ेवी आरआरडी उपाध्याय की सुपुत्री प्रिया उपाध्याय पीसीएम बीएससी प्रथम वर्ष की होनहार छात्रा है। उत्साहवर्धन करते हुए 51 सौ रूपये की धनराशि व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष रामफल उपाध्याय, सुनील कुमार आर्य, रविकुमार कुमार उपाध्याय, अरविन्द कुमार उपाध्याय प्रदीप कुमार, अमित कुमार हुड्डा, अंकित कुमार, समा. जसेवी आरआरडी उपाध्याय, डीपी भारद्वाज, संजीव कुमार उपाध्याय, डा. मुनेश उपाध्याय, डा. रामकुमार उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



# भाजपा का विधानसभा सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें वक्ताओं ने पार्टी की विभिन्न नीतियों के बारे में बताया। प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया।

बुधवार को नगर के अग्रसैन धर्मशाला मे आयोजित बड़ौत विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है। जिसमें लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वाहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए सत्ता नही, राष्ट्र प्रथम होता है। जिसका हमें गर्व है जो राष्ट्र के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओं को ही संगठन में उचित पद और सम्मान मिलता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीब 11 वर्षों के कार्यां पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपाध्यक्ष अमित राणा व संचालन जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा ने किया। इस दौरान राकेश जैन, जयप्रकाश जैन, पवन शर्मा, दिपेश तोमर, रविन्द्र आर्य, सचिन वत्स, अनिल महादेव, अमित जैन, कवरपाल शर्मा, विनोद कुमार, मुकेश जांगिड़, राकेश पांच. ाल, योगेश कुमार, शैकी चौधरी आदि मौजूद रहे।




# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को हटाने की मांग को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष लव कश्यप को हटाने की मांग को लेकर बैठक करके कांग्रेसी चौधरी बेगराज सिंह पूर्व कमिश्नर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष के निवास पर उन्हीं की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में पार्टी हाई कमान के प्रस्ताव पास करके पद से हटाने की मांग रखी गई तथा लव कश्यप को गो बैक, वापस जाओ के नारे लगाकर मार्च किया। उपस्थित पदाधिकारीयो ने कहा लव कश्यप जनपद में निष्क्रिय एवं अनजान है। पिछले 15 वर्षों से गाजियाबाद के राजनगर में स्थाई निवास करते हैं। उनके मनोनयन से यहां का कांग्रेसी अपमानित महसूस कर रहा है। आक्रोश से भरा हुआ है। आरोप लगाया है कि निष्क्रिय अनजान व्यक्ति से कांग्रेस मजबूत करने का मान्य राहुल गांधी के मिशन को बीच के नेता कमजोर किए जाने की साजिश की गई है। जो बर्दाश्त नहीं होगी। इस संबंध में 100 व्यक्तियों का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं से लव कश्यप को पद से हटाने की मांग करेंगे। साथ ही साथ केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा डाक बढ़ाए जाने का विरोध किया। इस अवसर पर सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस राकेश शर्मा, राजीव सैन, सुनील त्यागी दीपक तोमर जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस इमरान सिद्दीकी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक शर्मा इंस्पेक्टर याकूब प्रमोद गोस्वामी जिला अध्यक्ष ओबीसी आवेश मलिक देवेंद्र लंबरदार मनीष जैन समीम खान चौधरी यशवीर सिंह, सरदानंद आदि मौजूद रहे।



# ईश्वर का साक्षात अवतार होते हैं बच्चेः राज्यपाल

■ विभिन्न सरकारी स्कूलों की छात्राओं का हुआ एचपीवी टीकाकरण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर 91 के पंचशील बालक इंटर कॉलेज में बुधवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत बच्चियों को गर्डासिल वैक्सीन लगाई गई।यह अभियान आकांक्षा समिति गौतम बुद्ध नगर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ओखला सिटी, फेलिक्स हॉस्पिटल और खूबसूरत डी, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के सहयोग से हुआ। इसका उद्देश्य बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है।इस अभियान के तहत 9 से 15 वर्ष की आयु वर्ग की 500 से अधिक बालिकाओं को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई गई ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद आनंदीबेन पटेल राज्यपाल (उत्तर प्रदेश) ने दो साल पहले की स्मृति साझा करते हुए कहा जब मुझे एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी मिली तो इसकी कीमत 2500 रुपए थी। लेकिन सरकार की पहल के चलते अब यह 1500 रुपए में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन जीवन रक्षक है और इंडस्ट्री को भी अपने सीएसआर फंड का एक हिस्सा बेटियों के टीकाकरण पर खर्च करना चाहिए। राज्यपाल ने कानपुर, गोरखपुर और नोएडा में हुए प्रयासों की सराहना की और कहा कि बच्चियों को गोद लेकर टीकाकरण कराना भी पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि अगर आप मंदिर नहीं जाते तो कोई बात नहीं। अपने बच्चों को स्वस्थ रखिए, क्योंकि बच्चे ही असली भगवान हैं। इस अवसर पर फेलिक्स अस्पताल के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता ने जानकारी दी कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है, जो महिलाओं में पाया जाने वाला एक खतरनाक कैंसर है। हर साल लगभग 1.20 लाख महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की शिकार होती हैं। जिनमें से करीब 70 हजार की मौत हो जाती है। उन्होंने बताया कि वैक्सीन दो डोज में दी जाती है। दूसरी डोज पहली डोज के छह महीने बाद। 15 साल से अधिक आयु की बालिकाओं को तीन डोज लेना अनिवार्य है। सर्वाइकल कैंसर से लड़ाई में एचपीवी टीकाकरण एक बड़ा हथियार है। यह न केवल एक वैक्सीन है, बल्कि बेटियों को स्वस्थ जीवन और बेहतर भविष्य की सौगात भी है। समाज, सरकार, संस्थाएं और माता-पिता यदि मिलकर काम करें, तो वह दिन दूर नहीं जब कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां भारत की बेटियों को छू भी नहीं सकेंगी।सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से बढ़ने वाली बीमारियों में से एक है, लेकिन समय पर जागरूकता और एचपीवी टीकाकरण से इसे पूरी तरह से रोका जा सकता है।

किशोरियों को समय पर यह टीका लगवाना न केवल उनके भविष्य को सुरक्षित करता है बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी का भी उदाहरण प्रस्तुत करता है। आकांक्षा समिति की जिलाध्यक्ष अंकिता राज ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि बेटियों को समय रहते इस बीमारी से सुरक्षित करें। वह खास तौर पर डॉ. अजय राणा का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने उनकी आठ साल की बेटी को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बेटा-बेटी भेदभाव की मानसिकता को जड़ से समाप्त करने की अपील भी की। यह टीकाकरण अभियान न केवल किशोरियों को सुरक्षित करने की दिशा में एक प्रयास है, बल्कि पूरे समाज में एक सकारात्मक स्वास्थ्य चेतना विकसित करने का माध्यम भी है। इस कार्यक्रम में सरकारी इंटर कॉलेजों की 500 से अधिक छात्राओं को टीका लगाया गया। मंच संचालन कक्षा आठवीं की छात्रा हैप्पी खुशी ने किया। जिन्होंने खुद भी टीका लगवाया और अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। वह बिल्कुल सामान्य महसूस कर रही है। कार्यक्रम का आयोजन आकांक्षा समिति, रोटरी क्लब और फेलिक्स अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, डीएम मनीष कुमार वर्मा, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, उद्यमी, फोनरवा, शिक्षाविद उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में एचपीवी टीकाकरण को बेटियों के जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी बताया और इसे जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। टीकाकरण अभियान में रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ओखला सिटी और फेलिक्स हॉस्पिटल के साथ-साथ खूबसूरत डी जैसे संस्थानों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## राम कथा में सुनाया अहिल्या उद्धार का मार्मिक प्रसंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 में आयोजित श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज ने भगवान राम की बाल लीलाओं , विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। विश्वामित्र जी वन में यज्ञ करते हैं लेकिन राक्षस उनके यज्ञ में बाधा डालकर उसको पूर्ण नहीं होने देते हैं । विश्वामित्र जी ध्यानस्थ होकर देखते है तो उन्हें पता चलता है कि दशरथ पुत्र राम स्वयं विष्णु अवतार हैं और उनके बिना राक्षसों का संघार नहीं हो सकता है। दशरथ जी से राम ,लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगते है। भगवान राम रास्ते में तड़का जैसी भयंकर राक्षसी का वध कर देते हैं साथ ही अन्य राक्षसों का वध कर यज्ञ को पूर्ण करवाते हैं। मुनि विश्वामित्र के साथ जाते समय रास्ते में गौतम ऋषि के श्रापवश पाषाण शिला बनी अहिल्या का अपनी चरण रज से उद्धार करते हैं। इसके बाद जनकपुर में विश्वामित्र जी के साथ आगमन होता है

इस अवसर पर देवमणि शुक्ल , रवि राघव, गोरे लाल, संजय पांडेय, हरि सिंह, ब्रिजेन्द्र सिंह, संजय शुक्ला, रमेश चंद शर्मा, विश्वनाथ त्रिपाठी, विष्णु शर्मा, रमेश वर्मा, नीरज शर्मा, गौरव, पप्पू सिंह, जितेंद्र सतपति, उमाकांत त्रिपाठी, हंसमणि शुक्ला, विकास शर्मा, रविंद्र कुमार , देवेंद्र गुप्ता, बहादुर चौहान, रमेश दास, अंगद सिंह तोमर , सुशील पाल सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।

## 2020 में फिल्म सिटी का ऐलान, अभी सिर्फ बोर्ड लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से महज 15 मिनट की दूरी पर यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे खाली जमीन पड़ी है। यहां बोर्ड लगा है, जिस पर लिखा है प्रस्तावित स्थल-फिल्म सिटी। इस बोर्ड से पता चलता है कि यूपी के ब्ड योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट यहीं बनना है। 1510 करोड़ में बनने वाली 1000 हजार एकड़ की इंटरनेशनल फिल्मसिटी, जिसमें शूटिंग के लिए ताजमहल, वाराणसी के घाट के साथ देश के ऐतिहासिक किले और महल भी होंगे। ब्ड योगी आदित्यनाथ ने 18 सितंबर, 2020 को फिल्मसिटी बनाने का ऐलान किया था। हालांकि अब तक यहां सिर्फ बोर्ड ही लगा है। इसी महीने काम शुरू होने की उम्मीद है। हैदराबाद के रामोजी फिल्मसिटी के बाद ये देश का दूसरा सबसे बड़ा फिल्मसिटी प्रोजेक्ट होगा। यहां हॉलीवुड और बॉलीवुड फिल्मों के लिए हाई क्वॉलिटी के शूटिंग सेट बनाए जाएंगे।ये फिल्मसिटी कैसी होगी, यहां क्या-क्या होगा, कौन इसे बनाएगा और आसपास के शहरों को इससे क्या फायदा होगा, इस पर प्रोजेक्ट प्लान करने वाले यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी यानी यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह से बात की। उन्होंने बताया कि अभी पहले फेज का काम शुरू होने वाला है। पूरा प्रोजेक्ट तैयार होने में कम से कम 8 साल लगेंगे।

फिल्मसिटी प्रोजेक्ट दिल्ली-नोएडा बॉर्डर से करीब 55 किमी दूर बन रहा है। ग्रेटर नोएडा से आगरा जाने वाले यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी और गलगोटिया यूनिवर्सिटी से आगे सेक्टर-21 है।

## हादसे में डिलीवरी ब्वॉय की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में हनुमान मंदिर के समीप मंगलवार की शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय को कुचल दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से गाजियाबाद के विजय नगर की शिवपुरी कॉलोनी का रहने वाला योगेंद्र ग्रेनो वेस्ट में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। वह मंगलवार की शाम बाइक से सोसाइटी में कुछ सामान की डिलीवरी करने जा रहा था। हनुमान मंदिर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में योगेंद्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस मामले में उसके भाई सत्येंद्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है।

## चोरों का अजीब कारनामा, चारों टायर खोलकर हो गए फरार

■ ईंट पर खड़ी कर दी किया सेल्टोस कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में चोरों के हौंसले बुलंद है। मुहल्लों में छोटे-मोटे सामान की चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन पार्किंग में खड़ी कार के चक्के गायब किए जाने का मामला अलग है। मामला नोएडा के एक हाउसिंग सोसाइटी से सामने आया है। यहां चोरी की घटनाओं में एक अजीब ही मामला सामने आया है। चोरों ने किसी घर पर धावा नही बोला है और न ही नकदी या ज्वेलेरी पर हाथ साफ किया है। पार्किंग में खड़ी गाड़ी के चारों टायरों पर बड़ी आसानी से हाथ साफ कर फरार हो गया। यह पूरा मामला नोएडा के सेक्टर-110 की लोटस पनाश सोसाइटी की है।

सेक्टर-110 में चोरी की वारदात ने हर किसी को परेशान कर दिया है। बेसमेंट पार्किंग में खड़ी कार के चारों टायर चुराए जाने की घटनार पर चर्चा हो रही है। चोरों ने टायर चुराकर गाड़ी को ईंटों पर छोड़ दिया। दरअसल, थाना फेज-2 क्षेत्र के लोटस पनाश सोसाइटी में चोरों ने एक कार के चारों टायर चोरी कर लिए। पीड़ित विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि यह घटना टावर-9 के बी-2 में घटित हुई है।विवेक श्रीवास्तव मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे ऑफिस से घर लौटे। अपनी किया सेल्टोस कार को सोसाइटी के बेसमेंट पार्किंग में पार्क कर दी। बुधवार सुबह जब करीब 7:15 बजे कहीं जाने के लिए निकले तो देखा कि उनकी कार बिना टायरों के ईंटों पर खड़ी है। टायर चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद सोसाइटी के कई लोग मौके पर पहुंच गए। विवेक ने स्थानीय पुलिस से घटना की शिकायत की है।थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। विवेक ने बताया कि उन्होंने ये गाड़ी अभी डेढ़ साल पहले ही ली है। करीब 20 हजार किलोमीटर ही चली है। टायर भी नए थे। उन्होंने बताया कि सोसाइटी में ऐसी घटना नई है। इस लेवल की ये पहली घटना हैं। स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए है।

## हत्यारोपियों ने दी केस वापस लेने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में एक नया मामला सामने आया है। लुक्सर गांव के निवासी छतर सिंह ने दो लोगों पर हत्या का केस वापस लेने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पिछले साल 18 अगस्त को छतर सिंह के भतीजे विनय की हत्या गांव के पांच लोगों ने की थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वर्तमान में सभी आरोपी जमानत पर बाहर हैं।

छतर सिंह का कहना है कि कुछ दिन पहले वह एक समारोह में गए थे। वहां आरोपी पक्ष के दो लोगों ने उन्हें हत्या का केस वापस लेने की धमकी दी। उन्होंने आरोपियों को दबंग बताते हुए अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता जताई है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आशीष उर्फ झोझा और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि जल्द ही मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### यमुना एक्सप्रेसवे पर कैंटर में मिला ड्राइवर का शव

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कैंटर गाड़ी के अंदर बुधवार को संदिग्ध अवस्था में एक ड्राइवर का शव मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने मृतक के पास से मिले कागजों के आधार पर उसकी पहचान कर परिवार के लोगों को भी सूचना दी है। समाचार लेकर जाने तक इस मामले में कोतवाली में पीड़ित परिवार द्वारा कोई शिकायत नहीं दी गई थी। पुलिस ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि यमुना एक्सप्रेसवे पर चपरगढ़ कट के पास एक कैंटर गाड़ी खड़ी हुई है। जिसके अंदर एक व्यक्ति का शव है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि ड्राइवर सीट पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में है जिसके पास से मिले कागजों के आधार पर मृतक की पहचान अमित(37) निवासी गांधी विहार नार्थ वेस्ट दिल्ली के रूप में हुई है।

### ग्रेटर नोएडा में बुक सेलर के खाते में आए 1.18 करोड़, फिर हुए गायब

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा में साइबर फ्रॉड का एक नया मामला सामने आया है। दनकौर कस्बे के एक बुक सेलर के बैंक खाते में अचानक 1 करोड़ 18 लाख रुपये जमा हुए और फिर गायब हो गए।

पीड़ित गौरव ने बताया कि उन्होंने करीब 6 महीने पहले बैंक में खाता खोला था। इसमें उन्होंने 3 हजार रुपये जमा किए थे, जिन्हें कुछ महीने बाद निकाल लिया। जब हाल ही में वह अपने खाते में पैसे जमा करने गए, तो पता चला कि उनका खाता सीज कर दिया गया है।बैंक से जानकारी मिली कि उनके खाते में 1.18 करोड़ रुपये फर्जी तरीके से जमा किए गए और फिर निकाल लिए गए। पीड़ित को इस पूरी घटना की जानकारी तब तक नहीं हुई, जब तक उनका खाता फ्रीज नहीं हो गया। गौरव ने बुधवार को दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में ऐसी घटनाएं पहले भी कई लोगों के साथ हो चुकी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जैन मंदिरों में नवकार मंत्र का जाप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जैन अंतराष्ट्रीय व्यापार संगठन (जीटो) के नोएडा चौप्टर ने बुधवार को विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन शहर के 24 मंदिरों में किया। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और इंदिरापुरम के इन मंदिरों में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग जुटे। सभी ने सामुहिक रूप से नवकार मंत्र का जाप किया। नोएडा चौप्टर के चेयरमैन दिनेश जैन ने कहा कि पहली बार इतने बड़े स्तर पर एक साथ नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन किया गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहे। प्रधानमंत्री ने सभी से नौ संकल्पों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक परिदृश्य में नवकार महामंत्र के माध्यम से शांति की स्थापना संभव है। नोएडा में सैक्टर 50 स्थित जैन मंदिर सेक्टर 27 स्थित जैन मंदिर में बड़ी संख्या में लोग जुटे। इस कार्यक्रम में जीटो के सैक्रेटरी अश्वनी जैन, रवि जैन, नितिन जैन, मंदिर कार्यकारिणी के अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री पंकज जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

### डीएनडी पर लगे होर्डिंग हटवाएगा प्राधिकरण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्राधिकरण नोएडा क्षेत्र में डीएनडी पर लगे होर्डिंग्स को हटवाएगा। अगर संबंधित कंपनियां होर्डिंग नहीं हटवाती हैं तो उनको प्राधिकरण के रेट के हिसाब से भुगतान करना होगा। प्राधिकरण वहां बनी एक इमारत को भी अपने कब्जे में लेगा। इस इमारत को टोल ब्रिज कंपनी ने किराये पर दे रखा है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने इसको लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं। कुछ महीने पहले उच्चतम न्यायालय ने डीएनडी को टोल फ्री रखने का आदेश बरकरार था। न्यायालय ने इसको बनाने के लिए नोएडा टोल ब्रिज कंपनी और प्राधिकरण के बीच हुए अनुबंध पर भी सवाल उठाए थे।

इसके बाद प्राधिकरण ने डीएनडी को लेकर आगे की योजना पर काम शुरू कर दिया था। इस बारे में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने बताया कि डीएनडी पर नोएडा एरिया में लगे होर्डिंग्स को हटाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ये होर्डिंग्स नोएडा टोल ब्रिज कंपनी ने लगवा रखे थे। अगर ये कंपनियां होर्डिंग्स नहीं हटाती हैं तो उनको प्राधिकरण को उसके रेट के हिसाब से भुगतान करना होगा।

## उबर पर फर्जी दस्तावेजों से राइड बुक करने का खेल

### ग्रेटर नोएडा पुलिस ने दो शातिर को दबोचा, 500 फर्जी आधार कार्ड और 21 मोबाइल बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने उबर कंपनी को चूना लगाने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस का इस्तेमाल कर उबर पर ड्राइवर और राइडर दोनों की भूमिका निभाते थे।

ईकोटेक-1 थाना पुलिस ने 8 अप्रैल को घरबरा अंडरपास के पास से मोहम्मद उमेर और मुजफ्फर जमाल को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 500 फर्जी आधार कार्ड की प्रतियां, 21 मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और एक कार बरामद की गई आरोपियों का तरीका बेहद चालाक था। वे एक ही आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस को ऑनलाइन एप की मदद से एडिट करते थे। गूगल लेंस की मदद से फोटो बदलकर फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। इन दस्तावेजों से उबर पर ड्राइवर आईडी बनाते थे। कंपनी का विश्वास जीतने के लिए पहले 8-10 छोटी राइड पूरी करते थे। फिर कंपनी से लोन लेकर लंबी राइड बुक करते थे। बिना यात्रा किए ही 20-30 किलोमीटर की फर्जी राइड का भुगतान ले लेते थे। एक आईडी ब्लॉक होने पर नई आईडी बनाकर अपना काम जारी रखते थे।पुलिस की इस कार्रवाई से उबर कंपनी को होने वाले आर्थिक नुकसान पर अंकुश लगेगा। साथ ही फर्जी दस्तावेजों के दुरुपयोग पर भी रोक लगेगी।

## सोसाइटी के कूड़े का निस्तारण न करने पर दो लाख की पेनल्टी

**शाह टाइम्स संवाददात**

**नोएडा।** कूड़े का उचित प्रबंधन न करने पर बल्क वेस्ट जनरेटरों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा की तरफ से कार्रवाई जारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16बी स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी पर 2.01 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई गई है। इससे पहले बुधवार को प्राधिकरण के जल विभाग की तरफ से वाटर टैंक की सफाई में लापरवाही करने पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

अजनारा होम्स सोसाइटी के निवासियों की शिकायत पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम बृहस्पतिवार को कूड़ा निस्तारण की जांच करने पहुंची। वरिष्ठ प्रबंधक स्वास्थ्य सन्नी यादव ने बताया कि टीम को सोसाइटी के बेसमेंट में कूड़े का ढेर मिला। अजनारा होम्स की तरफ से कूड़े का निस्तारण उचित तरीके से नहीं किया जा रहा था। साथ ही सेनेटरी वेस्ट को भी प्रोसेस नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अजनारा होम्स सोसाइटी पर 2.01 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने जुर्माने की रकम को तीन कार्य दिवस में जमा कराने को कहा है। प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक ने चेतावनी दी है कि सभी बल्क वेस्ट जनरेटर अपने कूड़े का निस्तारण खुद से करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को कूडे्घ का उचित प्रबंधन करने और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ बनाए रखने में सभी निवासियों से सहयोग करने की अपील की है।

## दहेज लोभियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एक शख्स नशे की हालत में शादी के 8 साल बाद दहेज में 5 लाख रुपए व स्विफ्ट कार लाने की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट करता है। दहेज के लिए महिला का सास-ससुर सहित अन्य लोग भी उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। इस मामले में थाना सेक्टर-39 में एक महिला ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-40 के ई- ब्लॉक में रहने वाली सुनीता मेहता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति पवन, ससुर जीवन सिंह, सास उषा, जेठ सूरज मेहता, देवर नीरज मेहता आदि दहेज के लिए उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के अनुसार 6 फरवरी वर्ष 2017 को उसकी पवन मेहता के साथ शादी हुई थी। महिला ने आरोप लगाया है कि उसके ससुराल पक्ष के लोग शादी के समय से ही दहेज के लिए उसका उत्पीड़न कर रहे हैं।ये लोग दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट करते हैं। उसका पति अत्यधिक शराब पीने एवं सुखा नशा करने का आदी है। नशे की हालत में वह आए दिन उसे मारता है। आरोपी उससे स्विफ्ट कार व 5 लाख रुपए नकद दहेज की मांग कर रहा है। दहेज न लाने पर घर से निकालने की भी बात की जा रही है।

## पुलिस की टप्पेबाजी गिरोह के साथ मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस की टप्पेबाज गिरोह के बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इसमें से दो बदमाशों को गोली लगी। इस चारों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही इनका डेटा अन्य राज्यों और जनपदों में भेजा जा रहा है। वहां से इनके अपराध का रिकार्ड मंगवाया जा रहा है। थाना सेक्टर 113 पुलिस द्वारा एफएनजी भरत हास्पिटल के पास चौकिंग की जा रही थी। इस दौरान सामने से दो बाइक पर चार लोग आते दिखे। दोनों बाइक सवार को रुकने के लिए इशारा किया गया। वह नहीं रुके और बाइक मोड़ कर ककराला की तरफ भागने लगे। पुलिस ने करीब एक किमी तक पीछा किया। उनमें से एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वो गिर गए। जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर करने लगे।



पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की। इसमें 02 बदमाश गोली लगी।

**दो को कांबिंग के बाद किया गिरफ्तारः** इनकी जिनकी पहचान साजिद अली उर्फ सिकंदर और मोहम्मद अली उर्फ फरान निवासी दिल्ली के हुई है। इन दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बाकी दो अन्य बदमाशों के लिए कांबिंग शुरू की। दोनों अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान नासिर और राजा अली हुई। ये दोनों भी निजामुद्दीन दिल्ली के रहने वाले है। इनके कब्जे से सोने के 04 कड़े, 01 सोने की चौन व नकली गहने पीली धातु, दो तमंचे .315 बोर दो जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद किए गए।

**टप्पेबाजी करके लूटते थे गहनेः** इन चारो के पास से की गई बाइक भी चोरी की है। ये टप्पेबाजी गिरोह के सदस्य है। ये चारों बदमाश राह चलते व्यक्तियों खासकर गहने पहनी महिलाओं को बातों में उलझाकर धोखाधड़ी करके असली सोने के जेवर उतरवाकर नकली गहने कागज में लपेटकर दे देते थे। राह चलती महिलाओं से झपटमारी कर चौन छीनने जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे। उक्त चारों बदमाश जगह बदल-बदल कर विभिन्न शहरों व राज्यों में ऐसी घटनाओं को अंजाम देते थे। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

## नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर जाम, लोगों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददात**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह से ही जाम देखने को मिला। इस दौरान लोग 10-20 मिनट तक अलग-अलग स्थान पर फंसे रहे। जहां ग्रेटर नोएडा से दिल्ली और नोएडा और फरीदाबाद जाने वाले राहगीरों को जाम का सामना करना पड़ा। दरअसल शहर में आज उत्तर प्रदेश की गवर्नर आनंदी बेन पटेल के शहर आगमन और कार्यक्रम के चलते ट्रैफिक पुलिस ने कुछ मार्गों पर डाइवर्जन लागू किया था। इस कारण एक्सप्रेसवे पर दबाव बढ़ गया और लोगों को जाम से जूझना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस लगातार जाम खुलवाने और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ट्रैफिक पुलिस की कई टीमें जगह जगह तैनात हैं जो ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कार्य कर रही हैं।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# दिल्ली-सहारनपुर हाइवे स्थित तालाब की भूमि कम मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** राजस्व विभाग की टीम को दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर स्थित थाने वाले तालाब की भूमि की पैमाईश में मौके पर कम रकबा मिला है। नगर पंचायत द्वारा उक्त तालाब के सौन्दर्य करण के लिए शासन से 42 लाख रूपये का बजट स्वीकृत हुआ है। राजस्व अभिलेखो मे उक्त खसरा स0-2171 तालाब में दर्ज नही है बल्कि पशु खडा करने के स्थान का दर्ज है जबकि मौके पर सालो से तालाब मौजूद है, जिसका तहसील स्तर पर सरकार मछली पालन के लिए लाखो रूपये में आवंटन करती आ रही है। मामला उजागर होने के बाद नगर पंचायत की उक्त तालाब के सौन्दर्य करण की योजना अधर में लटक सकती है।



जलालाबाद में दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर कस्बे की एंट्री प्वाइन्ट पर ग्राम पंचायत जलालाबाद देहात के रकबे में खसरा सं0 2171 में लगभग 35 बीघा भूमि है दिल्ली सहारनपुर हाईवे से सटी हुई है। यह भूमि काफी गहरी होने के कारण तालाब का रूप लिए हुए हैं औइसमें हमेशा पानी भरा रहता है। काफी समय से उक्त तालाब में मछली पालन का कार्य भी चल रहा है जिसका आवंटन तहसील स्तर से होता चला आ रहा है। नगर पंचायत जलालाबाद द्वारा शासन से तालाब पोखर संरक्षण योजना से तहत 42 लाख रूपए का आवंटन कराया था जिसकी पहली किस्त के रूप में 20 लाख का बजट भी आ चुका है। जिसके लिए नगर पंचायत द्वारा टेण्डर छोडकर कार्य शुरू करा दिया गया परन्तु नगर के कुछ लोगो द्वारा उक्त तालाब पर अवैध कब्जे होने का आरोप लगाते हुए सौन्दर्यकरण से पूर्व पैमाईश कराए जाने की मांग की गई थी जिसके बाद उपजिलाधिकारी विनय प्रताप भदोरिया द्वारा नायब तहसीलदार रविन्द्र कुमार के साथ राजस्व विभाग की टीम गठित कर पैमाईश कराने के आदेश दिए थे । बुधवार की शाम नायाब तहसीलदार रविन्द्र कुमार, राजस्व नीरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, चकबन्दी लेखपाल प्रविन्द्र कुमार, विजय राठी लेखपाल कुलवन्त आदि द्वारा उक्त तालाब की पैमाईश की गई। जिसका मौके पर रकबा 27 बीघा पाया गया जबकि उक्त खसरा सं 2171 जो अभिलेखो मे पशु खडे होने का स्थान के रूप मे दर्ज है। राजस्व टीम द्वारा बताया गया कि उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में 35 बीघा दर्ज है। उक्त नम्बर में फरजाना व इकराम के नाम से पटटे का आवटन पाया गया है। जिस पर उक्त लोग काबिज है। ऐसे में राजस्व विभाग पर भी सवाल बनता है कि उसके द्वारा 132 की लैंड पर किस प्रकार से पटटो का आवंटन किया गया था जबकि बाकी की भूमि बराबर में स्थित कब्रिस्तान की बताई गई है। हालाकि इस पूरे प्रकरण मे बडी बात निकलकर आई की जब खसरा संख्या 2171 राजस्व अभिलेखो में तालाब दर्ज ही नही तो उक्त स्थान पर सैकडो सालो से तालाब के रूप में किस प्रकार से तहसील स्तर पर मछली पालन कराया जा रहा था। अभिलेखों में दर्ज पशु खड़ा करने स्थान पर शासन ने कैसे तालाब के सौंदर्य करण के लिए किस्त जारी कर दी है। पूरे प्रकरण को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। नगर पंचायत अधिशासी अधिक. ारी जितेन्द्र राणा लिपिक मुकेश सैनी ,मौजूद रहे। उक्त मामले मे नायब तहसीलदार रविन्द्र कुमार का कहना है कि उपजिलाधिकारी द्वारा शिकायत के आधार पर टीम गठित की गई थी जिसकी रिर्पोट मौके पर की गई पैमाईश व अभिलेखो के आधार पर बनाकर सौंप दी जाएगी।

# कार की टक्कर से मजदूर की हुई मौत

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित जसाला बस स्टैंड पर सड़क पार कर रहे एक मजदूर को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया डायल 108 एंबुलेंस के द्वारा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया। मेरठ अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है।थाना क्षेत्र के खंद्रावली निवासी ताहिर हसन का 22 वर्षीय पुत्र इसरार गांव जसाला के समीप मजदूरी करने के लिए आया हुआ था। राहगीरों के अनुसार युवक बस स्टैंड पर स्थित चाय की दुकान पर सामान लेने के लिए जा रहा था जैसे युवक सड़क पार कर रहा था तो शामली की ओर से आई एक तेज रफ्तार कार चालक ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया कार चालक हादसे को अंजाम देकर अपनी कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की जानकारी डायल 108 एंबुलेंस को दी एंबुलेंस कर्मचारियों ने तत्काल प्रभाव से घायल युवक को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। मेरठ अस्पताल ले जाते समय युवक की रास्ते में मौत हो गई।

# स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत रैली निकाली




**बिड़ौली।** बिड़ौली सादात में बुधवार को प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा सैकड़ों छात्र छात्रोंओ को लेकर सर्व शिक्षा अभियान के तहत जागरूक रैली निकाल कर अभिभावकों व बच्चों को जागरूक किया गया, वहीं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक वंदना अहलावत ने बताया कि सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए मिडडे मील योजना व नि:शुल्क किताबें व स्मार्ट क्लास जैसी व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जा सके और कोई भी बच्चा अनपढ़ न रह सके और इसी के साथ अपनी कक्षा में अच्छे अंक पाने वाले स्थानों पर रहने वाले बच्चों को उचित इनाम भी दिया गया ताकि और बच्चे भी इससे प्रभावित होकर और मेहनत से पढ़ाई कर सकें ताकि आगे जाकर अपने जीवन में किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। जागरूकता रैली में,अध्यापिका अनु निर्वाल,शालू चौधरी, नीलिमा आर्य, अर्चना चौहान, सोनम, अध्यापक जय भगवान मोजूद रहे।

# टोडा में खेतों से किसान ने कटाए पेड़, छह गांवों को मिली रोशनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बुधवार का दिन एक राहत भरी सुबह लेकर आया, जब लंबे समय से बिजली आपूर्ति में आ रही रुकावट का समाधान हुआ। श्यामली श्यामला 132 केवी बिजलीघर से खोडसमा बिजलीघर की ओर जा रही 33ध11 केवी की हाईटेंशन लाइन के नीचे टोडा गांव के खेतों में लगे पेड़ बिजली आपूर्ति में लगातार बाधा बन रहे थे।

हवा चलने या हल्की बारिश के दौरान ए पेड़ बिजली की लाइन से टकरा जाते थे, जिससे फॉल्ट हो जाता और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती। इससे छह गांवोंकृ खोडसमा, सकौती, इंद्रानगर, कुंथलपुर, साहल्लापुर व मुस्तफाबाद की लगभग पच्चीस हजार आबादी अंधेरे में डूब जाती थी। यह समस्या कोई नई नहीं थी, लेकिन इस पर ध्यान तब गया जब बुधवार को दैनिक शाह टाईम्स ने हएक किसान की जिद की वजह से ग्रामीण परेशानह्न शीर्षक से खबर प्रकाशित की। खबर सामने आते ही मामला तूल पकड़ गया खबर के प्रकाशित होने के बाद किसान ने खुद आगे आकर मिसाल पेश की। वह स्वयं अपने खेत पर पहुंचा और बिजली विभाग के लाइनमैन की मदद से पेड़ों की कटाई करवाई, जिससे लाइन के नीचे से बाधा पूरी तरह हट गई। ग्रामीणों में भी संतोष और खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के प्रमुख लोगोंकृनवाब राणा खोडसमा मोहर सिंह मास्टर, अरविंद कुमार, राज. कुमार, सतेन्द्र सरदार और अंकुर तोमर ने किसान और बिजली विभाग दोनों का आभार व्यक्त किया।

## जल्द बढ़ने वाले हैं शामली जिले में सर्किल रेट सहायक महानिरीक्षक निबंधन, शामली

**शामली।** जल्द बढ़ने वाली है शामली जिले में सर्किल रेट यह जानकारी देते हुए रविन्द्र मेहता, सहायक महानिरीक्षक निबंधन, शामली ने बताया कि जिला. धिकारी महोदय शामली के निर्देश से प्रत्एक तहसील स्तर पर तीन सदर्स्यीय श्मूल्यांकन समीक्षा समितिश बनी है,जिसमें संबंधित उपजिलाधिकारी व सब-रजिस्ट्रार एवं तहसीलदार सदस्य के रूप में होंगे। उन्होंने बताया कि इसमें तेजी से काम हो रहा है, जल्द ही जन सामान्य से प्रस्तावित दरों पर आपत्ति मांगी जाएगी।

# सराहनीय कार्य करने पर मुख्य लिपिक को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद के मुख्य लिपिक के सराहनीय कार्य को देखते हुए अधिशासी अधिकारी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस मौके पर कई कर्मचारी मौजूद रहे। बुधवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार ने मुख्य लिपिक अशोक कुमार को वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर वसूली में सक्रिय योगदान देने, सरकार की योजनाओं को संपन्न कराने, पालिका परिषद के अन्य विभागीय कार्यों में सराहनीय कार्य करने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि मुख्य लिपिक अशोक कुमार लगातार कई वर्षों से पालिका परिषद में ईमानदारी के साथ अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी उनसे प्रेरणा ले और जिस तरह से अशोक कुमार नगर पालिका में ईमानदारी के साथ कार्य कर रहे हैं इसी तरह से सभी नगर पालिका कर्मचारी अपना योगदान दे। प्रशस्ति पत्र मिलने पर मुख्य लिपिक अशोक कुमार ने नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह हमेशा बिना भेदभाव के जनहित के कार्य करने में कोई भी संकोच नहीं करेगा। पालिका प्रशासन ने उन पर जो भरोसा जताकर उन्हें सम्मानित किया है वह हमेशा ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का पालन करता रहेगा। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# थानाभवन में सांसद इकरा हसन ने लगाया जनता दरबार, लोगों की समस्याएं सुनीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत हाल में बुधवार को कैराना सांसद इकरा हसन ने जनता दरबार का आयोजन कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। सांसद के हाल में पहुंचने पर समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। जनता दरबार में सांसद इकरा हसन को शाम 4 बजे पहुंचना था, लेकिन वह लगभग 6 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। देर से आगमन के कारण समर्थकों और फरियादियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। जनता दरबार में क्षेत्रवासियों ने अपनी लिखित और मौखिक शिकायतें सांसद के समक्ष रखीं। ग्राम बूटा निवासी फिरासत ने गांव की टूटी सड़क, जो युनुसपुर के पुल से गढ़ी मौलाना सुल्तान के मदरसे से होते हुए गढ़ी अब्दुल्ला खां रोड से मिलती है, के निर्माण की मांग रखी।सांसद इकरा हसन ने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा।




## ग्रीष्मकालीन विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का परिचालन

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04088/04087 नई दिल्ली - पटना जं. - नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 164 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04088 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04087 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:50 | नई दिल्ली | 04:40 | -- |
| 08:40 | -- | पटना जं. | -- | 12:00 |

**चलने की तिथि :** **04088 नई दिल्ली** से दिनांक 20.04.2025 से 10.07.2025 तक (प्रतिदिन) एवं **04087 पटना जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 11.07.2025 तक (प्रतिदिन)। **स्थानः** 3 टियर वाता. एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।

**04081/04082 श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली - श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 72 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04081 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | -- |
| 11:40 | -- | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 21:20 |

**चलने की तिथि :** **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 21.04.2025 से 12.07.2025 तक (सोमवार, बुधवार एवं शनिवार) को एवं **04082 श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.04.2025 से 13.07.2025 तक (मंगलवार, गुरूवार एवं रविवार) को। **स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट जं., जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04024/04023 दिल्ली जं. - वाराणसी जं. - दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 70 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04024 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04023 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | -- |
| 09:45 | -- | वाराणसी जं. | -- | 18:35 |

**चलने की तिथि :** **04024 दिल्ली जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (सोमवार, गुरूवार एवं शनिवार) को एवं **04023 वाराणसी जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार) को। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, राय बरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन।

**04064/04063 नई दिल्ली जं. - गया जं. - नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04064 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:30 | नई दिल्ली | 23:35 | -- |
| 01:50 | -- | गया जं. | -- | 06:40 |

**चलने की तिथि :** **04064 नई दिल्ली** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (सोमवार एवं गुरूवार) को एवं **04063 गया जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को। **स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी ऑनसोन स्टेशन।

**04066/04065 नई दिल्ली जं. - सहरसा जं. - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:35 | नई दिल्ली | 23:30 | -- |
| 22:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 23:55 |

**चलने की तिथि :** **04066 नई दिल्ली** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (गुरूवार एवं सोमवार) को एवं **04065 सहरसा जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (शुक्रवार एवं मंगलवार) को। **स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन।

**04096/04095 आनन्द विहार (ट.) - जयनगर - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04096 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04095 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:00 | आनन्द विहार (ट.) | 08:10 | -- |
| 05:20 | -- | जयनगर | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि :** **04096 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (सोमवार एवं गुरूवार) को एवं **04095 जयनगर** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**04518/04517 बठिण्डा जं. - वाराणसी जं. - बठिण्डा जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04518 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04517 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:50 | बठिण्डा जं. | 17:00 | -- |
| 17:30 | -- | वाराणसी जं. | -- | 20:40 |

**चलने की तिथि :** **04518 बठिण्डा जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 11.07.2025 तक (सोमवार एवं शुक्रवार) को एवं **04517 वाराणसी** से दिनांक 22.04.2025 से 12.07.2025 तक (मंगलवार एवं शनिवार) को। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04209/04210 लखनऊ जं. - चण्डीगढ़ - लखनऊ जं. आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल रेलगाड़ी** — 70 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04210 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:45 | लखनऊ जं. | 21:30 | -- |
| 07:55 | -- | चण्डीगढ़ | -- | 10:20 |

**चलने की तिथि :** **04209 लखनऊ जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 09.07.2025 तक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) को एवं **04210 चण्डीगढ़** से दिनांक 22.04.2025 से 10.07.2025 तक (मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार) को। **स्थानः** प्रथम सह द्वितीय वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी एवं अम्बाला कैंट जं. स्टेशन।

**05636/05635 गुवाहाटी - श्री गंगानगर जं. - गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05636 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05635 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:15 | गुवाहाटी | 00:25 | -- |
| 03:30 | -- | श्री गंगानगर जं. | -- | 13:20 |

**चलने की तिथि :** **05636 गुवाहाटी** से दिनांक 21.05.2025 से 25.06.2025 तक (प्रत्येक बुधवार) को एवं **05635 श्री गंगानगर जं.** से दिनांक 25.05.2025 से 29.06.2025 तक (प्रत्येक रविवार) को। **स्थानः** सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** कामाख्या, गोलपाड़ा टाउन, न्यू बोंगाईगांव, कोकराझार, अलीपुरद्वार जं., दलगांव, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार जं., नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा जं., सीवान, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., मनकापुर जं., अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, मथुरा जं., भरतपुर जं., बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., रींगस जं., सीकर जं., चूरू, सादुलपुर जं., तहसील भादरा, नोहर, ऐलनाबाद हनुमानगढ़ जं. एवं सादुलशहर स्टेशन।

**05742/05741 न्यू जलपाईगूड़ी - अयोध्या कैंट - न्यू जलपाईगूड़ी ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05742 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05741 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:40 | न्यू जलपाईगूड़ी | 09:30 | -- |
| 09:30 | -- | अयोध्या कैंट | -- | 11:40 |

**चलने की तिथि :** **05742 न्यू जलपाईगूड़ी** से दिनांक 18.05.2025 से 29.06.2025 तक (प्रत्येक रविवार) को एवं **05741 श्री अयोध्या कैंट** से दिनांक 19.05.2025 से 30.06.2025 तक (प्रत्येक सोमवार) को। **स्थानः** सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** अलुआबाड़ी रोड, किशनगंज, बारसोई, कटिहार जं., नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, साहपुर पटोरी, हाजीपुर छपरा जं., सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर एवं मनकापुर जं. स्टेशन।

**02525/02526 कामाख्या - आनन्द विहार (ट.) - कामाख्या ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02525 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02526 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:45 | कामाख्या | 03:40 | -- |
| 08:50 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 17:20 |

**चलने की तिथि :** **02525 कामाख्या** से दिनांक 11.04.2025 से 25.04.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को एवं **02526 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 13.04.2025 से 27.04.2025 तक (प्रत्येक रविवार) को। **स्थानः** प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोलपाड़ा टाउन, अभयपुरी असम, बिलासीपारा, गौरीपुर, गोलकगंज तूफानगंज, न्यू कूचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज, गोविंदपुरी, टूंडला एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

**01705/01706 जबलपुर जं. - हरिद्वार - जबलपुर जं. ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01705 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01706 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:45 | जबलपुर जं. | 17:50 | -- |
| 13:50 | -- | हरिद्वार | -- | 17:40 |

**चलने की तिथि :** **01705 जबलपुर जं.** से दिनांक 16.04.2025 से 25.06.2025 तक (प्रत्येक बुधवार) को एवं **01706 हरिद्वार** से दिनांक 17.04.2025 से 26.06.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार) को। **स्थानः** प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** कटनी मुरवाड़ा, दमोह, सागर, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., आगरा कैंट जं., अलीगढ़ जं., खुर्जा जं., हापुड, मेरठ सिटी एवं रुड़की स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1076/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## एक नजर

### एक वाहन चोर गिरफ्तार

**शामली।** रवि कुमार पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम मौहम्मदपुर मांड़न थाना भौरा कलां जनपद मुजफ्फरनगर की मोटर साईकिल को थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत हाईवे के किनारे से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी । घटना के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चौकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा एक वाहन चोर को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सावेज पुत्र रियाज निवासी बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है।

### वाहनों की नीलामी संपन्न

**शामली।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के क्रम में न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित समिति व जिलाधिकारी शामली व पुलिस अधीक्षक शामली रामस. ेवक के निर्देशन में जनपद शामली के थाना बाबरी पर सीजशुदा मुकदमाती वाहनों की नीलामी हेतु एक संयुक्त टीम गठित की गई, जिसमें में विनय प्रताप भदौरिया (उप जिला मजिस्ट्रेट), क्षेत्राधिकारी थानाभवन जनपद शामली श्रीमती श्रेष्ठा ठाकुर, सम्भागीय परिवहन अधिकारी रोहित कुमार राजपूत, अभियोजन अधिकारी आसिफ सिकन्दर व थानाध्यक्ष बाबरी राहुल कादयान मौजूद रहे। गठित टीम की मौजूदगी में थाना बाबरी शामली पर कुल 37 वाहन (13 वाहन चार पहिया , 24 वाहन दो पहिया) को थाना प्रांगण में बोली दाताओं के साथ मूल्याकन कर नीलामी कराई गई। 37 वाहनो के न्यूनतम मूल्य 2,06,000/- रूपये के सापेक्ष अधिकतम बोलीदाता निशिकांत संगल पुत्र रमेश कुमार संगल नि0 मौ0 धर्मपुरा थाना कोतवाली जनपद शामली के द्वारा सबसे अधिक बोली 17,00,000/- रूपये नीलाम हुए वाहनों से राजस्व के रूप मे प्राप्त हुई।

### मारपीट में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी एक युवक ने पड़ोस के दो लोगों पर रंजिश के चलते पीड़ित सहित उसके पिता के सिर में ईंट मार कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी अनिल कुमार ने बताया कि बुधवार सवेरे वह अपने पिताजी चंद्रपाल के साथ अपने घर पर बैठा हुआ था आरोप है कि पड़ोस के लोग उनसे रंजिश रखते हैं रंजिश के चलते सुबह सवेरे पड़ोस के दो लोग उनके घर में घुस आए और पीड़ित सहित उसके पिता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। दोनों आरोपियों ने ईंट उठाकर पीड़ित के पिता के सिर में मार कर लहुलुहान कर दिया और शौर शराबा होने पर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वा. सन दिया है।

### मुकदमे में फसाने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने मोहल्ले के एक युवक पर पीड़ित के पुत्रों से रंजिश रखते हुए उसके घर पर चाकू लेकर खुद पर हमला कर पीड़ित व उसके पुत्रों को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देने का आरोप लगाते भी आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर सुरक्षा की गुहार लगाई है।कस्बा निवासी बीरेंद्र ने बताया कि मोहल्ले का एक युवक पीड़ित व उसके पुत्रों से रंजिश रखता है रंजिश के चलते आए दिन गाली-गलौज मारपीट करता है। बुधवार को आरोपी हाथों में चाकू लेकर पीड़ित के घर पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए खुद पर चाकू से वार करते हुए पीड़ित व उसके पुत्रों को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की धमकी देने लगा। आरोपी युवक के द्वारा किए गए हंगामे को देखकर मौके पर मोहल्ले के दर्जनों लोग भी जमा हो गए समझने के बाद भी आरोपी युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### लापता महिला की बरामदगी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक महिला घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई पीड़ित पति ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। कस्बा निवासी शोएब ने बताया कि उसकी शादी 6 वर्ष पूर्व हुई थी उसकी पत्नी घर से कई बार चली गई है आरोप है कि बुधवार सवेरे भी उसकी पत्नी घर से लापता हो गई,काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लगा रहा है पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है। पुलिस लापता महिला की तलाश में जुटी हुई है।

### युवती की बरामदगी को हरियाणा पुलिस की दबिश

**कैराना।** बुधवार को पानीपत के पुराना उद्योग थाने से एसआई किशन कुमार के नेतृत्व में दो सदर्स्यीय पुलिस टीम कैराना कोतवाली पहुंची। जहां पर आमद दर्ज कराने के पश्चात टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ कस्बे के मोहल्ला आलखुर्द में उजमा नामक महिला की तलाश में दबिश दी। पुलिस टीम विगत 06 मार्च 2025 को लापता हुई युवती की बरामदगी को कैराना पहुंची थी। बताया गया है कि युवती के लापता होने में पुलिस जांच के दौरान उक्त महिला का नाम प्रकाश में आया है।

### अभियुक्तों को सुनाया कारावास

**शामली।** वर्ष 1998 में अभियुक्तगण 1.अखलाक पुत्र सत्तार निवासी ग्राम ओठापुर थाना छपरौली जनपद बागपत 2. हारूण पुत्र जमील 3. इशाक उर्फ अशफाक पुत्र हमीद निवासीगण मौहल्ला खैलकला थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय CJJD/ACJM कैराना शामली द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1,100-1,100/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 5-5 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 2. वर्ष 2004 में अभियुक्तगण 1. शहजाद पुत्र अफजाल निवासी मौहल्ला चमारान थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर 2. अकबर पुत्र फैय्याज निवासी मसावी थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुकदमा गौवध अधिनियम पंजीकृत किया गया था। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1,100-1,100/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 5-5 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है ।

# भाजपा नेता अंकित के होटल में चलता मिला बड़े पैमाने का जुआ

## 31 जुआरी गिरफ्तार, 17 लाख नकद, 21 वाहन व 35 मोबाईल बरामद

**एसपी क्राइम ने मारा छापा, थाना प्रभारी उत्तम सिंह राठौड़ को किया गया लाईन हाजिर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना क्षेत्र में एक चर्चित होटल पर भारी मात्रा में जुए का अवैध कारोबार चल रहा था जिसमें देहरादून, बुलंदशहर, सहारनपुर के अलावा आसपास गांव व कस्बे के काफी संख्या में लोग जुआ खेलने आते थे जिसकी शिकायत लगातार उच्च अधिकारियों को मिल रही थी जिसके बाद एसएसपी विपिन टाडा ने टीम गठित की। मंगलवार को देर रात एनएच 58 पर स्थित राजरानी होटल में एसपी सिटी, एसपी क्राइम व सीओ दौराला की टीम ने मिलकर छापा मारा तो वहां बड़े पैमाने पर जुआ चलता हुआ मिला जिसमें पुलिस ने मौके से 31 लोगों को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से 17 लाख एक हजार पचास रुपए, एक कैलकुलेटर, ताश के पत्ते बरामद किए। साथ ही पुलिस ने होटल के पास से छोटे बड़े 21 वाहन भी पकड़ लिए जिनमें कुछ गाड़ियां एसयूवी भी हैं। बताया जाता है कि इन वाहनों से लोग यहां जुआ खेलने आते थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजरानी होटल भाजपा नेता अंकित मोतला का बताया जा रहा है। अंकित पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुका है। उसकी माता वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य भी हैं। अंकित कई भाजपा नेता व एक राज्यमंत्री का भी करीबी बताया जा रहा है। वह इस घटना के बाद से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है।

वहीं एसपी क्राइम अवनीश कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर रात हाइवे पर स्थित राजरानी होटल पर जुआ खेलने की सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस टीम ने वहां छापा मारा और 31 लोगों को गिरफ्तार कर लिया और 17 लाख एक हजार पचास रुपए बरामद किए और वहां मौजूद 21 वाहनों को भी कब्जे में लिया गया। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। किसकी शह पर ये अवैध कारोबार चल रहा था, कौन कौन लोग इसमें शामिल है इसकी भी जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

आपको बता दें जिस प्रधान को लेकर चर्चा तेज है उसके काले कारनामे दैनिक शाह टाइम्स अपने अगले अंक में उसकी पहचान सहित प्रकाशित करेगा और जनता को बताएगा कि सफेदपोश किस तरीके से काले कारनामों से जुड़े हैं।



होटल में छापेमारी के दौरान पकड़े गए आरोपी।






बरामद हुई गाड़ियां।

### अंकित व एक प्रधान के संरक्षण में चल रहा था जुए का अवैध कारोबार

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दादरी निवासी अंकित मोतला व फलावदा थाना क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान के संरक्षण में बड़े पैमाने पर ये अवैध कारोबार चल रहा था। बताया जाता है कि जिस समय पुलिस टीम ने होटल पर छापा मारा उससे कुछ देर पहले ही प्रधान अपनी गाड़ी लेकर निकला था जिससे वह मौके पर पकड़ा नहीं जा सका। बताया जाता है कि प्रधान द्वारा लगभग दस वर्षों से भी ज्यादा समय से ये जुए का अवैध कारोबार किया जा रहा है जो समय समय पर जगह बदल बदल कर ये काम करा रहा है और समय समय पर पार्टनर भी बदलता रहता है। सन् 2017 में तत्कालीन एसएसपी ने टीम बनाकर महलका गांव में छापा लगवाया था जिसमें प्रधान को मौके से गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद फिर से उसने जुए का कारोबार शुरू किया और गांव में ही बड़े पैमाने पर कारोबार किया लेकिन कुछ समय पहले फलावदा थाने का चार्ज आईपीएस अधिकारी को मिलने के बाद प्रधान ने गांव से जुए का कारोबार तत्काल बंद करा दिया और दौराला थाना क्षेत्र में होटल मालिक के साथ मिलकर वहां शुरू कराया, लेकिन उच्च अधिकारियों के आदेश पर पुलिस टीम ने छापा मारकर इसका पर्दाफाश कर दिया।

### भाजपा ने अंकित मोतला से झाड़ा पल्ला

पुलिस द्वारा कार्यवाही करने के बाद इस मामले में बीजेपी के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश गजेंद्र शर्मा ने बताया कि अंकित मोतला न तो भाजपा का पदाधिकारी है और न ही कार्यकर्ता। उसकी माता जिला पंचायत का चुनाव भाजपा के विरोध में लड़ी थी और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी उन्होंने भाजपा के विरूद्ध वोट की थी, अंकित का पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। वहीं भाजपा के मेरठ जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा ने कहा कि अंकित मोतला का भाजपा से कोई लेना देना नहीं है वह कार्यकर्ता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि गलत कार्य करने वालों के खिलाफ इसी तरह कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

## रसूलपुर धौलडी में शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, हजारों का सामान स्वाहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में एक दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें हजारों का सामान जलकर राख हो गया तभी मोहल्ले वालों ने किसी तरह आग को बुझाया, लेकिन तब तक आग ने रूप धारण कर लिया था जिसमें कीमती सामान जलकर राख हुआ है। सूत्रों के अनुसार रसुलपुर धौलडी में महराज कुरैशी की हिना ट्रेडर्स के नाम से रेती के मोहल्ले में दुकान है वह आज कहीं बाहर गए हुए थे तभी अचानक उसकी दुकान में शॉर्ट सर्किट हो गया था जिसमें दुकान में आग लग गई वहीं जहां उसके बच्चों ने फायर ब्रिगेड को फोन किया लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया किसी तरह पड़ोस के लोगों ने आग पर काबू पाया। परिवार के लोगों व आसपास के दुकानदारों में फायर ब्रिगेड के फोन न उठाने पर गहरा रोष है। उनका कहना था कि फोन रिसीव न करने वालो पर कार्रवाई होनी चाहिये।

## ईवीएम के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा ने की जेल भरो आंदोलन की शुरूआत

### धांधली के बाद भी देश में ईवीएम से हो रहे हैं चुनाव, रोक लगाने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका कहना था कि बुधवार से कार्यकर्ता जेल भरो आंदोलन में हिस्सा लेंगे और भारी संख्या में जेल भरने का काम करेंगे। उनका कहना था कि असवैधानिक ईवीएम मशीन का उपयोग किया जा रहा है जिससे आम चुनावों में ईवीएम मशीन द्वारा हुई बार धांधली के उदाहरण सामने आए हैं वर्तमान ईवीएम प्रणाली जनता के वोट के मौलिक अधिकारों को शून्य कर रही है उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ओबीसी की जाति आधारित जनगणना से इंकार किया जा रहा है जो कि संविधान विरोधी है। इससे पिछड़े वर्ग को विकास की योजनाएं एवं आरक्षण से वंचित रखने की साजिश है। जिसे पार्टी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी इस दौरान उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह पर बाबा साहब अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी का विरोध किया। वक्फ बिल पर बोलते हुए कहा कि वह बिल को एक पक्ष पर जबरन थोपा जा रहा है उनकी संपत्तियों पर पूंजीपतियों और सरकारी भूमाफियाओं का अवैध कब्जा हो जाएगा इसी के विरोध में जेल भरो आंदोलन कार्यक्रम रखा गया है। जो पूरे राष्ट्र में पार्टी द्वारा चलाया जाएगा।

## दौराला में व्यापारियों से मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** दो दिन पूर्व दौराला चौराहा स्थित व्यापारी पूर्व प्रधान अरविंद गुप्ता के मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग की जानकारी मिलने पर बुधवार को पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डा. संजीव बालियान पीडित परिवार के आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार से बातचीत कर परिवार की जान बचाने वाले व्यापारी के छोटे बेटे पंकज गुप्ता को शाबाशी दी। उन्होंने कहा कि समय रहते व्यापारी पुत्र ने परिवार की जान बचा ली, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस दौरान भाजपा दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने बताया कि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री ने शुक्रवार को दौराला क्षेत्र के बिशौला, लावड़, दौराला में पहुंच कर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बीमारी और हादसो में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह, डायरेक्टर हरेंद्र सिंह, मदन पाल सिंह, प्रदीप जाखड़, पियूष गुप्ता, मोहित अहलावत, रजनीश अहलावत, प्रशांत अहलावत, अक्षय गुप्ता, कपिल चौधरी, जयदेव सिंह आदि मौजूद रहे।



## सपा प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ को गिनाई सरधना सीएचसी की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना नगर एक एतिहासिक नगर है, जिसकी आबादी लगभग 1 लाख की है, जहां सी.एच.सी. सरधना पर मरीजों की भारी भीड़ लगी रहती है, आए दिन मरीजों को समस्याएं उत्पन्न होती रहती है। जिनको लेकर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कटारिया से मुलाकात की जिसमें सरधना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डेंटिस्ट चेयर, रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की व्यवस्था की बात की। सीएमओ अशोक कटारिया ने बताया की लखनऊ हैड ऑफिस में सुचना दे दी जाएगी, जैसे ही व्यवस्था होगी डेंटिस चैयर कि उपलब्धता करा दी जाएगी। और जल्द ही सुविधा मिल जाएगी। सपा प्रतिनिधिमण्डल में सरधना चेयरपेर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी, अशरफ राणा नगर अध्यक्ष, सलीम अंसारी, ललित गुज्जर, हाजी तय्यब आदि लोग मौजूद रहे।

### कंपोजिट विद्यालय शोलदा विदाई समारोह में आंखें हुईं नम

## हम हमेशा अच्छे के लिए तत्पर रहेंगे: कुसुम सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कंपोजिट विद्यालय शोलदा में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें इंचार्ज अध्यापिका राजेन्द्री और खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम सैनी को विदाई समारोह में फूल मालाये पहनाकर विदाई दी। लगभग दोपहर के करीब कंपोजिट विद्यालय शोलदा में सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने अपनी इंचार्ज अध्यापिका राजेन्द्री को विदाई दी। माछरा ब्लॉक संसाधन केंद्र के कंपोजिट विद्यालय शोलदा में सेवानिर्वित होने वाली शिक्षिका का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। सेवानिवृत शिक्षिका को माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह मौजूद थे। जिला मंत्री सविता शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसके साथ ही माछरा ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम सैनी को भी स्मृति चिन्ह और माल्यार्पण कर विदाई दी। विदाई समारोह को धूमधाम से मनाया गया।

जिसमें छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। विदाई के दौरान सविता शर्मा ने कहा कि मुझे बहुत दुख है कि आज हम अपनी विद्यालय से एक सबसे जिम्मेदार शिक्षक को खो रहे हैं। वह और उनके काम हमेशा हमारे दिल में रहेंगे। विदाई के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम सैनी ने कहा आप सभी को अलविदा कहना मेरे लिए कड़वा- मीठा अनुभव है लेकिन वह आशा करती हैं कि सभी संपर्क बने रहेंगे। जावेद अली ने शिक्षिका के योगदान को सराहते हुए कहा की शिक्षिका ने अपनी जिम्मेदारी को पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया। सब शिक्षकों की ओर से उनके लिए भविष्य की शुभकामनाएं सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम सैनी और सेवानिवृत्ति होने वाली अध्यापिका राजेन्द्री को उपहार देकर नवाजा और उनको भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अलग-अलग विद्यालयों से आए हुए अध्यापक व अध्यापिकाएं जिसमें मोहम्मद इरफान, ब्लॉक के पूर्व मंत्री शमीम गौढ़, ताजुल मलूक, मुल्की राज, रेनू रानी, विकास कुमार, मुक्ति, जयमाला, चंचल, रुचि, पूजा शर्मा, विरासत अली, इंतजार अली, अजय कुमार हरितोष, राजीव, सेतिका त्यागी, बिन्नी, वर्ना, रेनू, अमरीश शर्मा, चारू शर्मा आदि मौजूद रहे।



## किसानों का बकाया गन्ना भुगतान कराए सरकार: सूबे सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सरधना। रविवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की एक बैठक छुर गांव में आयोजित हुई। जिसमें गन्ना भुगतान सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर ने बैठक में शिरकत की। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में महंगाई तो लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन किसान की आय नहीं बढ़ रही है। खेती करना किसानों के लिए घाटे का सौदा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को फसल का वाजिब दाम दिलाए। साथ ही गन्ना किसानों को बकाया भुगतान कराए। इस दौरान संगठन का विस्तार भी किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ने धीरेंद्र सिंह तालियान को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने धीरेंद्र सिंह को मनोनयन पत्र सौंपते हुए संगठन व किसान हित में कार्य करने के लिए कहा। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष काजल चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष इंद्रजीत गिल, उपेंद्र मलिक, जिला प्रभारी सुखबीर सिंह, ग्राम अध्यक्ष उपेंद्र, उज्जवल, कल्लू पहलवान, योगेंद्र राशिद ठाकुर, कपिल आदि मौजूद थे।



## किशोर पर दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**पुलिस ने आरोपी किशोर व उसके दोस्त को लिया हिरासत में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में एक किशोर द्वारा किशोरी के साथ दुष्कर्म और दोस्त से वीडियो बनवाकर वायरल करने का मामला संज्ञान में आया है। किशोरी के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बाल दुराचारी को गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। जबकि उसके साथी को थाने से छोड़ दिया गया है। घटना षड्यंत्र के तहत पूर्व नियोजित बताई जा रही है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मंगलवार शाम उसकी नाबालिग बेटी गेहूं काटकर लौट रही थी तभी गांव के (13) वर्षीय किशोर ने उसको पकड़कर दुष्कर्म किया और अपने साथी से वीडियो बनवाकर प्रसारित कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रात में ही दोनों किशोरों को पकड़ लिया। वीडियो बनाने के आरोपी को थाने से छोड़कर बालक को किशोर न्यायालय में पेश कर दिया गया। कोर्ट ने उसे बाल संरक्षण गृह भेज दिया। उधर ग्रामीणो में चर्चा है कि बीते 23 मार्च को पीड़ित किशोरी के चचेरे भाईयों आसिफ व फारूक ने बाल अपचारी के नाबालिग चचेरे भाई के साथ जंगल में तमंचे के बल पर कुकर्म किया था। इस प्रकरण में पुलिस ने आरोपी आसिफ को जेल भेज दिया जबकि फारूक फरार है। चर्चा है कि किशोरी पक्ष के लोग उस मामले में बाल अपचारी के पिता पर फैसला कराने का दबाव बना रहे थे। फैसला न कराने पर किशोर को नियोजित ढंग से षड्यंत्र के तहत फंसा दिया गया।

### दबंगों ने घर में घुसकर भाई बहन को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार दोपहर नवाबगढ़ी गांव में दबंग लोगों ने मामूली कहासुनी पर घर में घुसकर एक महिला से अभद्रता व मारपीट कर दी। बीच बचाव में आए उसके चचेरे भाई को भी पीटा और तमंचे की बट मारकर उसे लहुलुहान कर दिया। चीख पुकार सुनकर लोग दौड़े, तो आरोपी फरार हो गए। पीड़िता ने थाने में घटना की तहरीर दी है। नेहा पत्नी सुहेल ने बताया कि पड़ोस के लोग उसके पति से रंजिश रखते है। जिसके चलते आए दिन गाली गलौच करते रहते हैं। बुधवार दोपहर वह अपने घर पर बैठी हुई थी। इसी बीच दबंग लोग आए और गाली गलौच करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपी घर में घुस आए। उन्होंने आते ही उसके साथ अभद्रता की और विरोध करने पर मारपीट करने लगे। पता चलने पर उसका चचेरा भाई सरताज बीच बचाव में आया तो आरोपियों ने उसको भी बुरी तरह पीटा और सिर में तमंचे की बट मारी।

## हिन्दू समाज ने प्रदर्शन कर सपा सांसद का पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सपा सांसद द्वारा महाराणा सांगा पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में बुधवार को क्षत्रिय व सकल हिंदू समाज ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। सभी रामलीला मैदान में एकत्र हुए, जहां से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए सभी देवी मंदिर चौराहे पर पहुंचे। यहां सभी ने सपा सांसद का पुतला जलाया और राष्ट्रपति को प्रेषित एक ज्ञापन एसडीएम और सीओ को सौंपा। उन्होंने बताया कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने बीते दिनों संसद में सनातन गौरव के प्रतीक महाराणा सांगा पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसे सकल हिंदू समाज किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। रामलीला मैदान से जुलूस के रूप में सभी लोग नारेबाजी करते हुए मुख्य रास्तों से होते हुए देवी मंदिर चौराहे पर पहुंचे। जहां सपा सांसद का पुतला फूंका। मौके पर एसडीएम महेश प्रसाद दीक्षित व सीओ संजय कुमार जायसवाल पहुंचे। जिन्हें ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर आलोक जैन, डॉ. ओमकार पुंडीर, पंकज जैन, विनोद जैन, अभिषेक चौहान, अनुज बजरंगी, उत्तम सिंह, पिंकी आदि मौजूद थे।

## शोभित में पीयर-टू-पीयर लर्निंग प्रोग्राम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड टू-बी-यूनिवर्सिटी, मेरठ के कंप्यूटर क्लब द्वारा पीयर-टू-पीयर लर्निंग प्रोग्राम का भव्य उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के मध्य सहयोगात्मक शिक्षा और सामूहिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभिनव प्रयास है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य छात्रों के तकनीकी कौशल में वृद्धि करना और उन्हें प्रभावशाली तथा व्यावहारिक प्रोजेक्ट्स बनाने में सक्षम बनाना है, जिससे वे भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। कार्यक्रम की शुरुआत कंप्यूटर क्लब के संकाय प्रभारी राजेश पांडेय के स्वागत भाषण से हुई।

उन्होंने कहा कि यह पहल छात्रों को एक-दूसरे से सीखने, साथ मिलकर प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने और तकनीकी कौशल को साझा करने का अद्वितीय मंच प्रदान करती है। यह केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सीखने की संस्कृति का आरंभ है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलपति प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, विश्वविद्यालय सदैव नवाचार और छात्र सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करता आया है। पीयर-टू-पीयर लर्निंग प्रोग्राम छात्रों को न केवल तकनीकी दृष्टि से बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी परिपक्व बनाएगा। छात्र इस अवसर का भरपूर लाभ उठाए। इसके उपरांत डॉ. दिव्या प्रकाश, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, ने कहा कि छात्रों द्वारा छात्रों के लिए शुरू की गई यह पहल न केवल शिक्षा को रोचक बनाएगी, बल्कि छात्रों में आत्म विश्वास, प्रस्तुति कौशल और संवाद क्षमता का भी विकास करेगी।

इस प्रकार की छात्र-नेतृत्वित पहलें वास्तव में प्रेरणादायक हैं। प्रो. डॉ. निधि त्यागी, निदेशिका, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग ने कहा, पीयर-टू-पीयर लर्निंग छात्रों को आत्मनिर्भर बनाती है। जब विद्यार्थी एक-दूसरे को सिखाते हैं, तो सीखने की प्रक्रिया अधिक गहराई से होती है। यह कार्यक्रम हमारे छात्रों को नेतृत्व, सहयोग और ज्ञान साझा करने का अवसर देगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के मुख्य अनुशासन अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को तकनीकी शिक्षा में समर्पित और सकारात्मक भागीदारी हेतु प्रेरित किया और कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को समृद्ध करती हैं, बल्कि उन्हें अनुशासित, जिम्मेदार और आत्म निर्भर बनाती हैं। कार्यक्रम के पहले सत्र में बी.टेक कंप्यूटर साइंस के छात्र आदर्श मिश्रा द्वारा एक अत्यंत जानकारीपूर्ण और व्यावहारिक सत्र लिया गया। उन्होंने वेबसाइट निर्माण में इन भाषाओं के उपयोग, डाटाबेस कनेक्टिविटी और फॉर्म हैंडलिंग जैसे विषयों को सरलता से समझाया। इस सत्र में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कंप्यूटर क्लब की कोर टीम अद्रिका आदित्य, अतिकुर रहमान, सक्षम पाठक, शुभम चौधरी, वंशिका जैन, सौरव भदाना और अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर क्लब के इंचार्ज राजेश पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा, कि यह शुरुआत है एक कामयाबी वाले सफर की।

# कोहली के फॉर्म में होने से आरसीबी मजबूत, डीसी की बढ़ी चिंता

**विराट ने इस सीजन के चार मैचों में 54-66 की शानदार औसत और 143-85 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए हैं**




**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच मुक. ाबला होगा। कोहली का फॉर्म में होना डीसी के लिए चिंता का सबब बन सकता है।

कल के मैच में इस सीजन में शानदार फॉर्म में चल रहे आरसीबी की धड़कन कहे जाने वाले विराट कोहली पर होंगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने अभी तक इस सीजन के चार मैचों में 54-66 की शानदार औसत और 143-85 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए हैं। बकौल, चिन्नास्वामी में कोहली की महारत जगजाहिर है। कोहली ने आईपीएल में इस मैदान पर 3,000 से ज्यादा रन बनाकर शीर्ष क्रम में हैं। इस सीजन में आरसीबी फिलहाल चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान काबिज है। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस पर 12 रन की रोमांचक जीत के बाद आरसीबी इस मुकाबले में विजय अभियान को बरकरार रखने के लिए मैदान में उतरेगा। पिछले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए, आरसीबी ने कोहली (42 गेंदों पर 67 रन), रजत पाटीदार (32 गेंदों पर 64 रन) और जितेश शर्मा (19 गेंदों पर नाबाद 40 रन) के योगदान की बदौलत 221/5 का बड़ा स्कोर खघ किया। हालांकि उनके गेंदबा. जों ने धैर्य का परिचय देते हुए और क्रुणाल पांड्या के चार विकेट टीम के लिए निर्णायक साबित हुए। बल्लेबाजी पर अत्यधिक निर्भरता के लिए लंबे समय से आलोचना झेल रही बेंगलुरु की टीम इस सीजन में संतुलन में दिख रही है। इस बार जोश हेजलवुड ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है, उन्होंने चार मैचों में 7-76 की दर से 8 विकेट लिए हैं। वहीं यश दयाल और क्रुणाल पांड्या ने भी गेंदबाजी में अपने हाथ दिखायें हैं, जबकि भुवनेश्वर कुमार के अनुभव ने नई गेंद पर बहुत नियंत्रित होकर गेंदबा. जी की है। दूसरी तरफ, दिल्ली अभी तक पांच में से चार मैच जीतकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। हाल ही चेपॉक का मैदान जो मेहमान टीमों के लिए ऐतिहासिक रूप से कठिन साबित होती रही है, उसमें खेले गए मैच में दिल्ली ने चेन्नई सुपर किंग्स को उसी के घर में 25 रनों से मात दी थी। मुकाबले में केएल राहुल ने 51 गेंदों पर 77 रनों की बढ़िया पारी खेली, जबकि मिशेल स्टार्क ने विकेट लेने का सिलसिला जारी रखते हुए सीजन का अपना नौवां विकेट हासिल किया। वहीं अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स और अक्षर पटेल सहित डीसी का मध्य क्रम मजबूत है। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने अभी तक के मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन चिन्नास्वामी की सपाट पिच पर शायद उन्हें यह मौका मिल सकता है। अक्षर की अगुआई में टीम और बीच के ओवरों में चाइनामैन कुलद. ीप यादव की स्पिन का जादू दिल्ली कैपिटल्स की सबसे संतुलित टीमों में से एक बनी हुई है।

## आईपीएल में पहली बार डरा हुआ था: कोहली

**कहा: द्रविड़-कुंबले जैसे दिग्गजों के साथ खेलना सपने जैसा, युवराज-जहीर को छोड़ किसी से नहीं मिला था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विराट कोहली ने कहा- आईपीएलकी वजह से उनका टी-20 गेम निखरा है। जब मैंने पहली बार आईपीएल में खेला, तो मैं पूरी तरह से डरा हुआ था।

मैं जहीर-युवराज के अलावा किसी क्रिकेटर से नहीं मिला था। मेरे जैसे न्यू कमर के लिए अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करना किसी सपने से कम नहीं था। वर्तमान में विराट कोहली आईपीएलमें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। मौजूदा सीजन में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 67 रनों की पारी खेली थी। कोहली ने कहा कि डेब्यू मैच में एक्साइटमेंट के साथ दबाव भी था। मुझे पता था कि मेरा खेल अभी उस लेवल का नहीं है। मुझे खुद को साबित करना था। दबाव की वजह से ही मेरा पहला सीजन अच्छा नहीं गया, लेकिन वह अनुभव शानदार था। शुरुआत में टॉप आर्डर में खेलने का मौका नहीं मिला रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने शुरुआती सालों को याद करते हुए कोहली ने कहा, श्आरसीबी के साथ अपने पहले तीन सालों में मुझे टॉप आर्डर में बैटिंग करने का ज्यादा मौका नहीं मिला। मुझे आमतौर पर निचले आर्डर में भेजा जाता था। इसलिए मैं आईपीएलमें शुरुआत में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया। 2009 का सीजन मेरे लिए थोड़ा बेहतर रहा। उस साल पिचें मेरे खेल के अनुकूल थीं, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आ रही थी और मैं अपने शाट्स ज्यादा आजादी से खेल सकता था। यह मेरे करियर का एक दिलचस्प दौर था। 2010 के बाद से मैंने अच्छा परफार्म करना शुरू कर दिया और 2011 तक मैं रेगुलर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने लगा। आईपीएल अलग तरीके की चुनौती कोहली ने आगे कहा कि आईपीएलआपको बहुत ही अलग तरीके से चुनौती देता है। यह एक छोटी बाइलैटरल सीरीज की तरह नहीं है, यह कई हफ्ते तक चलता है और पाइंट्स टेबल में आपकी स्थिति बदलती रहती है। पाइंट्स टेबल में लगातार बदलते पोजिशन से अलग-अलग तरह का दबाव आता है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## सिद्धि और अभ्युदय ने केएल गर्ग मेमोरियल में किया उलटफेर

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश की सिद्धि ने डा- केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस-7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय इक्षिता को हराते हुए उलटफेर भरी जीत के साथ बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के अभ्युदय ने भी उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं शीर्ष वरीय यूपी के रोहिन राज, दूसरी वरीय मेहर एस-खोसला, चौथी वरीय अग्रिम साहू ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में गैर वरीय उत्तर प्रदेश की सिद्धि ने शीर्ष वरीय उत्तर प्रदेश की ही इक्षिता को सीधे सेट में 6-1, 6-4 से हराया। इसके साथ दूसरी वरीय आशी शमसेरी, तीसरी वरीय वनिशा और चौथी वरीय गीतिका भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। उत्तर प्रदेश की आशी ने काशवी को आसानी से 6-0, 6-0 से मात दी। वनिशा ने उत्तर प्रदेश की आद्या को 7-6(7-1), 6-2 से हराया। वनिशा ने कड़े संघर्ष के बाद पहला सेट टाईब्रेक में जीता और दूसरे सेट में बेहतर स्ट्रोक खेलते हुए जीत दर्ज की। वहीं उत्तर प्रदेश की चौथी वरीय गीतिका ने प्रदेश की ही ताशी को 6-4, 7-5 से हराकर अंतिम चार में स्थान सुरक्षित किया। बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में अभ्युदय ने तीसरी वरीय यूपी के अनुज कुमार को 6-2, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अभ्युदय ने पहला सेट संघर्ष के बाद जीता जबकि दूसरे सेट के अंतिम क्षणों में नेट पर दमदार सर्विस करते हुए मैच अपने नाम किया।

## टेस्ट क्रिकेट मेरा हमेशा का सपना : पडिक्कल

**आरसीबी के लिए 3 साल बाद फिर खेल रहे है देवदत्त, पहले सीजन में 473 रन बनाए थे**



मुंबई, वार्ता। भारतीय क्रिकेटर देवदत्त पडिक्कल ने बुधवार को एक प्रेस कान्फेंस में अपने टेस्ट डेब्यू के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खेलना हमेशा से मेरा सपना था। मेरे लिए भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलना गर्व की बात है। इंटरव्यू में विराट कोहली पर किए गए सवाल पर उन्होंने कहा, विराट मेरे मेंटर की तरह हैं और उनके साथ खेलना मेरे लिए सपना पूरा होने जैसा है। पडिक्कल आईपीएल18 में बेंगलुरु की तरफ से खेल रहे है। उन्होंने अभी तक 4 मैचों में कुल 78 रन बनाएं है। इससे पहले वे 2 साल तक आरसीबी की तरफ से खेलें थे। पडिक्कल को फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने 7 मार्च 2024 को धर्मशाला में अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की। अपने पहले ही मैच में उन्होंने 103 गेंदों में 65 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था।घ पडिक्कल ने 2020-21 के अपने पहले आईपीएलसीजन में ही 473 रन बनाए और इमर्जिंग प्लेयर का अवार्ड भी जीता। उन्होंने इसके अगले सीजन में भी आरसीबी के लिए 400 से रन बनाए। हालांकि, बेंगलुरु ने इसके बाद पडिक्कल को रिलीज कर दिया और राजस्थान रायल्स ने उन्हें आईपीएल2022 से पहले आक्शन में खरीद लिया। 2 साल आरआर और एक साल एलएसजी के साथ खेलने के बाद 2025 की मेगा-नीलामी में, पडिक्कल को आरसीबी ने वापस खरीद लिया।

## गुजरात ने राजस्थान को 218 रन का लक्ष्य दिया

**ओपनर साई सुदर्शन ने 82 रन की पारी खेली, बटलर-शाहरुख ने 36-36 रन बनाए**




**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (जीटी) ने आईपीएल 2025 के 23वें मैच में राजस्थान रायल्स (आरआर) को जीत के लिए 218 रन का टारगेट दिया है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 217 रन बनाए। ओपनर साई सुदर्शन ने 82 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जोस बटलर और शाहरुख खान ने 36-36 रन बनाकर आउट हुए। राजस्थान की ओर से तुषार देशपांडे और महीश तीक्षणा को 2-2 विकेट मिले। जोफ्रा आर्चरी और संदीप शर्मा के खाते में एक-एक विकेट आया। 20वां ओवर डाल रहे संदीप शर्मा के ओवर से 16 रन आए। उनके ओवर में राहुल तेवतिया ने दो चौके और एक छक्का लगाया। 19वें ओवर में साई सुदर्शन 82 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तुषार देशपांडे ने संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। इस तरह गुजराज का 5वां विकेट गिरा। इसी ओवर में टीम ने 200 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। आखिरी बाल पर राशिद खान 12 रन बनाकर आउट हुए। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर साई सुदर्शन को जीवनदान मिला। जोफ्रा आर्चर के ओवर में शुभम दुबे से डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग में कैच छूट गया। 16वें ओवर में शाहरुख खान 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें महीश तीक्षणा ने विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। तीक्षणा ने जोस बटलर को भी आउट किया। 14वें ओवर में शाहरुख खान ने महीश तीक्षणा पर लगातार तीन बाउंड्री लगाई। उन्होंने तीसरी बाल पर छक्का जड़ा। फिर चौथी और 5वीं बाल पर लगातार दो चौके लगाए। 14वें ओवर में राजस्थान ने इम्पैक्ट प्लेयर्स नियम का उपयोग किया। टीम ने फजलहक फारुकी की जगह शुभम दुबे को मैदान पर बुलाया। बेंगलुरु का स्कोर 100 पार, शाहरुख खान ने लगातार दो चौके मारे। 12वें ओवर में गुजरात ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। फजलहक फारुकी के ओवर में शाहरुख खान ने लगातार दो चौके लगाए। 10वें ओवर में साई सुदर्शन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने 32 बाल पर हाफ संेचुरी पूरी की।

## आईपीएल: डेवोन रिटायर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

**जरूरी रन रेट बढ़ता देख कोनवे ने रिटायर आउट होने का फैसला लिया**



**मुल्लांपुर, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज डेवोन कानवे इस आईपीएल सीजन रिटायर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। उनसे पहले मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा भी रिटायर आउट हुए थे। हालांकि, सीएसके के लिए यह दांव काम नहीं आया और उसे पंजाब किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पंजाब ने सीएसके के सामने 220 रनों का लक्ष्य रखा था।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके के लिए कानवे ने 18वें ओवर तक बल्लेबाजी की और 49 गेंदों पर 69 रन बनाए जिसमें छह चौका और दो छक्के शामिल हैं। कानवे ने 37 गेंदों पर अर्द्धशतक जड़ा, लेकिन जरूरी रन रेट बढ़ता देख उन्होंने रिटायर आउट होने का फैसला लिया। सीएसके को उस वक्त जीत के लिए 13 गेंदों पर 49 रनों की जरूरत थी। कानवे के रिटायर आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा क्रीज पर आए। हालांकि, यह कदम सीएसके के लिए फायदेमंद नहीं रहा और पंजाब ने 20 ओवर में सीएसके को 201 रन पर रोक दिया। कानवे आईपीएल इतिहास में रिटायर आउट होने वाले पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले आईपीएल में रविचंद्रन अश्विन (2022), अथर्व तायदे (2023), साई सुदर्शन (2023) और तिलक वर्मा (2025) ऐसा कर चुके हैं। कानवे के रिटायर आउट होने पर सीएसके के कप्तान ;तुराज गायकवाड़ ने कहा, कानवे शीर्ष क्रम में हमारे लिए काफी फायदेमंद हैं। जब आपके पास जडेजा हैं जो मैच फिनिश करने के लिए जाने जाते हैं, आप उनसे इसी तरह की उम्मीद करते हैं। कानवे को रिटायर आउट करने का फैसला आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के समझ से परे था। उन्होंने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि मुझे वह निर्णय समझ में नहीं आया, आप उस खिलाड़ी को रिटायर आउट कर देते हैं जो 69 रन पर था और मैदान पर इतना समय बिता चुका था। मुझे पता है कि आपको छक्कों की जरूरत है, लेकिन ऐसा नहीं है कि कानवे छक्के नहीं मार सकता। कप्तान के तौर पर इस तरह के फैसले ही आपको दर्शाते हैं। इसी से हमेशा तय होता है कि आप जीतते हैं या हारते हैं। सीएसके के लिए पंजाब के खिलाफ डेवोन कानवे ने अर्धशतकीय पारी खेली। तीसरे विकेट के लिए शिवम दुबे और डेवोन कानवे ने 51 गेंदों में 89 रन जोड़े। कानवे ने इस मुकाबले में 69 रनों की दमदार पारी खेली। इसी के साथ कानवे ने आईपीएल में 1000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम पारियों में 1000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में साई सुदर्शन और मैथ्यू हेडन को पीछे छोड़ा। सुदर्शन और हेडन ने 25 पारियों में आईपीएल में 1000 रन पूरे किए थे, जबकि कानवे ने 24 पारियों में ही ऐसा किया।

## जैक ड्रेपर मोंटे कार्लो के तीसरे दौर में



**पेरिस, वार्ता।** ब्रिटेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने सीजन के अपने पहले क्ले कोर्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में जगह बना ली हैं। ड्रेपर ने एक घंटा एक मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-1 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। ड्रेपर ने मैच के दौरान पांच ऐस और 21 विनर लगाए। पहले दौर में बाई पाने वाले 23 वर्षीय ड्रेपर का अगले दौर में स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना और अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

## मैक्सवेल पर लगा मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना



**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ गया है।

मंगलवार की रात पंजाब और चेन्नई के बीच न्यू पीसीए स्टेडियम में खेले मैच में मैक्सवेल को आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल आचार संहिता अनुच्छेद 2-2 (मैच के दौरान गाली गलौच और तोड़फोड) लेवल 1 अपराध और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया हैं। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। उल्लेखनीय है कि इस मैच में पंजाब किंग्स ने प्रियांश आर्य के सनसनीखेज शतक और दबाव में संयमित गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स पर 18 रनों से जीत दर्ज की थी।

## फैंस को एंटरटेनमेंट पसंद: हसन अली

**बोले: अगर हम पीसीएल में अच्छा खेलें, तो वे आईपीएल देखना बंद कर देंगे**



**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के गेंदबाज हसन अली ने दावा किया है कि अगर पाकिस्तानी क्रिकेट लीग में उनके खिलाड़ी अच्छा खेलते हैं, तो उन्हें देखने के लिए फैंस इंडियन प्रीमियर लीग छोड़ देंगे। 30 साल के मीडियम फास्ट बालर पाकिस्तान क्रिकेट लीग (पीसीएल) शुरू होने से पहले जियो टीवी से बात कर रहे थे।

उन्होंने पीसीएल के भारतीय लीग आईपीएलसे क्लैश के सवाल पर कहा कि फैंस ऐसे टूर्नामेंट देखते हैं, जहां मनोरंजन के साथ अच्छा क्रिकेट होता है। अगर हम पीसीएल में अच्छा खेलते हैं, तो दर्शक हमें देखने के लिए आईपीएलछोड़ देंगे।श पाकिस्तान के इंटरनेशनल शेडड्रूल के कारण पीसीएल की शुरुआत 11 अप्रैल से हो रही है। इसी समय भारत में आईपीएलचल रहा है। आमतौर पर पीसीएल का आयोजन फरवरी-मार्च के बीच होता है। हसन अली ने कहा कि अगर पाकिस्तान की नेशनल टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी तो उसका सकारात्मक असर पीसीएल पर भी पड़ेगा। टीम के बुरे परफारमेंस के कारण लीग की इमेज डाउन हो जाती है। हसन अली का पीसीएल करियर हसन अली ने अभी तक पीसीएल में कुल 82 मैच खेलें है। जिसमें उन्होंने 8.03 की इकानमी से 108 विकेट झटके हैं। अपने पीसीएल करियर में वो पेशावर जाल्मी, इस्लामाबाद यूनाइटेड और कराची किंग्स की तरफ से खेल चुके हैं। पीसीएल भारतीय लीग आईपीएलके जैसा टी-20 टूर्नामेंट है। इस साल टूर्नामेंट का 10वां सीजन होगा। टूर्नामेंट चार शहरों कराची, मुल्तान, रावलपिंडी और लाहौर में आयोजित होगा। इसमें 6 टीमें हिस्सा लेंगी। हसन इसमें कराची किंग्स की तरफ से खेलेंगे। यह टूर्नामेंट पिछले साल इस्लामाबाद यूनाइटेड ने जीता था। उससे पहले के दोनों सीजन लाहौर कलंदर्स ने जीते थे। इस सीजन में खेलने वाली टीमों में इस्लामाबाद यूनाइटेड, लाहौर कलंदर्स, क्वेटा ग्लैडिएटर्स, पेशावर जाल्मी, कराची किंग्स और मुल्तान सुल्तांस शामिल हैं।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स : संभावित बिहार खो-खो टीम का ट्रेनिंग कैंप 12 अप्रैल से मुंगेर में

**पटना, वार्ता।** बिहार में आगामी 04 से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाली संभावित बिहार खो-खो टीम का ट्रेनिंग कैंप आगामी 12 अप्रैल से मुंगेर में आयोजित किया जाएगा। खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने बुधवार को बताया कि यह कैंप पहले गया में आयोजित होनी थी पर खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के आग्रह पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिद. ेशक रवींद्र शंकरण ने मुंगेर में आयोजित करने का आदेश दिया है।

उन्होंने बताया कि इस कैंप में पिछले दिनों पटना में आयोजित सेलेक्शन ट्रायल के आधार पर बालक एवं बालिका वर्ग में 25-25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह कैंप 3 मई तक चलेगा। ट्रेनिंग कैंप के आधार पर फाइनल टीम की घोषणा की जाएगी। श्री पप्पू ने बताया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण से जारी पत्र के अनुसार बालक वर्ग को ट्रेनिंग विनय कुमार जायसवाल और बालिका वर्ग में स्वप्ना पांडेय ट्रेनिंग देंगे। दोनों एनआईएस खो-खो कोच हैं। ये दोनों ट्रेनिंग कैंप के अलावा मैच के दौरान भी टीम से जुड़े रहेंगे। ट्रेनिंग के दौरान बालक वर्ग स्थानीय सपोर्टिंग स्टॉफ के अमन कुमार और बालिका वर्ग में हरिमोहन होंगे। ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में बालक वर्ग में गोलू कुमार, धीरज कुमार, आनंद कुमार, प्रियांशु कुमार (सभी पश्चिमी चंपारण), आयुष राज, अनमोल कुमार (दोनों बांका), प्रीतम राज, आयुष राज (दोनों भागलपुर), समीर कुमार, पवन कुमार (दोनों बक्सर), आयुष कुमार (शेखपुरा), नितेश कुमार, हर्ष कुमार शामिल हैं।

## प्रियांश ने जड़ा आईपीएल2025 का सबसे तेज शतक



**मुल्लांपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ महज 39 गेंदों शतक बनाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सबसे तेज शतक बनाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। यहां 22 वर्षीय दाएं हाथ के इस बल्लेबाज प्रियांश चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।

इस पारी के साथ, प्रियांश आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले लोगों की सूची में शामिल हो गए। वह ट्रैविस हेड (2024) के साथ बराबरी पर हैं। वह क्रिस गेल (30 गेंद, 2013), यूसुफ पठान (37 गेंद, 2010) और डेविड मिलर (38 गेंद, 2013) से पीछे हैं। प्रियांश ने संकट के समय तूफानी बल्लेबाजी की पथिराना और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों पर करारे प्रहार किए। उनकी यह पारी दिल्ली प्रीमियर लीग में उनके कारनामों की याद दिलाती है, जहां उन्होंने एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। प्रियांश ने अपनी 103 रनों की पारी में नौ छक्के और सात चौके लगाए। प्रियांश इस शतक के साथ शॉन मार्श (2008), मनीष पांडे (2009), पॉल वल्थाटी (2011), देवदत्त पडिक्कल (2021), रजत पाटीदार (2022), यशस्वी जायसवाल (2022) और प्रभसिमरन लसह (2023) सहित अनकैप्ड खिलाड़ियों द्वारा आईपीएल शतकों के एक विशेष क्लब में शामिल हो गए है।

# सम्पादकीय

**गुरुवार, 10 अप्रैल 2025**

## विधेयक पर राजनीति

यह देखना बेहद विचित्र है कि जहां वक्फ संशोधन बिल लोकसभा व राज्यसभा में पारित होने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू के हस्ताक्षर होने पर कानून का रूप ले चुका है, और आठ अप्रैल से इस विधेयक की अधिसूचना भी जारी कर दी है। तब पश्चिम बंगाल व जम्मू-कश्मीर से जिस तरह की खबरे आ रही है वह काफी चौकाती भी है और डराती भी है और सोचने पर विवश करती है कि हमारा देश किस ओर जा रहा है। मंगलवार को पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कोलकाता में जैन समाज के एक कार्यक्रम में बोलते हुए साफ बोल दिया कि नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। यही नहीं उन्होंने यह भी कह ढाला कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा की जाएगी। उनके अनुसार बंगाल में धर्म के नाम पर बटवारा नहीं होने देंगी और जियो और जीने दो के सिद्धांत पर ही आगे बढ़ेगी ऐसा करते हुए चाहे उनकी जान भी चली जाए उन्हे कोई प्रवाह नहीं है। वही दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ संशोधन बिल को लेकर लगातार तीसरे दिन भी वहां भाजपा और नेशलन कॉन्फ्रेंस के विधायकों के बीच कई बार जोरदार हंगामा देखने को मिला। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के हालात इतने बुरे हो चले है कि विधायकों के बीच में हाथापाई हो गई। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भी वक्फ संशोधन बिल के विरोध में हिंसा भड़क उठी जिसमें लोगों का काफी नुकसान भी हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुवेंदु अधिकारी ने अपनी प्रतिक्रिया में जहां ममता बनर्जी को फर्जी हिंदू कहा है। वही यह भी कहा की मुर्शिदाबाद की हिंसा प्री प्लान्ड है। ऐसे इसलिए किया गया ताकि शिक्षक भर्ती घोटाले और 26 हजार शिक्षकों की बर्खास्तगी से लोगों का ध्यान भटकाया जा सके। असल में वक्फ संशोधन विधायक तीन व चार अप्रैल को देर रात लोकसभा व राज्यसभा से पारित हो गया था। इसके बाद पांच अप्रैल को राष्ट्रपति मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद यह कानून का रूप ले चुका है। यह पूरी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। यहां यह भी कहना जरूरी है कि लोकतंत्र में जहां संख्या बल महत्वपूर्ण होता है वहीं आपसी सहमति का भी कम महत्व नहीं होता। यह ठीक है कि सरकार कह सकती है कि उसने विधायक को पारित करने में सभी लोकतांत्रिक तरीकों को अपनाया अब क्योंकि उसके पास प्रयाप्त संख्या बल था तो उसने वक्फ संशोधन बिल को पारित भी करा लिया। लेकिन यह तो कहना ही पड़ेगा तमाम विपक्ष व मुस्लिम संगठन इस विधेयक को मानने के लिए अभी भी तैयार दिखाई नहीं दे रहे है। दर्जनभर से अधिक याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट के द्वार भी पहुंच गई है जहां सुप्रीम कोर्ट उनपर 16 अप्रैल से सुनवाई कर सकता है। बेहतर होता कि संख्या बल से इतर लोगों के साथ आम सहमति बनाने पर गंभीरता दिखाती जोकि उसने नहीं दिखाई यही कारण है कि संसद से लेकर सड़क तक और सड़क से लेकर अदालत तक इस विधेयक का विरोध दिखाई दे रहा है। वैसे अब गेंद सुप्रीम कोर्ट के पाले में है। देखे क्या फैसला आता है।

## प्रधानमंत्री व आरएसएस ने जाति जनगणना नहीं चाहते



तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है, हमने जाति जनगणना कराई है, कुछ महीने पहले, मैंने संसद में प्रधानमंत्री मोदी से पूछा था कि हमें देश में जाति जनगणना करवानी चाहिए, मैं जानना चाहता था कि इस देश में किसकी कितनी हिस्सेदारी है और क्या यह देश सही मायने में आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सम्मान करता है, प्रधानमंत्री मोदी व आरएसएस ने जाति जनगणना से साफ इन्कार कर दिया, क्योंकि वे नहीं चाहते कि इस देश में अल्पसंख्यकों को कितनी हिस्सेदारी मिलती है, यह पता चले, मैंने उनसे कहा कि हम संसद में आपके सामने ही जाति जनगणना कानून पारित करेंगे, लोकसभा में, राज्यसभा में हम कानून पास करेंगे, जाति जनगणना यहीं से निकालेंगे, मैं जानता हूं कि जो तेलंगाना की हालत है, वह हर प्रदेश की है।

**राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सांसद**

# धर्मनिरपेक्ष हिन्दुओं से 'नफरत के सौदागरों को सीख लेनी चाहिए'

**पिछले दिनों देश में एक उेसे विषय को विवाद का रूप दे दिया गया जो आजादी के 78 वर्षों बाद भी कभी विवाद का विषय था ही नहीं, उत्तर प्रदेश के कई शहरों में प्रशासन द्वारा अलविदा जुमा (रमजान का आखिरी शुक्रवार) की नमाज सड़कों पर या अपने घरों की छतों पर पढ़ने से रोक लगा दी गई, दिल्ली में भी कई भाजपा विधायकों ने एक सुर में सड़क पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाने की मांग की**



**निर्मल रानी**


हमारे देश के मंदिरों व शिवालों में प्रात: व सायंकालीन आरतियों के बाद जो प्रार्थनायें की जाती हैं उनमें प्रत्येक सनातनी धर्मावलंबी यह प्रार्थना भी करता है कि 'प्राणियों में सद्भावना हो', विश्व का कल्याण हो। हमारा ही धर्म हमें विश्व बंधुत्व व वसुधैव कुटुंबकम का पाठ भी पढ़ाता है और यही हमें 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' की सीख भी देता है। यह वाक्यांश भारतीय विचारधारा में सार्वभौमिक एकता और भाईचारे की भावना के प्रतीक हैं तथा समग्र हिन्दू सोच को प्रतिबिंबित करती हैं। निश्चित रूप से यही भारतीय हिन्दू समाज का स्वभाव भी है। और भारतीय बहुसंख्यकों के यही मानवतापूर्ण संस्कार ही भारत को विश्व के सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में पहचान दिलाते हैं। परन्तु हमारे देश में दशकों से अनेक संकीर्णतावादी संगठन ऐसे भी सक्रिय हैं जिन्हें न तो 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' की सोच पसंद है न ही विश्व बंधुत्व, वसुधैव कुटुंबकम और प्राणियों में सद्भावना जैसी बातें इन्हें पसंद हैं, और न ही इन्हें विश्व के कल्याण से कोई वास्ता है। यह संकीर्ण साम्प्रदायिकतावादी देश और दुनिया को अपने ही कट्टरपंथी रंग में रंगना चाहते हैं। यह संकीर्ण व विद्वेषपूर्ण विचार, धर्म और हिन्दू जागरण के नाम पर देश के आम शांतिप्रिय लोगों को उकसाता व भड़काता है, और इसके पीछे की सबसे बड़ी चाल यह है कि इसी वैमनस्य व साम्प्रदायिकता के नाम पर न जाने कितने निखट्टुओं को सत्ता मिल जाती है। और जो लोग लिपिक या चौकीदार अथवा सिपाही के योग्य भी नहीं होते उन्हें देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था में राज करने का अवसर मिल जाता है।

पिछले दिनों देश में एक ऐसे विषय को विवाद का रूप दे दिया गया जो आज़ादी के 78 वर्षों बाद भी कभी विवाद का विषय था ही नहीं। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में प्रशासन द्वारा अलविदा (रमज़ान का आख़िरी शुक्रवार) की नमाज़ सड़कों पर या अपने घरों की छतों पर पढ़ने पर रोक लगा दी गई। जिसके कारण अलीगढ़ जैसे शहर में मुसलमानों ने प्रशासन के निर्देशों की पालना करते व सहयोग करते हुए ईद की नमाज़ ईदगाह में सुबह 7 बजे और 7:45 पर यानी दो बार में अदा की गई। ऐसा पहली बार हुआ था। दिल्ली में भी कई भाजपा विधायकों ने एक सुर में सड़क पर नमाज़ पढ़ने पर रोक लगाने की मांग की। उधर मुस्लिम धर्मगुरुओं द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों से यह कहा गया कि लोग मस्जिदों में जब नमाज़ पढ़ने जाएं तो अगर एक मस्जिद में जगह ख़त्म हो जाए तो दूसरी मस्जिद में जाकर नमाज़ पढ़ लें। उन्होंने मुसलमानों से यही अपील की कि सड़कों पर नमाज़ न पढ़ी जाए और क़ानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु प्रशासन के निर्देशों का पालन किया जाए। परन्तु इसी सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी का भी एक बयान चर्चा में आया। उन्होंने सड़कों पर नमाज़ अदा करने के विरुद्ध मुसलमानों को प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी का पूरी तरह बचाव किया और कहा कि सड़क चलने के लिए होती है और जो लोग बोल रहे हैं उन्हें हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए। कुल 66 करोड़ लोग प्रयागराज में आए, कहीं कोई लूटपाट नहीं, कहीं कोई आगज़नी नहीं, कहीं कोई छेड़खानी नहीं, कहीं कोई तोड़फोड़ नहीं, कहीं कोई अपहरण नहीं, यह होता है अनुशासन यह है धार्मिक अनुशासन। मुख्यमंत्री ने मेरठ में सड़कों पर नमाज़ अदा करने के विरुद्ध प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी पर उठे विवाद के बारे में पूछे जाने पर सरकार के क़दम का बचाव करते हुए कहा कि इसमें कुछ भी ग़लत नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि महाकुंभ में इस बार श्रद्धालुओं की रिकार्ड उपस्थित रही। प्रशासनिक लापरवाहियों के चलते भगदड़, आगज़नी व यातायात जाम जैसी कुछ घटनाएं भी हुईं। परन्तु निश्चित रूप से इन सबके बावजूद बहुसंख्य शांतिप्रिय हिन्दू श्रद्धालु देश विदेश से आए और संगम में स्नान कर वापस चले गए। निश्चित रूप से इनसे अनुशासन की सीख लेने की ज़रुरत है। परन्तु इसी कुंभ में चंद सत्ता संरक्षित लोग ऐसे भी थे जो खुले आम लोगों को आत्मरक्षा के नाम पर शस्त्र वितरित कर रहे थे। इसी महाकुंभ में कुछ लोग ऐसे भी थे जो संविधान का मज़ाक़ उड़ाते हुए हिन्दू राष्ट्र स्थापना की बातें कर रहे थे, इसी महाकुंभ में कुछ ऐसे भी थे जो शसर्वे भवन्तु सुखिन: प्राणियों में सद्भावना और विश्व का कल्याण जैसे मूलभूत सनातनी सिद्धांतों की खिल्ली उड़ाते हुए धर्म विशेष के लोगों के मेले से बहिष्कार की बात कर रहे थे। कई संतरूपी वेषधारियों ने सत्ता के संरक्षण में केवल धर्म विशेष के विरुद्ध नफ़रत फैलाने जैसा कारोबार फैला रखा था। कुछ लोग ऐसे भी थे जो यातायात की असुविधा से खिन्न होकर बड़े पैमाने पर ट्रेंस में तोड़फोड़ कर रहे थे। परन्तु वास्तव में धन्य हैं वह करोड़ों बहुसंख्य अनुशासित देशभब कुंभ श्रद्धालु जिन्होंने इनके ज़हरीले व देश व संविधान विरोधी आवाहनों को धत्ता बताते हुए मेले में शांति बनाये राखी। निश्चित रूप से देश व दुनिया को ऐसे मानवतावादी हिन्दुओं से सीख लेने की ज़रुरत है। सच पूछिए तो इसी महाकुंभ के दौरान प्रशासनिक ग़लतियों के चलते जब इन्हीं श्रद्धालुओं पर भगदड़ जैसा संकट मंडराया तो इन्होंने प्रयागराज के सैकड़ों मस्जिदों, इमामबाड़ों, दरगाहों व मुस्लिम शैक्षणिक संस्थाओं में पनाह लेने के बाद वहां के मुस्लिम समाज के प्रति अपने प्रेम, विश्वास व सद्भावना के जो भाव सोशल मीडिया पर व्यक्त किए वही भाव देश के बहुसंख्य भारतीयों के भाव हैं।

धर्मनिरपेक्षता से नफ़रत करने वालों को किसी विपक्षी नेता से नहीं बल्कि स्वयं अपने ही वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपई के बयानों से सीख लेनी चाहिए। वाजपेई का कहना था कि अगर भारत धर्मनिरपेक्ष नहीं है, तो भारत बिल्कुल भारत नहीं है। यह भी वाजपेई के ही शब्द थे कि भारत भाजपा या आरएसएस की वजह से धर्मनिरपेक्ष नहीं है। बल्कि भारत धर्मनिरपेक्ष है क्योंकि इसकी 82 प्रतिशत आबादी हिंदू है। यह हिंद. ुओं की विचार प्रक्रिया और दर्शन है जो इस देश को धर्मनिरपेक्ष बनाता है। हिंदू किसी एक किताब या एक पैग़ंबर से बंधे नहीं हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**




# पृथ्वी की घूर्णन शक्ति से बिजली...

**आम तौर पर चुंबकीय क्षेत्र में एक सुचालक को घुमा कर बिजली उत्पन्न की जाती है जैसा कि पावर प्लांट्स में होता है, पृथ्वी का भी एक चुंबकीय क्षेत्र होता है, और जब पृथ्वी घूमती है तो इस चुंबकीय क्षेत्र का एक हिस्सा स्थिर बना रहता है, सैद्धांतिक रूप से, यदि कोई चालक पृथ्वी की सतह पर रखा जाए तो वह इस चुंबकीय क्षेत्र से गुज़रकर विद्युत धारा उत्पन्न कर सकता है हालांकि, पृथ्वी के सामान्य चुंबकीय क्षेत्र में ऐसा नहीं होता क्योंकि चालक के अंदर मौजूद आवेश खुद को इस तरह व्यवस्थित कर लेते हैं कि बिजली पैदा ही नहीं हो पाती लेकिन चायबा और उनकी टीम का दावा है कि उन्होंने इस समस्या का हल खोज लिया है**

**विजनगार्डन ने 2018 में इसी तरह का प्रयोग करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी, उनका मानना है कि चायबा की परिकल्पना सही नहीं हो सकती, उनके मुताबिक चायबा के दल ने काफी सावधानी बरती है लेकिन यह भी संभव है कि दर्ज किया गया वोल्टेज तापमान में बदलाव जैसी अन्य वजहों से आया हो, फिलहाल यह अध्ययन वैज्ञानिक समुदाय में बहस का विषय बन गया है**

एक हालिया अध्ययन का दावा है कि पृथ्वी के अपने चुंबकीय क्षेत्र में घूर्णन से बिजली उत्पन्न की जा सकती है।

हालांकि अध्ययन में एक विशेष उपकरण से मात्र 17 माइक्रोवोल्ट की बेहद कम विद्युत धारा उत्पन्न की गई है लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि यह प्रभाव वास्तविक है और इसे बड़े पैमाने पर लागू किया जा सकता है तो यह बिना प्रदूषण के बिजली उत्पादन का नया तरीका हो सकता है। खास तौर पर दूरदराज़ के इलाकों और मेडिकल उपकरणों के लिए यह तकनीक बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। यह शोध प्रिंसटन युनिवर्सिटी के क्रिस्टोफर चायबा के नेतृत्व में किया गया और फिज़िकल रिव्यू रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। आम तौर पर चुंबकीय क्षेत्र में एक सुचालक को घुमा कर बिजली उत्पन्न की जाती है, जैसा कि पावर प्लांट्स में होता है। पृथ्वी का भी एक चुंबकीय क्षेत्र होता है, और जब पृथ्वी घूमती है तो इस चुंबकीय क्षेत्र का एक हिस्सा स्थिर बना रहता है। सैद्धांतिक रूप से, यदि कोई चालक पृथ्वी की सतह पर रखा जाए तो वह इस चुंबकीय क्षेत्र से गुज़रकर विद्युत धारा उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, पृथ्वी के सामान्य चुंबकीय क्षेत्र में ऐसा नहीं होता, क्योंकि चालक के अंदर मौजूद आवेश खुद को इस तरह व्यवस्थित कर लेते हैं कि बिजली पैदा ही नहीं हो पाती।

लेकिन चायबा और उनकी टीम का दावा है कि उन्होंने इस समस्या का हल खोज लिया है, खास आकार में बना एक खोखला बेलन पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से बिजली बना सकता है। इस परिकल्पना को जांचने के लिए वैज्ञानिकों ने मैंगनीज़, ज़िंक और आयरन वाले चुंबकीय पदार्थ से एक विशेष उपकरण बनाया। उन्होंने 17 माइक्रोवोल्ट की बहुत हल्की विद्युत धारा दर्ज की, जो पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के सापेक्ष उपकरण की स्थिति बदलने पर भी बदल रही थी। लेकिन जब उन्होंने खोखले सिलेंडर की जगह ठोस सिलेंडर का उपयोग किया तो बिजली पैदा नहीं हुई। विस्कॉन्सिन-यूक्लेयर विश्वविद्यालय के पॉल थॉमस जैसे कुछ वैज्ञानिक इस प्रयोग को विश्वसनीय मानते हैं लेकिन फ्री युनिवर्सिटी ऑफ एम्स्टर्डम के रिंके विजनगार्डन जैसे अन्य वैज्ञानिकों को संदेह है। विजनगार्डन ने 2018 में इसी तरह का प्रयोग करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी। उनका मानना है कि चायबा की परिकल्पना सही नहीं हो सकती। उनके मुताबिक चायबा के दल ने काफी सावधानी बरती है लेकिन यह भी संभव है कि दर्ज किया गया वोल्टेज तापमान में बदलाव जैसी अन्य वजहों से आया हो। फिलहाल, यह अध्ययन वैज्ञानिक समुदाय में बहस का विषय बन गया है। अगर आगे के प्रयोग इन नतीजों की पुष्टि कर पाते हैं तो यह बिजली उत्पादन के नए रास्ते खोल सकता है।



**स्रोत फीसर्च**


**(महावीर जयंती पर विशेष)**

## भगवान महावीर: सत्य, तप और संयम की शाश्वत संहिता

# 'अहिंसा परमो धर्म :' के महामंत्रद्रष्टा भगवान महावीर



**श्वेता गोयल**




प्रतिवर्ष चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है।

महावीर जयंती इस वर्ष 10 अप्रैल को मनाई जा रही है। जैन धर्म के जानकारों के अनुसार भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। 'अहिंसा परमो धर्म:' सिद्धांत के लिए जाने जाते रहे भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है क्योंकि वर्तमान समय में मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है।

महावीर का जन्म होते ही उनके पिता राजा सिद्धार्थ के राज्य, मान-प्रतिष्ठा और धन-धान्य में वृद्धि होने लगी थी, इसीलिए उनका नाम वर्धमान रखा गया था और चूंकि वर्धमान बचपन से ही बड़े साहसी व निर्भीक थे, इसीलिए उनके पराक्रम के कारण आगे चलकर वे महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है। भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नारक व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रूग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। अहिंसा की तुलना संसार के सबसे महान् व्रत से करते हुए उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अत: हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अत: आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है। उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरूषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दण्ड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है।

धर्म को लेकर भगवान महावीर का मत था कि धर्म उत्कृष्ट मंगल है और अहिंसा, तप व संयम उसके प्रमुख लक्षण हैं। जिन व्यक्तियों का मन सदैव धर्म में रहता है, उन्हें देव भी नमस्कार करते हैं। अपने प्रवचनों में वह कहते थे कि ब्राह्मण कुल में पैदा होने के बाद यदि कर्म श्रेष्ठ हैं तो वही व्यक्ति ब्राह्मण है किन्तु ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी यदि वह हिंसाजन्य कार्य करता है तो वह ब्राह्मण नहीं है जबकि नीच कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति अगर सुआचरण, सुविचार एवं सुकृत्य करता है तो वह बाह्मण है। आत्मा के बारे में भगवान महावीर का तर्क था कि आत्मा शरीर से भिन्न है, आत्मा चेतन है, आत्मा नित्य है, आत्मा अविनाशी है। उनका कहना था कि मानव और पशुओं के समान पेड़-पौधों, अग्नि, वायु में भी आत्मा वास करती है और पेड़ पौधों में भी मनुष्य के समान दुख अनुभव करने की शक्ति होती है। महावीर कहते थे कि क्रोध प्रेम का नाश करता है, मान विषय का, माया मित्रता का नाश करती है और लालच सभी गुणों का। जो व्यक्ति अपना कल्याण चाहता है, उसे पाप को बढ़ाने वाले इन चारों दोषों क्रोध, मान, माया और लालच का त्याग कर देना चाहिए।

## बार-बार पिंपल्स निकल आना खराब गट हेल्थ हो सकता है वजह




**खराब** लाइफस्टाइल और गलत खानपान के वजह से लोगों के चेहरे पर पिंपल्स बहुत ज्यादा निकलने लगते हैं। ऐसे में स्किन को पिंप्लस और पिगमेंटेशन फ्री बनाए रखना काफी मुश्किल होता है। आमतौर पर लोग महंगे-महंगे स्किनकेयर प्रोडक्ट्स खरीदते हैं लेकिन फिर भी पिंपल्स निकाल ही जाते हैं। ऐसा आपके साथ भी हो रहा तो आपको स्किन केयर के साथ ही अंदर से बॉडी डिटॉक्स करना काफी जरुरी है। इस लेख में हम आपको तीन ऐसे ड्रिंक्स की जानकारी देने जा रहे हैं, जिससे आपका गट हेल्थ बेहतर होगा और आपके चेहरा भी साफ हो जाएगा।

### इन 3 हर्बल ड्रिंक्स का सेवन करें

- बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए आप त्रिफला वॉटर का सेवन कर सकते हैं। आप रातभर एक चम्मच त्रिफला पाउडर को पानी में भिगो दें। इसके बाद अगले सुबह छानकर पी लें। यह पाचन को दुरुस्त करता है, लीवर को भी साफ होता है, कब्ज की समास्या दूर होती है। इससे स्किन अंदर से ग्लो होती है।
- नीम की ड्रिंक भी बेहद फायदेमंद होती है। नीम की कुछ पत्तियों को पानी में उबाल लें और इसे छानकर पिएं। नीम एक शद्रिशाली एंटी बैक्टीरियल है, जो खून को साफ करता है। इसके सेवन से दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा, नीम ड्रिंक गट इंफ्लेमेशन को रोकता है।
- गिलोय ड्रिंक का सेवन करना भी फायदेमंद हो सकता है। गिलोय स्टेम को उबालकर उसका पानी छानकर पिएं। इसके सेवन से सूजन और पिगमेंटेशन कम होती है।

# टैरिफ की धुन में मगरूर ट्रम्प ने फार्मा कंपनियों पर फेंका जाल




**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि हम जल्द ही दवाइयों पर भारी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनका मकसद विदेश में दवा बना रही कंपनियों को अमेरिका में वापस लाना और घरेलू दवा इंडस्ट्री को बढ़ावा देना है। ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देश दवाओं की कीमतों को कम रखने के लिए बहुत ज्यादा दबाव बनाते हैं। वहां ये कंपनियां सस्ती दवा बेचती हैं, लेकिन अमेरिका में ऐसा नहीं होता है। एक बार जब इन दवा कंपनियों पर टैरिफ लग जाएगा तो ये सारी कंपनियां अमेरिका वापस आ जाएंगी। अगर अमेरिका दवाओं पर भी टैरिफ लगाने का फैसला लेता है तो इसका भारत पर भी असर पड़ेगा। भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनियां हर साल अमेरिका को 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाएं भेजती हैं। ट्रम्प ने कहा कि दवाएं दूसरे देशों में बनती हैं और इसके लिए आपको ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। लंदन में जो दवा 88 डॉलर में बिकती है, वही दवा अमेरिका में 1300 डॉलर में बिक रही है। अब यह सब खत्म हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति बोले कि टैरिफ लगाने से फार्मा कंपनियां वापस आएंगी, क्योंकि अमेरिका बहुत बड़ा बाजार है। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो विदेशी दवा कंपनियों को भारी टैक्स चुकाना पड़ेगा। ट्रम्प दवाओं पर कब से और कितना टैरिफ लगाएंगे, इसकी तारीख उन्होंने नहीं बताई है। अमेरिका दुनिया में सबसे ज्यादा दवाएं खरीदने वाला देश है। यूएस ट्रेड डेटा के मुताबिक भारत, अमेरिका को सबसे ज्यादा दवा बेचने वाले टॉप-5 देशों में शामिल है। ब्रजप का अनुमान है कि अगर टैरिफ का 50 प्रतिशत बोझ मरीजों तक पहुंचाया गया, तो फार्मा कंपनियों की कमाई EBIT-DA पर 1 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक का असर हो सकता है। ट्रम्प के इस ऐलान के बाद मार्केट एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि इससे दवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं और सप्लाई चेन पर असर पड़ सकता है। फार्मा कंपनी एली लिली के सीईओ डेविड रिक्स ने बीबीसी से कहा कि टैरिफ से R-D (अनुसंधान और विकास) पर असर पड़ेगा, जिससे नई दवाओं का विकास रुक सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिका में ज्यादातर सस्ती जेनेरिक दवाएं भारत और चीन से आती हैं। मंहगी दवा मिलने का नुकसान मरीजों को उठाना पड़ेगा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40 प्रतिशत भारत से भेजी जाती हैं।

## टैरिफ की जंग में उलझे चीन और अमेरिका

### कल से लागू होगा, अमेरिका के 104 प्रतिशत टैरिफ के बाद उठाया कदम

**बीजिंग।** अमेरिका की तरफ से लगाए गए 104 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में चीन ने अमेरिका पर 84 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ कल से लागू होगा। इससे पहले चीन ने अमेरिकी सामान पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसमें आज 50 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। चीन के कॉमर्स मंत्रालय ने यह भी कहा है कि उसने 12 अमेरिकी कंपनियों को एक्सपोर्ट कंट्रोल लिस्ट में डाला है। इससे पहले 6 कंपनियों को गैर भरोसेमंद की लिस्ट में डाला था। वहीं, अमेरिका का चीन पर लगाया 104 प्रतिशत टैरिफ आज से लागू हो गया है। इसका मतलब है कि अब से अमेरिका पहुंचने वाले चीनी सामान दोगुने दाम से भी ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। ट्रम्प ने फरवरी में चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद उन्होंने मार्च में फिर से 10 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। इस महीने की शुरुआत में ट्रम्प ने चीन पर 34 प्रतिशत और टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके जवाब में चीन ने अमेरिका पर भी 34 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अगर चीन ने अमेरिका पर लगाया गया 34 प्रतिशत टैरिफ वापस नहीं लिया तो उसे मार्च में लगाए 20 प्रतिशत और 2 अप्रैल को लगाए गए 34 प्रतिशत टैरिफ के साथ बुधवार से 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद ट्रम्प ने चीन पर 50 प्रतिशत ज्यादा टैरिफ लगा दिया, जो बढ़कर कुल 104 प्रतिशत हो गया है। ट्रम्प की धमकी पर चीन ने कहा था कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है।

## टीटीपी ने अमेरिकी निर्मित जेवलिन मिसाइलें की हासिल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) ने अमेरिका निर्मित एफजीएम-148-जेवलिन सहित अत्यधिक परिष्कृत टैंक रोधी मिसाइलें हासिल कर ली हैं, जिससे पाकिस्तान की सुरक्षा चुनौतियां बढ़ गई हैं। जैवलिन मिसाइल एक मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक सिस्टम है और इसमें टैंक, बख्तरबंद वाहन और सेना के प्रतिष्ठानों जैसे लक्ष्यों को स्वचालित रूप से निशाना बनाने और हमला करने की क्षमता है। रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि पाकिस्तान में सक्रिय टीटीपी आतंकवादियों के पास यह घातक मिसाइलें हैं या नहीं। टीटीपी अपने दुश्मनों को निशाना बनाने के लिए कहीं से भी इन मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है।

## मस्क ने ट्रम्प के सलाहकार नवारो को बताया बेवकूफ

**वॉशिंगटन।** टेस्ला के CEO इलॉन मस्क ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीनियर ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो को बेवकूफ बताया। नवारो ने एक इंटरव्यू कहा था कि मस्क की टेस्ला कंपनी कार निर्माता (मैन्युफैक्चरर) नहीं बल्कि कार असेंबलर है। नवारो ने कहा था कि टेस्ला ने बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और टायर बाहर से इंपोर्ट किए थे। मस्क सस्ते विदेशी पार्ट्स चाहते हैं। नवारो के मुताबिक विदेशों पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से यह सभी पार्ट्स महंगे हो जाएंगे। मस्क नवारो के इस बयान से भड़क गए।

उन्होंने कहा कि टेस्ला के बारे में नवारो के दावे साफ तौर पर झूठे हैं। टेस्ला के पास सबसे ज्यादा अमेरिका में मैन्युफेक्चर्ड कारें मस्क ने जवाब देते हुए कहा कि टेस्ला के पास सबसे ज्यादा अमेरिका में मैन्युफेक्चर्ड कारें हैं।

नवारो ईंटों की बोरी से भी ज्यादा मूर्ख हैं। उन्होंने केली ब्लू बुक के एक आर्टिकल लिंक पोस्ट किया, जिसमें बताया गया था कि टेस्ला व्हीकल के ज्यादातर पार्ट्स अमेरिका में मैन्युफेक्चर होते हैं। नवारो ने सोमवार को CNBC पर कहा था कि ट्रम्प अमेरिका में मैन्युफेक्चरिंग इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। अगर आप अभी हमारी ऑटो इंडस्ट्री को देखेंगे तो हम जर्मन इंजन और ट्रांसमिशन के लिए असेंबली लाइन हैं। हम जल्द ऐसी स्थिति में पहुंच जाएंगे जहां अमेरिका फिर से सामान बनाएगा, मजदूरी बढ़ेगी, मुनाफा बढ़ेगा। नवारो को ट्रम्प का कट्टर वफादार माना जाता है।

## नर्सिंग होम में लगी आग से 20 की मौत

**शीजीयाझुआंग।** चीन के उत्तरी प्रांत हेबेई में मंगलवार रात एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह आग कल रात करीब नौ बजे चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में लगी। अधिकारियों ने तड़के तीन बजे तक कुल 20 लोगों की मौत की पुष्टि कर दी। आग के कारणों की जांच की जा रही है।

### अमेरिका में संभावित मंदी

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी ट्रेजरी सचिव लॉरेंस समर्स ने कहा कि अमेरिका मंदी की ओर बढ़ रहा है, जिसमें टैरिफ वृद्धि के परिणामस्वरूप 20 लाख अमेरिकियों की नौकरी जाने की संभावना है। ब्लूमबर्ग टीवी को दिए गए एक साक्षात्कार में समर्स ने कहा, इसकी संभावना अधिक है कि हम मंदी में जा रहे हैं।

# 3 लाख भारतीय छात्रों का वर्क वीजा खतरे में

### ट्रम्प ने संसद में नया बिल पेश किया, भारत के तीन लाख स्टूडेंट्स की चिंता बढ़ी

अमेरिका




**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग OPT को खत्म करने के लिए अमेरिकी संसद कांग्रेस में एक नया बिल पेश किया गया है। इससे अमेरिका में पढ़ने वाले 3 लाख भारतीय छात्रों समेत दुनियाभर के छात्रों की चिंता बढ़ गई है। OPT एक ऐसा प्रोग्राम है जो F-1 वीजा पर अध्ययन करने वाले छात्रों को अपनी पढ़ाई के क्षेत्र से संबंधित क्षेत्र में अस्थाई रूप से काम करने की अनुमति देता है। इससे विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित STEM के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को ग्रेजुएट होने के बाद अमेरिका में 3 साल तक रहने और नौकरी खोजने की परमिशन मिलती है। अगर यह बिल पास हो जाता है तो छात्रों को F-1 वीजा पर काम करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा वे F-1 वीजा को वर्क वीजा में परिवर्तन नहीं करा सकेंगे। ऐसे छात्रों को अमेरिका में काम करने के लिए H-1B वर्क वीजा लेना अनिवार्य होगा। यह स्थिति उन छात्रों के लिए चिंताजनक है, जो H-1B वर्क वीजा के लिए आवेदन कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 शैक्षणिक वर्ष में अमेरिका में 3 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र थे, जिनमें से लगभग 33 प्रतिशत OPT के लिए पात्र थे। अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के लिए चिंता बढ़ाने वाली खबर सामने आई है। हाल ही में अमेरिकी अधिकारियों ने छात्रों के F-1 वीजा को मामूली अपराधों के आधार पर रद्द करना शुरू कर दिया है। इनमें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीडिंग और शॉप-लिफ्टिंग जैसे अपराध शामिल हैं। हैदराबाद से संबंधित कई छात्रों को ईमेल के माध्यम से बताया गया कि उनका रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया है और अब वे अमेरिका में कानूनी रूप से नहीं रह सकते। छात्रों को तुरंत देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। कई छात्रों ने दावा किया कि उनकी पुरानी गलतियों को आधार बना जा रहा है, जिनकी सभी कानूनी कार्रवाई पूरी हो चुकी हैं। एक छात्र ने बताया कि उसने 2 साल पहले स्पीडिंग का उल्लंघन किया था और जुर्माना भर दिया था। एक अन्य ने शराब पीकर गाड़ी चलाने के बाद सभी शर्तें पूरी की थीं। वहीं, अमेरिकी इमिग्रेशन कानूनों से जुड़े वकीलों का कहना है कि पहले ऐसे मामूली अपराधों पर वीसा रद्द नहीं होता था। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे तुरंत कानूनी सलाह लें, ताकि वीजा कैंसिल होने को रोका जा सके।

# 2032 तक भारत विश्व का छठा बड़ा बीमा बाजार होगा: सीतारमण

**लंदन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत को विदेशी बैंकों के लिए एक आकर्षक विकास अवसर प्रदान करने वाला बताते हुए बुधवार को यहां कहा कि सरकार बैंकिग क्षेत्र में विदेशी निवेश को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है तथा भारत 2032 तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार है। श्रीमती सीतारमण ने यहां विभिन्न पेंशन फंड, बीमा कंपनियों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 60 ब्रिटिश निवेशकों के साथ भारत-यूके निवेशक गोलमेज चर्चा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के विस्तार और मजबूत और स्थिर नीतिगत माहौल के साथ भारत 2032 तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार है, जिसमें 2024-2028 तक 7.1 प्रतिशत वार्षिकी वृद्धि अपेक्षित होगी जो जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ते बीमा बाजारों में से एक। वित्त मंत्री ने नीतिगत समर्थन के साथ सतत आर्थिक विकास और निवेश अवसरों को सक्षम करने के लिए भारत सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया, जो न्यू इंडिया को आकार दे रहा है, और अनुपालन बोझ को कम करने और व्यवसाय और निवेश के लिए सक्षम वातावरण की सुविधा के लिए विनियमन को आसान बनाने के लिए प्रक्रिया और शासन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत विदेशी बैंकों के लिए एक आकर्षक विकास अवसर प्रदान करता है और भारत सरकार बैंकिग क्षेत्र में विदेशी निवेश को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है। मध्यम वर्ग के विस्तार और मजबूत और स्थिर नीतिगत माहौल के साथ, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत 2032 तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार है, जिसमें 2024-2028 तक 7.1 प्रतिशत वार्षिकी वृद्धि अपेक्षित होगी जो जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ते बीमा बाजारों में से एक। वित्त मंत्री ने निवेशकों को बताया कि भारतीय प्रतिभूति बाजार 2023 की शुरुआत में टी प्लस 1 निपटान को पूरी तरह से अपनाने वाले पहले प्रमुख बाजारों में से एक है, और भारत का बाजार पूंजीकरण 4.6 लाख करोड़ डॉलर है, जो वर्तमान में वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है। उन्होंने भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र गिफ्ट आईएफएससी के बारे में विस्तार से बात की जो काफी कर छूट, कुशल जनशक्ति, विदेशी मुद्रा लेनदेन और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के साथ एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र से संपन्न है। श्रीमती सीतारमण ने निवेशकों को बताया कि मार्च 2025 तक, बैंक, पूंजी बाजार, बीमा, फिनटेक, विमान पट्टे, जहाज पट्टे, बुलियन एक्सचेंज, आदि क्षेत्रों में 800 से अधिक संस्थाएं आईएफएससी ए के साथ पंजीकृत हो चुकी हैं। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को इसके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में रेखांकित करते हुए, 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 11.74 प्रतिशत (402 अरब डॉलर) होने का अनुमान लगाते हुए, वित्त मंत्री ने प्रतिभागियों को बताया कि घरेलू यूनिकॉर्न की संख्या के मामले में भारत विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि भारत अग्रणी फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र का घर है, जो एक बड़ी तकनीक-प्रेमी आबादी, सहायक सरकारी नीतियों और अभिनव स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा संचालित है।

**7.1 %** वार्षिकी वृद्धि अपेक्षित होगी वर्ष 2024-28 तक

पिछले 5 वर्षों में इस क्षेत्र में तेजी से उछाल देखा गया है, जैसा कि वैश्विक औसत 64 प्रतिशत के मुकाबले 87 प्रतिशत अपनाने की दर और वैश्विक फिनटेक फंडिंग के 15 प्रतिशत हिस्से से स्पष्ट है। निवेशकों ने श्रीमती सीतारमण के साथ सरकार द्वारा अपनाए गए सुधारों पर अपने विचार साझा किए और मौजूदा नीति ढांचे पर प्रतिक्रिया और अवलोकन दिए। उन्होंने ब्रिटेन और भारत के बीच गहन और व्यापक निवेश सहयोग के लिए अपनी गहरी रुचि और प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की।









## यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में छह की मौत

**सना।** यमन में मंगलवार को अमेरिकी हवाई हमलों में छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। उसने बताया कि होदेइदाह के रेड सी पोर्ट शहर में अमेरिकी हवाई हमलों में छह लोग मारे गए और 13 लोग घायल हो गए। हमले में शहर के अमिन मुकबिल जिले के एक आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया गया। वहीं, धामर प्रांत में एक फार्म पर हमले में दो अन्य लोग घायल हुए। हवाई हमलों ने पश्चिम-मध्य अम्रान प्रांत और मध्य इब्ब प्रांत में संचार सुविधाओं को नष्ट कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, नागरिक सुरक्षा दल लक्षित सुविधाओं में लगी आग को बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका ने मंगलवार को यमन में हूती बलों के ठिकानों के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को तेज कर दिया, जिसमें कुल 50 हवाई हमले किए गए। अमेरिकी सेना ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। उसने पहले कहा था कि जब तक हूती जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले नही बंद करते, वह रोजाना हवाई हमले करता रहेगा। हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उनके हमलों का उद्देश्य अमेरिका समर्थित इजरायल पर गाजा पट्टी पर हवाई हमले बंद करने और एन्क्लेव में मानवीय सहायता की अनुमति देने के लिए दबाव डालना है।

## प्रवासियों से मजबूत संबंध व उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध भारत: मूर्मू

**लिस्बन/ नई दिल्ली।** पुर्तगाल की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत अपने प्रवासियों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने तथा उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में अपने संबोधन में यह बात कही। प्रवासी भारतीय दिवस भारत सरकार के कैलेंडर में एक प्रमुख और उच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। सरकार ने प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए संकट के समय सहयोग के लिए कई पहलें की हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मिशन विदेश में हर भारतीय की सहायता करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि आप चाहे कही भी हों, आपकी मातृभूमि हमेशा आपके साथ है। मैं अपनी जड़ों से जुड़े रहने, पुर्तगाल में भारतीय संस्कृति को जीवित रखने भारत के प्रति अपने स्नेह, और भारतीय ध्वज को ऊंचा फहराए रखने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल के साथ भारत के ऐतिहासिक और घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। द्विपक्षीय संबंध समय के साथ और भी प्रयास हो रहे हैं। दोनों देश कई क्षेत्रों, जैसे व्यापार एवं वाणिज्य, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, प्रवास और संस्कृति, में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि पुर्तगाल में लघु लेकिन अत्यंत सार्थक प्रवास के दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को महसूस किया, जो भारतीय कला, संस्कृति एवं खान-पान, योग एवं आयुर्वेद की लोकप्रियता में देखे जा सकते हैं। मैंने यह भी देखा कि लिस्बन की कई सड़कों के नाम भारत से संबंधित हैं, मुझे गांधीजी व कस्तूरबा जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। पुर्तगाल में भारतीय समुदाय राजनीति से लेकर व्यवसाय तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर साहित्य एवं पत्रकारिता तक और मानव कार्यों से जुड़े अन्य सभी क्षेत्रों में मौजूद है।